फाल्गुन कृष्ण पक्ष, तृतीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 27 फरवरी 2024
वर्ष -34, अंक -33, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

आकाशगंगा में तरंग के साथ तैरे तारों के बादल 16

फिल्म 'बोले चूड़ियां बोले कंगना' का ट्रेलर रिलीज 15

बैजबॉल धराशायी, भारत ने सीरीज कब्जाई

3-1 से आगे है भारतीय टीम अंतिम टेस्ट 7 मार्च से

17 वीं शृंखला लगातार मेजबान के तौर पर भारत ने जीती

रांची। टेस्ट में बैजबॉल से प्रहार करने वाली इंग्लैंड की टीम को भारत ने अपने घर में एक बार फिर धूल चटाई है। भारतीय टीम में युवा खिलाड़ियों को लेकर कप्तान रोहित शर्मा ने यह भ्रम भी तोड़ दिया कि अनुभव ही सर्वोपरि है। पांच मैचों की शृंखला में भारत ने इंग्लैंड को 3-1 से हराकर सीरीज अपने कब्जे में ली। भारतीय टीम की अपनी सरजमीं पर लगातार 17वीं शृंखला जीती हैं। भारत ने 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 40 रन से आगे खेलना शुरू किया। यशस्वी जायसवाल और कप्तान रोहित शर्मा ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। उसके बाद शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने 72 रन की साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। अब शृंखला का अंतिम मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कानपुर के डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह के एम्यूनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का किया उद्घाटन

यूपी अब देश के विकास में 'ब्रेक थ्रू', रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में जुटा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को साढ़ स्थित डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह के एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन करते हुए कहा कि आज यूपी, देश के डेवलपमेंट में ब्रेकर नहीं बल्कि ब्रेक थ्रू का काम कर रहा है। यहां स्थापित डिफेंस कॉरिडोर के सभी छह नोड्स भारत को रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में जुट गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2018 में जब पहली इन्वेस्टर्स समिट हुई थी, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में दो डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर की घोषणा की थी। यूपी में अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट में डिफेंस कॉरिडोर के छह नोड्स बन रहे हैं। आज कानपुर में अडाणी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीस ने काम शुरू कर दिया है। समारोह में सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय भी मौजूद रहे। अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड के सीईओ करण अडाणी ने स्वागत किया। यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, राकेश सचान आदि मौजूद थे।

अडाणी एम्युनेशन कांप्लेक्स का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में सेनाध्यक्ष मनोज पांडेय, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, अडाणी ग्रुप के सीईओ आशीष राजवंशी। ● अमृत विचार

- 500 एकड़ में बना दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा आयुध कॉम्प्लेक्स

चार हजार प्रत्यक्ष, 20 हजार परोक्ष रोजगार

अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी करण अडाणी ने बताया कि 15 महीने में पांच हजार एकड़ में दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स तैयार हुआ है। इसकी क्षमता प्रतिवर्ष 150 मिलियन राउंड एम्युनेशन उत्पादन की है। यहां रायफल, लाइट मशीन गन (एलएमजी), एके-47 और कार्बाइन की गोलियां बनेंगी। अगले चरण में आर्टिलरी गन, गोला-बारूद, तोपें, हैंड ग्रेनेड निर्मित किए जाएंगे।

आईआईटी कानपुर, बीएचयू सेंटर फॉर एक्सीलेंस

मुख्यमंत्री ने बताया कि डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग कॉरिडोर के लिए आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू को सेंटर फॉर एक्सीलेंस नामित किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने भी इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में साझेदारी दिखाई है। उद्देश्य है कि भारत डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर बनने के साथ दुनिया की जरूरत की पूर्ति करे।

एक नजर

पेटीएम बैंक के चेयरमैन पद से हटे विजय शेखर

नई दिल्ली। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) के अंशकालिक गैर-कार्यकारी चेयरमैन पद से विजय शेखर शर्मा ने इस्तीफा दे दिया है। बैंक ने निदेशक मंडल को पुनर्गठित किया है। बता दें कि भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. को 15 मार्च के बाद ग्राहकों से कोई भी नई जमा राशि या टॉप अप स्वीकार करने से रोक दिया है। बैंक ने सोमवार को कहा कि श्रीनिवासन श्रीधर, देबेंद्रनाथ सारंगी, अशोक गर्ग और रजनी सेखरी सिब्बल की नियुक्ति के साथ निदेशक मंडल का पुनर्गठन किया है।

कठुआ स्टेशन मास्टर सहित छह निलंबित

चंडीगढ़। जम्मू के कठुआ से रविवार को एक चालक रहित 53 वैगन वाली मालगाड़ी चलने के मामले में फिरोजपुर के डीआरएम संजय साहू ने उच्चस्तरीय की जांच के आदेश के बाद कठुआ स्टेशन के छह अधिकारियों को निलंबित कर दिया। इनमें स्टेशन अधीक्षक, लोको पायलट, सहायक पायलट, प्वाइंट्समैन और टीआरआई शामिल हैं। साहू ने कहा कि जम्मू से पंजाब के लिए चिप पत्थर लेकर जा रही मालगाड़ी लोको पायलट बदलने के लिए कठुआ में रुकी थी।

ट्रू-कॉलर की एआई-कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा शुरू

नई दिल्ली। कॉल करने वाले की पहचान से संबंधित एप 'ट्रूकॉलर' ने सोमवार को भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) से संचालित कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा शुरू करने की घोषणा की। इस सुविधा में कॉल का सारांश एवं ब्योरा भी मिलेगा। कंपनी ने कहा कि एआई-आधारित कॉल रिकॉर्डिंग सुविधा के लिए शुल्क लगेगा और यह प्रीमियम सदस्यता के साथ उपलब्ध होगी। यह एंड्रॉयड और आईओएस दोनों ऑपरेटिंग प्रणालियों वाले मोबाइल फोन पर काम करेगी। इस सुविधा के तहत उपयोगकर्ताओं को सीधे ट्रूकॉलर ऐप के भीतर इनकमिंग और आउटगोइंग कॉल रिकॉर्ड करने की क्षमता होगी।

नया भारत बड़े सपने देखता है और उसे दिन रात एक कर पूरा भी करता है : मोदी

प्रधानमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से किया दो हजार से अधिक रेल प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण-शिलान्यास

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि रेलवे के कायाकल्प अभियान शुरू हो चुका है और उनके तीसरे कार्यकाल में रेलवे के विकास का स्केल एवं स्पीड अभूतपूर्व होगी। मोदी ने सोमवार को वीडियो लिंक के माध्यम से 41 हजार करोड़ रुपये से अधिक की दो हजार से ज्यादा रेल परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज भारत जो करता है, अभूतपूर्व स्पीड (रफ्तार), अभूतपूर्व स्केल (कौशल) से करता है। आज के भारत ने छोटे-छोटे सपने देखना छोड़ दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए दिन रात एक कर देते हैं। यही संकल्प इस विकसित भारत-विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिख रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एक साथ रेलवे से जुड़ी 2000 से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। अभी तो इस सरकार के तीसरे टर्म की शुरुआत जून महीने से होने वाली है। अभी से जिस स्केल पर काम होना शुरू हो गया है, जिस स्पीड पर काम होना शुरू हो गया है, वो सबको हैरत में डालने वाला है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले मैंने जम्मू से एक साथ आईआईटी-आईआईएम जैसे दर्जनों बड़े शिक्षा संस्थानों का लोकार्पण किया। कल ही मैंने राजकोट से एक साथ पांच एम्स और अनेक मेडिकल संस्थानों का लोकार्पण किया। अब आज का ये कार्यक्रम है, आज 27 राज्यों के, करीब 300 से अधिक जिलों में साढ़े 500 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास हुआ है।

उत्तर प्रदेश के जिस गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का लोकार्पण हुआ है, वो वाकई कमाल का दिखता है। इसके अलावा 1500 से ज्यादा रोड ओवरब्रिज, अंडरपास की परियोजनाएं भी शामिल हैं। 40 हज़ार करोड़ रुपये की ये परियोजनाएं एक साथ जमीन पर उतर रही हैं। कुछ महीने पहले ही हमने अमृत भारत स्टेशन योजना की शुरुआत की थी। तब भी 500 से अधिक स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर काम शुरु हुआ था। अब ये कार्यक्रम इसे और आगे बढ़ा रहा है। ये दिखाता है कि भारत की प्रगति की रेल किस गति से आगे बढ़ रही है।

● बोले-रेल परियोजनाओं की अभूतपूर्व रफ्तार और कौशल हैरत में डालने वाली

उप्र को मिले 74 स्टेशन, 267 आरओबी व अंडरपास

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वर्चुअल माध्यम से उत्तर प्रदेश के भी 74 रेलवे स्टेशन और 267 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) व अंडरपास का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इनमें वे परियोजनाएं शामिल हैं जिनका पुनर्विकास एवं निर्माण किया गया है। उप्र. में जिन 74 स्टेशनों का पुनर्विकास किया गया उनमें मेरठ नगर जं., मऊ जं., मानिकपुर जं., श्रीकृष्णा नगर, ऊंचाहार जं., मानकनगर, चुनार जं., गढ़मुक्तेश्वर, गोंडा जं., जौनपुर सिटी, ललितपुर जं, मल्हार, चित्रकूट धाम कर्वी, खुर्जा जं., लखीमपुर, कानपुर अनवरगंज, भटनी, हैदरगढ़, मैलानी जं., अकबरपुर ज., मिर्जापुर, गोविंदपुरी, भरतकुंड, सलेमपुर ज., महोबा जं., पीलीभीत जं., कन्नौज, स्वामी नारायन छपिया, सोनभद्र, लम्भुआ, मड़ियाहूँ, ईदगाह आगरा जं., तुलसीपुर, शिकोहाबाद जं., निहालगढ़, आंवला, आनंद नगर जं., बाबतपुर, लखनऊ सिटी, बरेली सिटी, पुखरायां, मोहनलालगंज, गोमती नगर, कानपुर पुल बाया, खोरासन रोड, बांदा, बढ़नी, बालामऊ जं., शिवपुर, गौरीगंज, सिद्धार्थनगर, व्यासनगर, किनारा, डालीगंज, कप्तानगंज जं., स्योहारा, बलरामपुर, फिरोजाबाद, उरई, लालगंज, खलीलाबाद, रामघाट हॉल्ट, गुरसहायगंज, गाजीपुर सिटी, फाफामऊ जं., मुजफ्फरनगर, बेल्थरा रोड, बुलन्दशहर, लोहता, राजा की मंडी, चिलबिला, कुंडा हरनामगंज, बादशाहपुर, तकिया और मैनपुरी जं. हैं। उधर, प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वर्चुअली जुड़े। उन्होंने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में नए भारत की प्रगति की रेल तीव्र गति से गतिमान है। उन्होंने लिखा, आमजन के जीवन को सुगम बनाती इन सौगातों के लिए हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी!।

● भारत की प्रगति की रेल तीव्र गति से गतिमान : योगी

ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में पूजा करने पर रोक नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद समिति की अपील खारिज करते हुए जिला जज के आदेशानुसार व्यास तहखाना (ज्ञानवापी मस्जिद का दक्षिणी तहखाना) में पूजा जारी रखने की अनुमति दे दी है। मालूम हो कि दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने 11 दिन पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था। अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति (वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंधक) ने 1 फरवरी को हाईकोर्ट के समक्ष वाराणसी के जिला जज के 31 जनवरी के आदेश को चुनौती देते हुए अपील दाखिल की थी, जिसमें ज्ञानवापी मस्जिद स्थित तलघर में हिंदू पक्ष को पूजा करने की अनुमति दी गई थी। इसके तुरंत बाद सुप्रीम कोर्ट ने व्यास जी का तहखाना में पूजा की अनुमति देने वाले आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार किया था।

दरअसल, मस्जिद समिति का मानना है कि व्यास तहखाना मस्जिद परिसर का हिस्सा होने के कारण उनके कब्जे में है और व्यास परिवार या किसी अन्य को तहखाने के अंदर पूजा-पाठ करने का कोई अधिकार नहीं है। समिति का यह भी तर्क था कि वर्ष 1993 के बाद से तहखाने में कोई पूजा नहीं हुई, इसलिए अगर 30 वर्षों के बाद न्यायालय रिसीवर नियुक्त कर रहा है और यथास्थिति बदल रहा है तो इस फैसले के पीछे कोई ठोस कारण होना चाहिए। यह भी प्रस्तुत किया गया कि व्यास तहखाना कभी भी हिंदू वादी के कब्जे में नहीं था और कब्जे के बारे में सवाल केवल मुद्दों के तैयार होने के बाद ही तय किया जा सकता है। दूसरी ओर हिंदू पक्षकारों का लगातार यह तर्क था कि तहखाने के अंदर पूजा-पाठ कभी नहीं रुका और यह वर्ष 1993 के बाद भी जारी रहा, जब सीआरपीएफ ने इसे अपने कब्जे में ले लिया था।

- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की आपत्ति की खारिज
- जिला जज वाराणसी कोर्ट ने 31 जनवरी को दी थी अनुमति

मतदान आज, भाजपा का साथ देंगे राजा भैया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

राज्यसभा चुनाव

- जनसत्ता दल के दो विधायकों का साथ लेने की सपा की मुहिम को झटका

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की दस सीट के लिए होने वाले चुनाव में जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के मुखिया रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया और उनकी पार्टी के विधायक विनोद सोनकर भाजपा के उम्मीदवार को वोट देंगे। राजा भैया के इस फैसले से समाजवादी पार्टी की उम्मीद खत्म हो गई है। अब राज्यसभा के लिए मंगलवार को होने वाला चुनाव राजनीतिक उठापटक और दांवपेच वाला होगा। इस बीच एक-एक वोट का महत्व समझाकर सोमवार को भाजपा और सपा ने अपने-अपने विधायकों को मतदान का प्रशिक्षण दिया।

उप्र. में राज्यसभा की दस सीटों के लिए 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। आठ प्रत्याशी भाजपा ने खड़े किए हैं, जबकि तीन प्रत्याशी सपा से हैं। सपा के तीनों उम्मीदवारों को जीतने के लिए कुल 111 वोट की जरूरत है। सपा के पास अपने विधायक 108 ही हैं।

अगर कोर्ट आदेश देगी तो ईडी के समक्ष पेश होउंगा

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति संबंधी कथित घोटाले से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए। केजरीवाल ने कहा कि अगर अदालत इस संबंध में आदेश देगी तो वह ईडी के समक्ष पेश होंगे। यह सातवीं बार है, जब केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय के समन पर एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए। प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले हफ्ते मुख्यमंत्री को सातवां समन जारी कर उन्हें पूछताछ के लिए एजेंसी के सामने पेश होने को कहा था। आम आदमी पार्टी (आप) के कई नेताओं के साथ पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के एक साल पूरा होने पर सोमवार को राजघाट पहुंचे मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आरोप लगाया कि ये समन उन्हें विपक्षी गठबंधन इंडिया छोड़ने के लिए दबाव डालने का एक औजार है।

● ईडी के 7वें समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

नहीं रहे प्रसिद्ध गजल गायक पंकज उधास

मुंबई, एजेंसी

- लंबी बीमारी के बाद 72 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस

दिल की रगों को चीरते दर्द, इश्क में डूबी उदास शामों और मुहब्बत की रूबाइयों को अपनी मखमली, लरजती आवाज का सहारा देने वाले मशहर गजल गायक पंकज उधास (72) सोमवार को अपने लाखों चाहने वालों को छोड़कर चले गए। चांदी जैसा रंग है तेरा, इक तरफ उसका घर, चिट्ठी आई है, आहिस्ता कीजिए बातें और जीएं तो जीएं कैसे जैसे लोकप्रिय फिल्मी गीतों तथा मशहूर गजलों से अपने चाहने वालों के दिलों में उतरने वाले पंकज उधास का सोमवार को यहां निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। यह जानकारी उनकी बेटी नयाब ने दी।

पंकज उधास ने ब्रीच कैंडी अस्पताल में पूर्वाह्न 11 बजे अंतिम सांस ली। उधास ने दयावान, नाम, साजन और मोहरा सहित कई हिंदी फिल्मों में पार्श्व गायक के रूप में भी अपनी पहचान बनाई थी। पंकज उधास का अंतिम संस्कार मंगलवार को होगा। उनके परिवार में पत्नी फरीदा और बेटियां रेवा तथा नयाब हैं।

सीआईएससीई 12वीं रसायन विज्ञान की बोर्ड परीक्षा स्थगित

नई दिल्ली। भारतीय विद्यालयीय प्रमाणपत्र परीक्षा परिषद (सीआईएससीई) ने सोमवार को अप्रत्याशित परिस्थितियों का हवाला देते हुए 12वीं कक्षा की रसायन विज्ञान की बोर्ड परीक्षा 21 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। सीआईएससीई की उप सचिव संगीता भाटिया ने स्कूल प्राचार्यों को भेजे एक पत्र में कहा कि सोमवार, 26 फरवरी 2024 को होने वाली आईएससी वर्ष 2024 रसायन विज्ञान पेपर 1 (थ्योरी) परीक्षा को अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण स्थगित कर दिया गया है। यह परीक्षा गुरुवार, 21 मार्च, दोपहर दो बजे पुनर्निर्धारित की गई है। परीक्षा स्थगित करने के सटीक कारणों के बारे में पूछे गए सवालों पर बोर्ड की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। लेकिन सीआईएससीई से जुड़े कुछ सूत्रों ने दावा किया कि परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्न-पत्र कथित तौर पर सोशल मीडिया पर लीक हो गया था। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सीआईएससीई बोर्ड परीक्षाएं 12 फरवरी को शुरू हुई थीं।

- अब 21 मार्च को दोपहर दो बजे होगी आयोजित

किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च, टोल पर प्रदर्शन

होशियारपुर/सिरसा, एजेंसी

- सड़क किनारे ट्रैक्टर खड़े करके जताया डब्ल्यूटीओ का विरोध

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के बैनर तले किसानों ने सोमवार को 'डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) छोड़ो दिवस' मनाया, ट्रैक्टर मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। डब्ल्यूटीओ का पुतला भी फूंका। जालंधर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जिले भर में कई स्थानों पर सड़क के किनारे अपने ट्रैक्टर खड़े करके विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का उद्देश्य केंद्र सरकार पर अपनी मांगों को स्वीकार करने के लिए दबाव डालना था, जिसमें उनकी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी, ऋण माफी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करना, किसानों और मजदूरों के लिए पेंशन और अन्य मांगों को वापस लेना शामिल था।

हरियाणा के सिरसा में किसानों ने जिलेभर में शांतिपूर्वक तरीके से ट्रैक्टर परेड मार्च किया और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या -नौ पर खैरेकां गांव के पास लगे नाके पर डब्ल्यूटीओ के पुतले फूंके। भाकियू के आह्वान पर उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाला जिससे प्रमुख सड़कों पर यातायात बाधित हो गया।

सेना में चयनित दो लाख युवाओं से अन्याय : खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से आग्रह किया कि वह उन करीब दो लाख नौजवानों के लिए न्याय सुनिश्चित करें, जिन्हें सेना की नियमित भर्ती में चयन होने के बावजूद सेवा में शामिल नहीं किया गया। दावा किया कि सरकार द्वारा भर्ती रोककर अग्निपथ योजना लाई गई, जिससे युवाओं को पीड़ा झेलनी पड़ रही है। कहा कि मैं आपको भारतीय सशस्त्र बलों के सर्वोच्च अधिकारी के रूप में महत्वपूर्ण मुद्दे पर लिख रहा हूं।

इनसे सीखें यूपी में पहले स्वच्छता मिशन में गांव को बनाया अग्रणी, फिर परिवारों को दिए रोजगार के अवसर

कूड़े से पैदा किए रोजगार के अवसर, बने ब्रॉड एम्बेसडर

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में जहां एक तरफ कूड़े के ढेर के निस्तारण को लेकर लंबे-चौड़े बजट का सहारा लिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर इस तामझाम से दूर एक युवक ने ऐसा कुछ कर दिखाया कि वो प्रदेश ही नहीं देश के लिए भी नजीर बन गया। दरअसल, इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके मेरठ के मोहिद्दीनपुर निवासी ने लोगों को जागरूक कर गांव से निकले कूड़े-कचरे से बिजली तैयार कराई, फिर इसे बेचकर गांव की सूरत बदल दी। हाल-फिलहाल लघु उद्यम के सहारे गांव वालों को रोजगार मिले हैं। स्वच्छता मिशन की इस अलख को कई प्रदेशों में सम्मान भी मिल चुका है।

मेरठ निवासी विजय नामदेव बताते हैं कि वो कई साल पहले इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर गांव मोहिद्दीनपुर लौटे तो देखा, समस्या रोजगार और कूड़े के निस्तारण को लेकर थी। ऐसे में उन्होंने लोगों को जागरूक किया, फिर युवाओं की एक टीम तैयार की। सूखे और गीले कूड़े को अलग कर बेचा और निजी कंपनी की मदद से बिजली तैयार कराई, ऐसे में कई गांव रोशन हुए। बताते हैं कि गांव की स्वच्छता को प्रदेश में मुख्यमंत्री प्रोत्साहन सम्मान के अलावा स्वच्छता ग्रामीण सम्मान भी मिल चुका है। पंजाब के मोहाली में हुए राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में उद्यमता को भी पुरस्कृत किया जा चुका है।

लखनऊ में हुए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में गांव के मॉडल की जानकारी देते विजय नामदेव।

मोहिद्दीनपुर गांव के बच्चों ने प्रधानमंत्री से की मन की बात

मोहिद्दीनपुर गांव को मॉडल बनने में कई हाथ जुड़े हैं। विकास यहीं पर खत्म नहीं हुआ। विजय ने स्मार्टक्लास (आधार शिला) के सहारे बच्चों को प्रशिक्षित कराया। ऐसे में विद्यालय के छात्रों ने जब बुलेट ट्रेन और रोबोट तैयार किए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मन की बात के सहारे बच्चों से बात किए बिना नहीं रह सके।

गांव के बजट से युवाओं को मिला रोजगार

विजय बताते हैं कि ग्राम प्रधान विमला देवी की मदद से सफाई के नाम पर घरों से दो रुपया और दुकानदारों से पांच रुपया वसूल किया गया। कूड़े से बेचे गए रुपयों के सहारे चंद माह में करीब पांच लाख का राजस्व इकट्ठा हुआ। इससे बेरोजगार पुरुषों और महिलाओं को रोजगार देने में मदद मिली।

एक नजर

जान-बूझकर पेपर लीक कराती है सरकार: अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ: समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को जारी एक बयान में आरोप लगाया कि सरकार जान-बूझकर पेपर लीक कराती है। उन्होंने सवाल उठाया कि, पेपर छपाई से लेकर वितरण और परीक्षा कराने तक में सरकार के लोग शामिल रहते हैं तो पेपर लीक कैसे हो जाता है?, उन्होंने कहा है कि सरकार नौजवानों को नौकरी नहीं देना चाहती है।

यूपी आखिर कब पेपर लीक मुक्त प्रदेश होगा: मायावती

अमृत विचार, लखनऊ: बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक प्रकरण पर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश आखिर कब पेपर लीक मुक्त होगा। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होने से सम्बन्धित परीक्षा का रद्द होना अति-गंभीर व चिन्तनीय है।

अभ्यर्थियों का प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से मिला

अमृत विचार, लखनऊ: बीटीसी, डीएलएड, टीईटी व सीटीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से मिला और अपनी समस्याएं बताईं। प्रतिनिधि मंडल में डीएलएड संयुक्त प्रशिक्षित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रजत सिंह, संयुक्त मोर्चा संघ के अध्यक्ष राहुल यादव, ज्ञानेंद्र वर्मा, लवकुश मौर्य, आलोक पांडेय आदि शामिल रहे।

29 को आ सकती है निर्वाचन आयोग की टीम

अमृत विचार, लखनऊ: भारत निर्वाचन आयोग की टीम के 29 फरवरी को राजधानी में पहुंचने की संभावना है। टीम लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेगी। साथ ही, राजनीतिक दलों व अफसरों के साथ अलग-अलग बैठक करेगी।

गोमती नगर रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने का सपना हुआ साकार : राजनाथ

लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए रक्षा मंत्री, बोले- इसके लिए करनी पड़ी काफी मेहनत

▸▸ **अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 स्टेशनों का हो रहा पुनर्विकास**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

गोमती नगर रेलवे स्टेशन पर विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार: गोमती नगर रेलवे स्टेशन के लोकार्पण अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री देश की बहुत सारी रेल परियोजनाओं का उद्घाटन कर रहे हैं। मुझे जो जानकारी दी गई है, उसके अनुसार उत्तर प्रदेश में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भारतीय रेल के 554 स्टेशनों के पुनर्विकास और 1500 रोड ओवर ब्रिज, अंडरपास का शिलान्यास, उद्घाटन कर राष्ट्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को समर्पित कर रहे हैं। इनकी लागत 41 हजार करोड़ रुपए है। उन्होंने कहा कि पहले तो मैं दिल्ली से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गोमती नगर रेलवे स्टेशन के कार्यक्रम में जुड़ना चाहता था लेकिन यह मेरा प्रोजेक्ट था, इसलिए मैं खुद को यहां आने से रोक नहीं सका। इस स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने का सपना आज पूरा हुआ।

रक्षामंत्री ने बताया कि एयरपोर्ट की तरह गोमतीनगर रेलवे स्टेशन को बनाने के पीछे काफी मेहनत की गई। उन्होंने बताया कि तत्कालीन रेल मंत्री सदानंद गौड़ा रेलवे बजट पर स्पीच दे रहे थे। उन्होंने कुछ रेलवे स्टेशनों की चर्चा की, जिन्हें विश्व स्तरीय बनाया जाना था। इसमें लखनऊ का नाम नहीं था। उसी समय मैंने रेल मंत्री को नाम लिख कर दिया और इसकी घोषणा करने को कहा। उन्होंने बजट स्पीच देते समय गोमतीनगर रेलवे स्टेशन को भी विश्व स्तरीय बनाने की घोषणा की। इस स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने में लंबा समय लगा है बीच में कुछ परेशानियां भी हुई।

रक्षा मंत्री ने रेलवे के सभी अधिकारियों को इसके लिए बधाई दी। इंजीनियरों को भी शुभकामनाएं दी। उन्होंने मजदूरों को भी धन्यवाद दिया जिनके खून पसीने की मेहनत से ही गोमती नगर रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य पूरा हुआ। कार्यक्रम में मंच पर राज्यसभा सांसद बृजलाल, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, दारा सिंह चौहान, महापौर सुषमा खर्कवाल, दिवाकर त्रिपाठी, राघवेंद्र शुक्ला, मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर सुधीर सिंह और रेलवे के अधिकारी मौजूद रहे।

दो फ्लाई ओवर का तेजी से चल रहा निर्माण कार्य

उन्होंने कहा कि लखनऊ में दो फ्लाईओवर पर काम चल रहा है। आठ से नौ फ्लाईओवर और नए हैं, जिन पर काम शुरू होना है। रिंग रोड का भी निरीक्षण मैंने किया है। उसका काम भी तेजी से किया जा रहा है। आगामी तीन-चार दिनों के अंदर उसका काम पूरा हो जाएगा।

देश की सुरक्षा के लिए मिसाइल का निर्माण जरूरी

रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं यह भी बताना चाहूंगा कि अब लखनऊ की धरती पर ब्रह्मोस मिसाइल बन रही है। दूसरे सप्ताह में इसका भी लोकार्पण जरूर हो जाएगा। मैं नहीं चाहता हूं कि दुश्मनों पर कभी मिसाइल चलाने की जरूरत पड़े, लेकिन देश की सुरक्षा के लिए यह जरूरी है इसलिए इसका निर्माण लखनऊ में शुरू हुआ है। पूरा काम होने में साल 2026 तक का समय है लेकिन इसका लोकार्पण मार्च के दूसरे सप्ताह में हो जाएगा।

होमगार्ड ड्यूटी घोटाले के आरोपी की जांच सुस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **विभाग बीओ की बर्खास्तगी की तैयारी में और जांच अभी तक नहीं पहुंची किसी नतीजे पर**

अमृत विचार: होमगार्ड जवानों की दोहरी ड्यूटी लगाकर चार करोड़ से अधिक के घोटाले की जांच पर कमिश्नरेट पुलिस कुंडली मारकर बैठ गई है। तकरीबन आठ माह होने को हैं और कमिश्नरेट पुलिस की जांच किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है, जबकि होमगार्ड विभाग मुख्य आरोपी बीओ एवं अन्य की बर्खास्तगी की तैयारी में बैठी है। इसके चलते विभाग के आला अफसरान दबी जुबान यह मानने लगे हैं कि कमिश्नरेट पुलिस ब्लाक आर्गनाइजर व अन्य को बचाने के चक्कर में जांच को लटकाए हुए है।

मुख्य सचिव के आफिस-आवास व अन्य सरकारी संस्थानों में लगे होमगार्ड जवानों को ड्यूटी से हटाकर दूसरे स्थानों पर ड्यूटी कराए जाने का मामला जून, 2023 में सामने आया था। डीजी होमगार्ड ने मामले की जांच कराई तो भ्रष्टाचार के सबूत मिले थे। इसके बाद पूर्वी परिक्षेत्र के डीआईजी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की गई। इस समिति ने मई 2003 से 2017 के बीच की लगाई गई ड्यूटी की जांच की तो तकरीबन साढ़े चार करोड़ रुपए के घोटाला किए जाने का मामला सामने आया।

इस मामले में गोमतीनगर विस्तार थाने में ब्लाक आर्गेनाइजर (बीओ) सुरेश सिंह और अन्य के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई गई। डीजी होमगार्ड ने लखनऊ के पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर इस मामले में सभी आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने की भी सिफारिश कर रखी है, जिससे अपराध से कमाई गई संपत्ति को जब्त कराया जा सके।

होमगार्ड विभाग के बड़े अफसरों का कहना है कि बीओ के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं। ऐसे में विभाग उसकी बर्खास्गी की तैयारी कर चुका है, लेकिन कमिश्नरेट पुलिस की ओर से अभी तक जांच पूरी नहीं की जा सकी है।

13 रेलवे क्रॉसिंगों पर बनेंगे अंडरपास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गोमतीनगर रेलवे स्टेशन के पहले फेज की सौगात दी। साथ ही लखनऊ में रेलवे क्रॉसिंगों पर जाम से निपटने के लिए 13 अंडरपास और दो ओवरब्रिज, डालीगंज और लखनऊ सिटी स्टेशन का भी शिलान्यास व लोकार्पण भी किया। उन्होंने मल्हौर, मानकनगर और मोहनलालगंज रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प, यात्री सुविधाओं, नई ट्रेनों की शुरुआत और ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़ाने जैसी सुविधाओं का लोकार्पण और शिलान्यास वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया।

यहां बनेंगे अडंरपास

लखनऊ-कानपुर की पिपरसंड-लुन्हा क्रॉसिंग, गोंडियाखेड़ा-लुन्हा क्रॉसिंग, सुजानौर गढ़ी चुनौटी क्रॉसिंग, लखनऊ-बाराबंकी रूट की पत्रकारपुरम क्रॉसिंग, लखनऊ-सुलतानपुर रूट की डिबापुर-चौधरी खेड़ा क्रॉसिंग, लखनऊ-कानपुर की कनौर रोड-पिपरसंड क्रॉसिंग, आलमबाग-कनौसी रेलवे क्रॉसिंग, लखनऊ-शुक्लागंज बाईपास, कृष्णानगर-छपराखेड़ा क्रॉसिंग, लताखेड़ा-पंडितखेड़ा क्रॉसिंग, नादरगंज-समदर क्रॉसिंग, अमौसी-खुर्रमपुर क्रॉसिंग, पिपरसंड-गुल्लुखेड़ा क्रॉसिंग। वहीं जगपालखेड़ा क्रासिंग उतरेठिया आलमनगर की पारा क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनेंगे।

गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर 385 करोड़ खर्च: गोमतीनगर रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय यात्री सुविधाओं के मानक पर 385 करोड़ रुपर्य से विकसित किया जा रहा है। यहां पर छह प्लेटफॉर्म बनाए गए हैं। हर प्लेटफॉर्म को कॉर्नकोर्स से जोड़ा गया है।

आठ करोड़ से तैयार हुआ सिटी स्टेशन: लखनऊ सिटी रेलवे स्टेशन पर नई यात्री सुविधाओं के साथ ही पुरानी सुविधाओं को आठ करोड़ से अपग्रेड किया गया है। प्रवेश द्वार सुंदरीकरण, प्लेटफॉर्म अपग्रेडेशन, कोच गाइडेंस सिसूरम, ट्रेन डिस्पले बोर्ड, डिजिटल घड़ियों, उद्घोषणा प्रणाली, सोलर प्लांट, वाटर कूलर, एसी आदि यात्री सुविधाएं शामिल हैं।

सपा के रात्रिभोज में नहीं पहुंचे आठ विधायक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

▸▸ **विधायकों की अनुपस्थिति से सपा को राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की आशंका**

▸▸ **सपा को अपना तीसरा तो भाजपा को आठवां उम्मीदवार जिताने को करना होगा संघर्ष**

अमृत विचार: राज्यसभा में उप्र. की रिक्त सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव से पहले सोमवार की शाम मुख्य विपक्षी दल सपा को शुभ संदेश देने वाली नहीं रही। दरअसल, सपा ने मतदान की पूर्व संध्या पर अपने सभी विधायकों की बैठक बुलाई थी और उनके लिए रात्रिभोज आयोजित किया था। लेकिन उसके आठ विधायक बैठक और डिनर में शामिल नहीं हुए। चायल विधायक पूजा पाल, गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह, गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, अमेठी विधायक महाराजी देवी, काल्पी विधायक विनोद चतुर्वेदी ,अंबेडकरनगर विधायक राकेश पांडेय, और विधायक पल्लवी पटेल सपा की बैठक और डिनर में शामिल नहीं हुए।सपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने अनुपस्थित विधायकों के बारे में अमृत विचार को बताया कि, कुछ ने न आने का व्यक्तिगत कारण बताया लेकिन असलियत कल मतदान में पता चलेगी।

पार्टी की बैठक और डिनर विधायकों की अनुपस्थिति से सपा को राज्यसभा चुनाव में इनके क्रॉस वोटिंग करने का डर सताने लगा है। अगर ऐसा हुआ तो सपा का खेल बिगड़ सकता है। सपा को जहां अपना तीसरा उम्मीदवार जीताने की मुश्किल होगी वहीं, भाजपा अपना आठवों उम्मीदवा जिता ले जाएगी।

विधायकों की गुणा-गणित में उलझी: उत्तर प्रदेश की राज्यसभा में दस रिक्त सीटों के लिए 11 उम्मीदवार मैदान में हैं। सपा के पास अपने विधायक 108 ही हैं। अपने तीनों उम्मीदवारों को जिताने के लिए सपा को 37 प्रति विधायक के हिसाब से 111 विधायकों का समर्थन चाहिए। अब राजा भैया की पार्टी के दो वोट सपा को नहीं मिलेंगे। ऐसे में सवाल बड़ा यह है कि सपा के अपने तीसरे उम्मीदवार को जिताने के लिए क्या जुगत भिड़ाएगी। अखिलेश यादव के सामने न केवल सपा की सहयोगी पार्टी अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल की नाराजगी एक चुनौती है, बल्कि रालोद के भाजपा के साथ खड़े होने जाने से भी वह खुद को कमजोर महसूस कर रही है। हालांकि सपा के विधायक रमाकांत यादव और इरफान सोलंकी जेल में बंद हैं। इन्हें मताधिकार का अवसर मिला तो स्थितियां कुछ और होंगी।

सपा के उम्मीदवार- जया बच्चन, आलोक रंजन, रामजी लाल सुमन

भाजपा के उम्मीदवार- आरपीएन सिंह, अमरपाल मौर्य, चौ. तेजवीर सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, संगीता बलवंत (बिंद), साधना सिंह नवीन जैन और संजय सेठ।

राजा भैया को अपनी ओर करने में आखिरकार सफल हुई भाजपा

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी प्रतापगढ़ के बाहुबली विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को बीते लगभग दस सालों से अपने साथ लाने में जुटी थी। मंगलवार को राज्यसभा के लिए होने जा रहे चुनाव से पहले भाजपा आखिर अपने इस लक्ष्य में सफल हो गई। अब जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के दोनों विधायकों का वोट भाजपा को जाएगा। दरअसल, राजा भैया के दल का गठन होने के पहले भाजपा उन्हें साल 2014 में अपने साथ लाने का प्रयास किया था। तब उन्हें भाजपा के सिंबल पर प्रतापगढ़ से लोकसभा चुनाव का प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन वह नहीं माने, फिर उन्हें साल 2017 में भाजपा के साथ आने का प्रस्ताव दिया गया। तब भी बात नहीं बनी थी।

यहां तक कि, बीते विधानसभा चुनाव के पहले राजा के दल को एनडीए का घटक भी बनाने का प्रयास असफल रहा था। लेकिन इस बार यहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दिल्ली से शीर्ष भाजपा नेताओं ने जो प्रयास किया, उसका प्रभाव हुआ और राजा भैया भाजपा के उम्मीदवार को वोट देने को राजी हो गए।

भाजपा भी कहां से लाएगी और विधायक

अमृत विचार: विधानसभा में भाजपा के विधायकों की संख्या 252 है। सहयोगियों से 34 विधायक और भाजपा के खाते में जुड़ते हैं। इनमें अपना दल के 13, रालोद के 9, निषाद पार्टी और सुभासपा के 6-6 विधायक शामिल हैं। यानि यह संख्या मिलाकर 286 तक ही पहुंचती है। जनसत्ता दल के दो एमएलए जोड़ लें तो संख्या होती है 288 है। अब अगर भाजपा को अपने सभी आठ उम्मीदवार जिताने के लिए 296 विधायकों का साथ चाहिए तो नौ की गणित कैसे सधेगी?। कुल मिलाकर राज्यसभा चुनाव में क्रॉसवोटिंग की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

एनडीए विधायकों ने किया पूर्वाभ्यास

अमृत विचार: भाजपा राज्यसभा चुनाव में अपने आठवें प्रत्याशी की जीत को लेकर आश्वस्त दिख रही है। पार्टी नेताओं का दावा है कि उनके पास सभी आठ प्रत्याशियों की जीत के लिए जरूरी संख्या बल है। एनडीए के सभी विधायकों को सोमवार को दिनभर दो सत्रों में लोकभवन में मतदान का प्रशिक्षण दिया गया। शाम के सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए। योगी ने सभी विधायकों को रात्रि भोज भी दिया। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य व ब्रजेश पाठक के अलावा सहयोगी दलों के नेता शामिल रहे।

इस बार गर्मियों में नहीं होगी बिजली की किल्लत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में इस बार लोगों को बिजली की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा। पावर बैंकिंग समझौते के तहत प्रदेश को 11 राज्यों से बिजली मुहैया होगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि अप्रैल से सितंबर के बीच बिजली की ज्यादा मांग होना संभावित है। बिजली की संभावित मांग की भरपाई के लिए गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तराखंड व केरल से पहली बार पावर बैंकिंग के तहत समझौता हुआ है। इन पांच राज्यों से प्रदेश को 171.4 करोड़ यूनिट बिजली मिलेगी, जबकि पूर्व में हुए समझौते के तहत मध्य प्रदेश, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व कर्नाटक से भी बिजली मिलेगी। इन 11 राज्यों से कुल 458.4 करोड़ यूनिट बिजली मुहैया होगी। अधिकारियों का कहना है कि पिछले साल गर्मी के दिनों में अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट तक पहुंची थी, पर प्रदेश में नये उद्योगों की स्थापना के कारण इस बार 30 हजार मेगावाट से ऊपर पहुंचने की संभावना है। अधिकारियों के अनुसार समझौते के तहत तेलंगाना से 116.9 करोड़ यूनिट, गुजरात 17.7 करोड़ यूनिट, महाराष्ट्र 23.3 करोड़ यूनिट व उत्तराखंड 4.9 करोड़ यूनिट बिजली प्रदेश को मिलेगी, जबकि केरल से 8.6 करोड़ यूनिट बिजली मिलेगी।

पांच आईएएस अधिकारियों का तबादला

अमृत विचार, लखनऊ: राज्य सरकार ने सोमवार को पांच आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। अयोध्या के नगर आयुक्त व अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह को विशेष सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक बनाया गया है। बृज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ व मथुरा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नागेंद्र प्रताप को महानिदेशक आयुष बनाया गया है।विशेष सचिव पर्यटन अश्वनी कुमार पांडेय को अयोध्या विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी संतोष शर्मा को नगर आयुक्त अयोध्या का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शाहजहांपुर के सीडीओ श्याम बहादुर सिंह को मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष व ब्रज तीर्थ विकास परिषद का सीईओ बनाया गया है।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे । दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे,बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

एक नजर

मामूली विवाद में मां व दो बेटियों को पीटा

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली रामसनेहीघाट अंतर्गत सोहिलपुर में खलिहान में रखे कंडे फेंकने के विवाद में साधु राम की पुत्री सुमन और रुचि ने विरोध किया तो पड़ोसी शिवकुमार ने अपनी पत्नी निर्मला अन्य दो लोगों के साथ दोनों बहनों सहित उनकी मां राजरानी को गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडे से पीट दिया। पड़ोसियों ने बीचबचाव कर मामला शांत कराया। मां-बेटी को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

जुआ खेलने के आरोप में सात गिरफ्तार

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : स्थानीय थाना पुलिस ने अधूर्जन पुरवा के पास नहर के बगल से सात व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान अधूर्जन पुरवा गांव निवासी केशवराम, माखनलाल, बैजनाथ, शंकर, उत्तम, सुभाष और हरिनाम निवासी गाजीपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से 1910 रुपये की नकदी व ताश के पत्ते बरामद किये हैं। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

हैदरगढ़ को शटल एक्सप्रेस के ठहराव की सौगात जल्द

पीएम मोदी ने वर्चुअल रूप से किया पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास

हैदरगढ़, बाराबंकी

अमृत विचार : अमृत भारत योजना के तहत पुनर्विकास के लिए चयनित हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर सोमवार को उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रिमोट का बटन दबाकर पूरे देश के साथ-साथ हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन में पुनर्विकास के तहत होने वाले कार्यों का शिलान्यास किया। स्टेशन के नोडल अधिकारी ने आशा जतायी कि हैदरगढ़ को जल्द ही शटल एक्सप्रेस के ठहराव की सौगात मिल सकती है।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सांसद उपेंद्र सिंह रावत के अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, ब्लॉक प्रमुख सिद्धौर आरती रावत, रामदेव सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष हैदरगढ़ आलोक तिवारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह आदि मौजूद रहे। आयोजक उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के अधिकारी व हैदरगढ़ स्टेशन के नोडल ऑफिसर आदित्य गुप्ता ने बताया कि अगस्त 2022 में लखनऊ-बनारस के बीच चलने वाली शटल एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर प्रस्ताव भेजा गया था। हाल ही में रेलवे बोर्ड के उच्च अधिकारियों से वार्ता हो चुकी है। आशा जताई कि शटल एक्सप्रेस के ठहराव की सौगात जल्द ही मिल सकती है। इस मौके पर आयोजित भाषण, निबंध व चित्रकला स्पर्धा में विजयी सेंट जेवियर स्कूल के 9 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। रेलवे अधिकारी जावेद के संचालन में हुए समारोह में एसडीएम अनुराग सिंह, सीओ जेएन अस्थाना, आनंद मिश्रा, एसके सिंह, स्टेशन मास्टर जोगेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार ने सांसद उपेंद्र सिंह रावत को ज्ञापन सौंपकर ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुरेश चंद्र, रामचंद्र सिंह, अजय आदि मौजूद रहे।

हैदरगढ़ स्टेशन में कार्यक्रम के दौरान मौजूद सांसद उपेंद्र रावत व अन्य।

गैर इरादतन हत्या के पांच दोषियों को 10-10 वर्ष की सश्रम कैद

बाराबंकी, अमृत विचार : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (कोर्ट -04) ने सोमवार को गैर इरादतन हत्या के पांच दोषियों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने सभी दोषियों को छह-छह हजार रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया। यह मुकदमा पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित किया था।

24 अप्रैल 2016 को मो. रफीक पुत्र बाबू निवासी ममरखापुरवा मजरे सालेपुर थाना बड्डूपुर ने सोनू वर्मा, दिलीप कुमार वर्मा व अंचित कुमार वर्मा वर्मा निवासीगण ममरखापुरवा थाना बड्डूपुर सहित सात लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनवाई के दौरान पांच अभियुक्तों को दोषी पाया। पांचों को दोष सिद्ध करते हुए अदालत ने 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास व छह-छह हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया जबकि प्रदीप वर्मा व अशोक वर्मा को दोषमुक्त कर दिया। यह घटना उधारी के लेन देन को लेकर हुई थी।

प्राथमिकता से करें उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण

उद्योग बंधु की बैठक

- ट्रक टर्मिनल निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर ठेकेदार पर जुर्माना
- समय से पूरा हो जाएगा फायर स्टेशन के अनावासीय भवनों का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन ने सम्बन्धित समस्त विभागीय अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी अधिकारियों से उद्यमियों द्वारा किये गये आवेदन पत्रों पर शीघ्र कार्यवाही करने को निर्देशित किया।

यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी रोड में अवस्थापना सुविधाओं के अंतर्गत यूपीसीडा द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य यथा-फायर स्टेशन के अनावासीय भवनों के निर्माण के संबंधी में कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि कार्य तेजी से चल रहा है, जिसे निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर लिया जाएगा। ट्रक टर्मिनल के निर्माण कार्य की प्रगति धीमी होने के कारण ठेकेदार पर पेनल्टी लगायी गयीई है। सफेदाबाद में सड़क के दोनों ओर जल निकासी की समस्या पर एनएचएआई के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि टेण्डर हो चुका है, इसका निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ करा दिया जाएगा। इसके साथ ही देवा रोड स्थित एफसीआई गोदाम से लेकर रिलायंस फैक्ट्री तक बनी सड़क के दोनों ओर की भूमि नीची होने के कारण दुर्घटनाओं की संभावनाओं के दृष्टिगत दोनों ओर समतल कर दिया गया है। बैठक में एएसपी सीएन सिन्हा, उपायुक्त उद्योग आशुतोष कुमार, एलडीएम विवेक कुमार, सहायक श्रमायुक्त मयंक सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

उद्योग बंधु की बैठक को संबोधित करते मुख्य विकास अधिकारी ए. सुदन।

नोटिस भेजने को चिह्नित करें मामले

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में 9 मार्च होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर सोमवार को समस्त बैंक एवं फाइनेन्स कंपनी के शाखा प्रबन्धकों के साथ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बैठक की। बैठक में सभी बैंकों को अवगत कराया गया कि अपने अपने बैंक से एनपीए हुए सभी खातों में से उक्त लोक अदालत के लिए नोटिस भेजे जाने के लिए मामले चिह्नित करें। इस दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व सचिव प्राधिकरण नाजनीन बानो द्वारा लोक अदालत की सफलता को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में जानकारी दी गयी कि बैंक द्वारा प्राप्त कराई गई नोटिसों का तामीला पुलिस प्रशासन द्वारा कराया जा रहा है। । शाखा प्रबन्धकों को विशेष तौर पर रुचि लेते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत सफल बनाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में एलडीएम विवेक कुमार, पीएनबी के जिला समन्वयक साकेत कुमार, सौरभ पराशर सहायक प्रबन्धक आर्यावर्त बैंक, रामानन्द सहायक प्रबन्धक एसबीआई, पंखुड़ी श्रीवास्तव, प्रजेश पाण्डे, बैंक ऑफ बड़ौदा, जितेन्द्र सिंह प्रबन्धक केनरा बैंक, निधि राणा प्रबन्धक बैंक ऑफ महाराष्ट्र आदि मौजूद रहे।

बैंक अधिकारियों के साथ बैठक करतीं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नाजनीन बानो।

गलती से दूसरे के खाते में भेजे 50 हजार, मांगने पर मिल रही धमकी

कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार: यूपीआई से अज्ञात नंबर पर 50 हजार रुपए ट्रांसफर हो गए। वापस मांगने पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा धमकी दी जा रही है। इसकी इसकी शिकायत पीड़ित ने एसपी से की है।

कोठी क्षेत्र के मीरपुर निवासी इसरार का आरोप है कि उसका उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में खाता है। सोमवार को उससे 50 हजार रुपए गलती से एक अज्ञात के खाते में ट्रांसफर हो गए। फोन कर उसी नंबर पर रुपए वापस मांगने पर अज्ञात व्यक्ति ने धमकी दी। इसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से कर कार्रवाई की मांग की है।

भतीजे ने चाची से की 34 लाख की धोखाधड़ी

सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार : खेतीयोग्य जमीन का बैनामा कराने के बहाने भतीजे ने चाची से 34 लाख की धोखाधड़ी की। पुलिस धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज़ कर जांच कर रही की है।

सतरिख थाना क्षेत्र के खालेकपुरवा गांव निवासी अजय पाल सिंह की पत्नी अनीता सिंह के रिश्ते में उनके जेठ का पुत्र बृजेश सिंह जो महाराष्ट्र के 6बी अंज़ेलिक कसमस लॉज़, अलवारिया रोड, नीलकंठ अपना बाजार में रहता है। यहां सराय परसंडा और आलमपुर गयासपुर गांवो की दो स्थानों पर जमीन का बैनामा करने के लिए वर्ष 2023 में दो अलग-अलग तारीख में उनसे 34 लाख रुपए लिए थे। इतना ही नहीं, रुपए देने के बाद निर्धारित तिथि पर अनीता उप निबंधक नवाबगंज कार्यालय पहुंची। वहां 1 लाख 67 हजार 200 रुपए के स्टांप पेपर भी खरीदे गए। जमीन का बैनामा करने की कार्रवाई पूरी होने के दौरान भतीजा बहाना बनाकर उप निबंधक कार्यालय से भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि महिला ने जमीन खरीदने के लिए दो बार में 34 लाख रुपए दिए थे। धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज़ किया गया है।

सार-संक्षेप

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है केसीसी

माती बाजार में आयोजित किसान क्रेडिट कैंप में मौजूद लोग। अमृत विचार

माती, बाराबंकी, अमृत विचार : किसानों को जागरूक करने के लिए स्थानीय बाजार में किसान क्रेडिट कैंप आयोजित किया गया। इसमें शाखा प्रबंधक और किसान क्रेडिट कार्ड विशेषज्ञों ने किसानों को विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर शाखा प्रबंधक देवेश मिश्रा ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसके जरिए किसानों को अधिक से अधिक लाभ देना है। उन्होंने किसान ऋण, ब्याज व विभिन्न बैंक योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि जागरूकता के लिए किसान बैंक की शाखाओं में जाएं। अधिकारियों से मिलें। सफेदाबाद बैंक ऑफ़ बड़ौदा शाखा प्रबंधक देवेश मिश्र ने कहा कि इस तरह के बैंक शिविर लगाकर किसानों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करना है ताकि किसान बड़ी तादाद में बैंक सेवाओं का लाभ ले सकें। इस अवसर पर बैंकमित्र मुकुल मौर्य, धीरेंद्र वर्मा, मंशाराम बस्ती, पंकज मिश्र, चन्द्रिका रावत, बृजेश मौर्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व किसान शामिल रहे।

सरांयमीर की टीम ने जीता खिताबी मुकाबला

सरायंमीर में मैच देखते आयोजक मंडल के सदस्य। अमृत विचार

सिद्धौर, बाराबंकी, अमृत विचार : पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में सरायंमीर की टीम ने जीत दर्ज की। सरायंमीर ने बैशनपुरवा को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। आयोजकों ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। ब्लॉक की ग्राम पंचायत सरायमीर में सोमवार को सरांयमीर तथा बैशन पूरवा की टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया। सरांयमीर के कप्तान आरिज ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। बैशनपुरवा की टीम ने 136 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सरांयमीर की टीम ने दसवें ओवर में ही लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष विवेक कुमार रावत तथा संयोजक अनिल कुमार ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर कमेटी सदस्य मोइनुद्दीन अख्तर, आरिफ मोहम्मद, रफी, वकील मेराज, अहमद रज़ा, अजय, सुभाष, बबलू, घनश्याम वर्मा आदि मौजूद रहे।

ग्रीन गैंग के प्रभारी ने जन्मदिन पर रोपे पीपल के पौधे

बाराबंकी, अमृत विचार : पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रीन गैंग/पर्यावरण सेना निरंतर अग्रसर रहती है। इसी क्रम में ग्रीन गैंग राज्य प्रभारी सूरज सिंह गौर ने अपने जन्मदिन के अवसर पर कोटवाधाम स्थित संत जगजीवन साहेब धाम परिसर में आक्सीजन के सर्वाधिक उत्सर्जक पीपल के पौधे रोपे सूरज सिंह गौर ने बताया कि हमारे जीवन की नैतिक जिम्मेदारी होती है कि प्रकृति से ले रही सुविधाओं को सुरक्षित रखने का हर सम्भव प्रयास करें। इस अवसर पर महंत चंद्र प्रकाश दीक्षित, सचिन दीक्षित, दिव्यांशु मिश्रा, शिवम, शुभम दीक्षित, फलहारी बाबा, बब्लू बाबा आदि थे।

सीसीटीएनएस योजना की प्रगति में बाराबंकी रेंज में अव्वल

बाराबंकी, अमृत विचार : सीसीटीएनएस योजना (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम) की प्रगति के सम्बन्ध में बाराबंकी को प्रदेश में चौथा स्थान मिला है। जबकि अयोध्या रेंज में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। सीसीटीएनएस को प्रगति डैशबोर्ड के नाम से जाना जाता है। इसकी मानीटरिंग केन्द्रीय स्तर पर की जाती है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने दी है।

आरक्षियों ने किया पंप एक्शन गन की हैंडलिंग का अभ्यास

बाराबंकी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव और त्योहारों के दृष्टिगत सोमवार को एसपी के निर्देश पर पुलिस लाइन में प्रत्येक थाने से दो-दो आरक्षी/मुख्य आरक्षी को पम्प एक्शन गन की हैण्डलिंग का अभ्यास कराया गया। पुलिस के मुताबिक आगामी त्योहारों एवं लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था एवं किसी भी सम्भावित अप्रत्याशित परिस्थितियों को नियंत्रित करने को अभ्यास कराया गया है।

सड़क किनारे खड़े वाहनों से चोरी करने वाला गिरफ्तार

कार्रवाई

- सीतापुर का निवासी है शातिर, एक कार की गयी बरामद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : सड़क के किनारे खड़ी गाड़ियों के शीशे तोड़कर चोरी करने वाले एक आरोरी को पुलिस में सोमवार को धर दबोचा। उसके पास से चोरी किये बैंक स्टेटमेंट व चोरी करने में प्रयुक्त उपकरण, एक कार व नकदी बरामद की गई है।

पुलिस के मुताबिक थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने वांछित सुशील कुमार निवासी सिविल लाइन, आगा कालोनी थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर को सफेदाबाद से गिरफ्तार किया ।

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आरोपीरोड के किनारे खड़ी गाड़ियों में ड्राइवर मौजूद न होने पर उनका शीशा तोड़कर नकदी व सामान आदि चोरी कर लेता है। गिरफ्तार किए गए आरोपी ने स्वीकार किया कि पिछले दिनों सीएमओ आवास के निकट तिकोना पार्क के समीप खड़ी गाड़ियों का शीशा तोड़कर सामान व नकदी आदि पार कर दी थी। और कागजों को नहर में फेंक दिया था।

40 लाख की मार्फीन के साथ एक गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार: जिले में मादक द्रव्यों की तस्करी का सिलसिला थम नहीं पा रहा है। पुलिस की तमाम कार्रवाई भी तस्करी रोक पाने में विफल रही है। सोमवार को मादक द्रव्यों का एक और तस्कर 40 लाख रूपये की 405.5 ग्राम मार्फीन के साथ धरा गया।

थाना घुंघटेर पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्कर अताउल्ला पुत्र स्व0 सब्बीर निवासी ग्राम टिकरा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को भदेशिया मोड के पास से 405.5 ग्राम अवैध मारफीन के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना घुंघटेर पर एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया गया।

हाईकोर्ट की निगरानी में हो जांच

पुलिस भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार: पुलिस भर्ती की निरस्त परीक्षा के बाद मामले की जांच हाईकोर्ट की निगरानी में कराने के साथ अन्य कई मामलों को लेकर आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा।

आप पदाधिकारियों ने कहा कि एक ओर जहां यूपी में बेरोजगारी दर निरंतर बढ़ती जा रही है, तो वहीं दूसरी ओर बमुश्किल निकल रहीं भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होजाते हैं। नकल माफिया भी सक्रिय हों जाते हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया और कड़ी मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करने वाले परीक्षार्थियों की मेहनत पर पानी फिर गया। पार्टी की मांग है कि पुलिस भर्ती की तरह समीक्षा अधिकारी परीक्षा में हुए पेपर लीक मामले की जांच हाईकोर्ट की निगरानी में कराई जाए। यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा को एक माह के भीतर कराया जाए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जुगराज सिंह, अरविंद यादव, अभिषेक, मुन्ना, अजीत, मोहित, बिलाल, आकाश आदि थे।

जिलाधिकारी कार्यालय में मांगों का ज्ञापन देते आप कार्यकर्ता। अमृत विचार

सामूहिक विवाह योजना एक हजार से अधिक मुस्लिम बेटियों का हुआ निकाह, जनप्रतिनिधियों व अफसरों ने दिया आशीर्वाद

छह साल में 5425 बेटियों के हाथ हुए पीले

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : किसी पिता के लिए अपनी बेटी का विवाह करना एक सपने जैसा होता है लेकिन आर्थिक तंगी के चलते तमाम पिता इस सपने को पूरा करने में मानसिक रूप से परेशान रहते हैं। लेकिन प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कारगर साबित हो रही है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले छह साल के अंदर जिले में पांच हजार से अधिक बेटियों के हाथ पीले हुए हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत इन शादियों पर अब तक करीब 21 करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च की गई है।

समाज में सर्वधर्म-समभाव तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने सामूहिक विवाह योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर व जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के हाथ पीले कराने का जिम्मा अपने हाथों में लेकर वर्ष 2017 में इसकी शुरुआत की थी। इसके बाद जिले में एक के बाद एक सामूहिक विवाह कराए गए। तब से लेकर अब तक इन छह साल में समाज कल्याण विभाग की देखरेख में कुल 5425 बेटियों के पीले हुए हैं। इनमें वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1753 तो 2022-23 में 1137 जोड़ों का विवाह कराया गया था। इससे पहले 2021-22, 2020-21, 2019-20, 2018-19 तथा 2017-2018 में भी लक्ष्य के अनुसार शादियां हुई थीं। इन सभी शादियों पर योजना के तहत कुल 21 करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च की गई। करीब तीन साल पहले योजना के तहत प्रति जोड़े पर 35 हजार रुपये की धनराशि निर्धारित की गई थी। जबकि सरकार ने इसमें बढ़ोतरी करते हुए प्रति जोड़ा 51 हजार रुपये कर दी थी। इस योजना से जिले के पांच हजार से अधिक बेटियों के हाथ पीले होने से अभिभावकों ने राहत की सांस ली। सामूहिक विवाह में मुस्लिम बेटियों का भी उनकी रीति के अनुसार निकाह कराया गया। एक मंच पर मंत्री, सांसद, विधायक समेत कई जनप्रतिनिधि समेत डीएम, सीडीओ ने वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि योजना में पूरी पारदर्शिता बरती जाती है। अब तक पांच हजार से अधिक बेटियों के हाथ पीले हुए हैं।

पारदर्शिता के लिए ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था

योजना की पारदर्शिता के लिए ऑफलाइन की जगह ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था की गई है। इससे जहां पात्रों को सहूलियत हो रही है, वहीं बिचौलियों का काम भी खत्म हो गया है। वहीं विवाह के लिए लाभार्थी के मोबाइल पर ही विवाह की तारीख और सूचना एसएमएस से भेजी जा रही है। जिले में यह योजना काफी फलीभूत हुई। करीब तीन साल पहले लगे एक आरोप को हटा दें तो जिले में पात्रों को ही इसका लाभ मिला है। बताते चलें कि एक नाबालिग जोड़े का विवाह कराने को लेकर सवाल उठे थे। जिसमें जांच के बाद जोड़े की उम्र शादी के लिए सही पाई गई थी।

घर में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : ग्राम हरि नारायणपुर मजरे मड़ना में रविवार की रात एक युवक का शव उसके घर के कमरे में फंदे से लटकता मिला। परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के ग्राम हरि नारायणपुर मजरे मड़ना निवासी देवी प्रसाद पांडेय का 23 वर्षीय पुत्र शुभम का शव रविवार रात घर के छत में लगे लोहे के छल्ले में रस्सी से लटकता मिला। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा छानबीन की जा रही। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।

नगर पंचायत में शामिल चंदौली वार्ड के गांव से भी बदतर हालात

लापरवाही

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

अमृत विचार : स्थानीय नगर पंचायत के चंदौली वार्ड संख्या 8 के लोग सड़क व नाले जैसी बुनियादी सुविधाओं से जूझने को विवश हैं। पूरे वार्ड में हर ओर समस्याएं ही व्याप्त हैं।

कहने को तो चन्दौली भी नगर पंचायत रामसनेहीघाट इलाके का अंग है, लेकिन यहां की सुविधाओं को देखकर ऐसा लगता है कि यहां के लोग ग्रामीण इलाके में बसे हैं। न ही ढंग की सड़क और न ही जल निकासी की सुविधा। हर तरफ गंदगी के साथ ही नाली भी टूटी पड़ी है। पूरे चन्दौली में ऐसे दर्जनों घर भी हैं जहां जाने के लिए संपर्क मार्ग में भी जल भराव रहता है। सड़कें भी उखड़ने लगी हैं। जहां सड़कों का निर्माण कराया भी गया है, वहां नाले के अभाव में गंदा पानी सड़क पर ही बहता है। ऐसे में इस रास्ते से आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। आबादी के हिसाब से विकास कार्य नहीं हुए। थोड़ी सी बरसात होते ही इस वार्ड में स्थित कई संकरी सड़कों पर जलभराव हो जाता है। मोहल्ले में बड़े डस्टबिनों का अभाव है। वैसे भी सफाई कर्मचारियों द्वारा नालियों की सफाई नियमित रूप से नहीं की जाती।

नालियों के अभाव में मार्ग पर बहता घरों का पानी। अमृत विचार

सफाई के अभाव में बिखरा कूड़ा।

जमीन का विवाद है। इसीलिए नाली नहीं बन पा रही है। नाली के लिए वहां पाइप पड़ी है। जल्द ही वार्ड के लोगो के साथ बैठकर कोई न कोई हल निकाल लिया जाएगा।

–धीरज सिंह, ईओ

मोहल्ले के लोगों ने बयां किया अपना दर्द

शिकायत के बावजूद नहीं हुआ समाधान

विकास कार्यों के मामले में चन्दौली क्षेत्र काफी पिछड़ गया है। कई बार नाली और गन्दगी की समस्या की शिकायत नगर पंचायत में की गई फिर भी समस्या का कोई हल नहीं निकला। –सौरभ श्रीवास्तव

जर्जर सड़कों पर बहता है गंदा पानी

मुख्य मार्ग से मोहल्ले तक पुरानी सड़कें टूट चुकी हैं। नगर पंचायत द्वारा अब तक न मरम्मत करायी गयी और न पुनर्निर्माण। घरों से निकलने वाला गंदा पानी भी सड़कों पर बहता है। –संतोष श्रीवास्तव

जलभराव बड़ी समस्या

जलभराव बड़ी समस्या है। नाली की सफाई न होने से बारिश का पानी सड़क पर बहता है। कईघरों तक रिक्शा पहुंचना मुश्किल है। –शुभम श्रीवास्तव

विकास में बहुत पीछे है वार्ड

जलभराव की शिकायत तहसील दिवस, ईओ व चेयरमैन से भी की पर सुनवाई नहीं हुई। विकास में वार्ड बहुत पीछे है। –पवन वर्मा (सभासद)

सार-संक्षेप

लोधेश्वर महादेवा में जलाभिषेक को उमड़े श्रद्धालु

फाल्गुन मास के पहले सोमवार को लोधेश्वर महादेवा में जलाभिषेक करते भक्त।

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : फाल्गुन मास के पहले सोमवार को लोधेश्वर महादेवा में जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता भोर से देर शाम तक लगा रहा। बैरिकेडिंग के बीच कतारबद्ध होकर हजारों श्रद्धालुओं ने आदिदेव महादेव का जलाभिषेक कर मनवांछित फल की कामना की। लोधेश्वर महादेवा में फाल्गुनी मेला 28 तारीख से शुरू होगा। उत्तर भारत के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेवा धाम में शिवभक्तों की एकाएक श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ देख थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में जुट गए। दूरदराज से जत्थे के साथ कांवड़ियों का भी आगमन शुरू हो गया है। उप जिलाधिकारी पवन कुमार ने मेला व्यवस्था का जायजा लिया।

फर्जी मार्कशीट बनाने में लिपिक व शिक्षक समेत 5 पर केस

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : मदरसा अनवारूल उलूम में कार्यरत लिपिक एवं अध्यापक सहित पांच लोगों के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मोहल्ला रानी निवासी मोहम्मद अहमद का आरोप है कि मदरसा अनुवारूल में तैनात लिपिक एवं अध्यापकों द्वारा पैसा लेकर फर्जी मार्कशीट बनाने का काम किया जाता है। इसकी जानकारी पर वह मदरसा गया और शिक्षकों से कहा कि आप लोग सरकारी वेतन पाते हैं और फिर भी पैसा लेकर अनपढ़ लोगों की मार्कशीट बना देते हैं इतना कहना था कि वह विपक्षियों ने गालियां देते हुए मदरसे से उसे धक्के मार कर भगा दिया और कहीं शिकायत करने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। मोहम्मद अहमद का आरोप है कि उसने इसकी शिकायत थाने एवं उच्च अधिकारियों से की गई मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। फिलहाल न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज हो गया है।

39 लाख रुपये लेने के बाद भी नहीं किया बैनामा

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : जमीन का एकरारनामा कराने के बाद विपक्षी ने 39 लाख रुपये ले लिये। इसके बाद भी बैनामा नहीं किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। लखनऊ के राजाजीपुरम मो. अमीन ने 2015 में कुर्सी के अमरसण्डा निवासी मो. अतीक से साढ़े तीन बीघे भूमि खरीदने की बात तय हुई थी। इसका एकरारनामा करने के बाद मो. अमीन ने 39 लाख रुपये दिये थे। इसके बाद आये दिन बहाने बनाकर जमीन का बैनामा विपक्षी द्वारा नहीं किया जा रहा था। 12 फरवरी को दोनों में आपसी सहमति बनी कि नौ लाख रुपये और दे दो तो एक बीघे जमीन की रजिस्ट्री कर देंगे। काफी दिन बीत जाने पर जब आरोपी द्वारा रजिस्ट्री नहीं की गयी तो पीड़ित ने पैसे मांगे जिस पर आरोपियों ने उसे मारा–पीटा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मो. अकील, मो. सहीम व फरजाना के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

दोषी कर्मचारियों पर दर्ज किया जाए मुकदमा

बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार : ग्राम पंचायत सिल्हौर में प्रधानमंत्री आवास में हुई धोखाधड़ी व जालसाजी करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराने की मांग को लेकर भाकियू के जिलाध्यक्ष मायाराम यादव ने सोमवार को सीडीओ को शिकायती पत्र दिया।

एक नजर

किसान सम्मान निधि वितरण का कार्यक्रम आज

बाराबंकी, अमृत विचार : उपकृषि निदेशक श्रवण कुमार ने बताया कि हर विकास खण्ड में मंगलवार को प्रात: 9 बजे से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम और जायद गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा भी प्रतिभाग किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किस्त जारी करने का सजीव प्रसारण भी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया जाएगा।

27 आरोपियों पर की गयी शांतिभंग की कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : विभिन्न थानों की पुलिस ने सोमवार को 27 लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की। सतरिख पुलिस ने एक जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। पुलिस के मुताबिक सिराज उर्फ सेराज निवासी कजियाना थाना सतरिख को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक तमंचा .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की।

नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : बड्डूपुर पुलिस ने सोमवार को किशोरी से छेड़छाड़ के आरोप में पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित दीपू को भगौली नहर रेगुलेटर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

29 लीटर शराब के साथ तीन आरोपी पकड़े गए

बाराबंकी, अमृत विचार : कोठी पुलिस ने सोमवार को तीन आरोपियों को 29 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक सन्तराम, शत्रोहन व दशरथ रावत निवासी बक्शावा थाना कोठी को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए तीनों आरोपियों के पास से कुल 29 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करने के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया।

अपहृता सकुशल बरामद

बाराबंकी, अमृत विचार : कोठी थाने की पुलिस ने सोमवार को एक अपहृता को सकुशल बरामद किया। जिसे उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। अपहरण करने वाला पुलिस की पकड़ से दूर है।

चाकू के साथ गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : असंद्रा पुलिस ने सोमवार को चाकू बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक तौसीर निवासी ग्राम टिकरा उसमां थाना जैदपुर को गिरफ्तार किया गया।

बाइक से गिरे मां-बेटे को ट्रैक्टर ने रौंदा, मौत

शहाबपुर चौराहे पर हुए हादसे में बाल-बाल बचा पति और दूसरा पुत्र

मसौली, बाराबंकी

अमृत विचार : स्थानीय थाना क्षेत्र के शहाबपुर चौराहे पर हाईवे पर सोमवार को असुंतलित होकर गिरी बाइक से गिरे मां-बेटे को ट्रैक्टर ट्राली ने रौंदा दिया जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बाइक से गिरे महिला का पति व एक पुत्र बाल-बाल बच गया। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

बहराइच के थाना विशेषरगंज के ग्राम गुलरिया पण्डितपुरवा पोस्ट शिवपुर बैरागी निवासी अवधेश मिश्रा अपनी 27 वर्षीया पत्नी नीलम मिश्रा, 6 वर्षीय पुत्र कार्तिक मिश्रा व 7 वर्षीय पुत्र कृष्णा मिश्रा के साथ बाइक से लखनऊ जा रहे थे। शहाबपुर चौराहे के निकट बाइक असुंतलित होकर हाईवे के नीचे पटरी पर चली गयी जिसे सड़क पर चढ़ाते समय बाइक सड़क पर गिर गयी। जिससे उस पर सवार चारों लोग हाईवे पर गिर पड़े। इतनी ही देर मे तेज रफ्तार आ रही आलू लदी टैक्टर-ट्राली ने मां-बेटे को रौंद दिया जिसमे नीलम मिश्रा एव 6 वर्षीय कार्तिक की मौक़े पर ही मौत हो गयी। अवधेश मिश्रा व 7 वर्षीय कृष्णा मिश्रा मामूली रूप से घायल हो गये। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे मे लेते हुए घायल पिता पुत्र को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बाइक पलटने से शिक्षक की मौत

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : विद्यालय जा रहे शिक्षक की बाइक होकर पलट गयी। किसी तरह वह सीएचसी पहुंचा। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। बदोसराय थानाक्षेत्र के ग्राम टीकाराम निवासी राम प्रताप (45) सीतापुर के प्राथमिक विद्यालय अजयपुर बिसवां में शिक्षक पद पर कार्यरत थे। सोमवार की सुबह वह सीएचसी पहुंचा जहां से चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जब तक उसको जिला अस्पताल ले जाया जाता तब तक उसने दम तोड़ दिया था।

दवा की दुकान से बड़ी मात्रा में कोडीनयुक्त सिरप बरामद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : औषधि निरीक्षक ने सोमवार को एक दवा की दुकान पर छापेमारी की। इस दौरान बड़ी मात्रा में कोडीनयुक्त सिरप बरामद किया गया। इसका नमूना लेकर दवा को सीज कर दिया गया। मेडिकल स्टोर पर दवा के क्रय विक्रय पर रोक लगा दी गई।

कोडीनयुक्त सिरप के नशे में प्रयोग किए जाने पर प्रभावी रोकथाम के लिए सोमवार को थाना कोठी क्षेत्रांतर्गत भानमऊ में स्थित वारिस मेडिकल स्टोर पर फर्म के प्रोपराइटर अब्दुल रज्जाक उर्फ भोला की उपस्थिति में औषधि निरीक्षक सीमा सिंह ने जांच की। इस दौरान कोडीनयुक्त सिरप की बड़ी मात्रा बरामद हुई। इसमें 100 मिली के 600 सीरप जिनका मूल्य 1 लाख पांच रुपये है, भंडारित पाए गए। दुकान संचालक मौके पर क्रय -विक्रय अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका।

औषधि निरीक्षक ने औषधि का नमूना संग्रहीत कर संबंधित दवाओं को सीज कर दिया। इसके साथ ही मेडिकल स्टोर पर औषधियों के क्रय-विक्रय पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी गई। फर्म में कैमरा भी लगा नहीं पाया गया। न ही क्रय विक्रय अभिलेख पाए गए। फर्म को इस के संबंध में कारण बताओ नोटिस दिया गया।

औषधि निरीक्षक ने बताया कि औषधि की अवैध बिक्री एवं नशे हेतु प्रयोग होने की सूचना प्राप्त होने के दृष्टिगत यह कार्रवाई की गई है। प्रकरण में अग्रिम विवेचना के उपरांत फर्म एवं दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

मेले में 86 युवाओं को मिला रोजगार

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए कौशल विकास मिशन एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा ब्लाक स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में 191 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया जिसमें 86 युवाओं का चयन किया गया। सोमवार को ब्लाक चौराहे के निकट कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन कार्यालय व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

संजय सेतु की मरम्मत जारी, लगा जाम

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : घाघरा नदी पर बने पुल संजय सेतु में जॉइंट (लोहे का गार्डर) चार स्थानों से बीते शुक्रवार को टूट गया था। जिसे जोड़ने के लिए पीएनसी संस्था की टीम दो दिनों से जुटी है। आवागमन सुचारु रूप से चलता रहे। इसके लिए एक लेन से आवागमन की व्यवस्था की गयी है। इस कारण बीच-बीच में जाम भी लगता रहा।

इस सेतु पर पिछले कई बार से ज्वॉइंटर टूट चुके हैं। हालांकि नए सेतु के बनाने को लेकर धनराशि जारी हो चुकी है। इस संबंध में एनएचआई के जूनियर इंजीनियर अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि संजय सेतु पुल के ज्वाइंट में टूटा हुआ लोहे का गार्डर वेल्डिंग कर दिया गया है। माइक्रो कंक्रीट सीमेंट व गिट्टी से ज्वॉइंट की दरारे भरी गईं हैं। इसे मजबूत करने के लिए बैरिकेडिंग लगाई है। दो दिन तक एक ही लेन से आवागमन होगा।

संजय सेतु की मरम्मत करता कर्मचारी।

जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

कार्यालय ग्राम पंचायत बैरानामऊ मंझारी विकास खंड सूरतगंज जनपद बाराबंकी

पत्रांक मेमो/2023–24 दिनांक 26.02.2024

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बैरानामऊ मंझारी विकास खंड सूरतगंज जनपद बाराबंकी में चौदहवें/पन्द्रहवें वित्त योजना के अन्तर्गत तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृत के उपरांत निम्न प्रकार निविदा प्रस्तावित है।

कार्य का नाम–नकछेद के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य व शरीफ़ के घर से अजमेर अली के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य

सीमेंट–93 बोरी, बालू–9.40 घन मी., ईंट गिट्टी–12.10 घन मी., मौरंग– 8.40 घन मी., गिट्टी–1.55 घन मी. प्रथम श्रेणी ईंट– 9755 नग, इंटरलॉकिंग ईंट–2050 नग, मिट्टी ढुलाई 2625 घन मी.

निविदा प्रकाशन तिथि के एक सप्ताह के अन्दर डाली जायेगी, निविदा प्रवक का मूल्य जो होगा नगद/डाफ्ट के ग्राम पंचायत के नाम देय होगी।

दिनेश कुमार, ग्राम प्रधान — रवींद्र कुमार, सचिव

बाराबंकी से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा इंडिया गठबंधन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने सोमवार को सपा के कई वरिष्ठ नेताओं से मिलकर उनसे सहयोग और समर्थन मांगा। कहा कि मोदी सरकार में किसानों को गोली और नौजवानों को नौकरी मांगने पर लाठी मिल रही है। पेपर लीक होने के बाद युवा आत्महत्या के लिए मजबूर हो रहा है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन बाराबंकी संसदीय सीट से ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा। डॉ. पुनिया ने कहा कि बाराबंकी में एनडीए उम्मीदवार की हार तय है। इसके पूर्व डॉ. पुनिया ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से वापस आने के बाद पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, सदर विधायक सुरेश यादव, नवाबगंज नगर पालिका परिषद की चेयरमैन के पति पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेन्द्र सिंह वर्मा से मुलाकात कर पार्टी प्रत्याशी के प्रति समर्थन मांगा।

अनुमान से कहीं बड़ा है वेतन घोटाला

जैदपुर नगर पंचायत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : जैदपुर नगर पंचायत में बिना काम किये एक व्यक्ति के खाते में पैसा आने का मामला खुलते ही जिले की सभी नगर पंचायत में हड़कंप मच गया है। आउटसोर्सिंग कंपनी तो संदेह के घेरे में हैं ही घोटाले में नगर पंचायत के कई कर्मचारियों की संलिप्तता से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।

शिकायतकर्ता मो. इरशाद ने अपने शिकायती पत्र में नगर पंचायत के एक बाबू का उल्लेख भी किया है। खाते में पैसा आने के बाद वह इतने नाराज हैं कि वे सभी को यह बताना नहीं भूलते क्यों उन्हें सफाई कर्मी बना दिया गया। मजे की बात तो यह है कि नगर पंचायत द्वारा जो पैसा उनके खाते में भेजा गया उनकी शिकायत के बाद भी नगर पंचायत में पैसा वापस लेने की कोई पहल नहीं की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि नगर पंचायत में बिना काम कराए पैसा कई अन्य लोगों के खाते में भी जा रहा है। यह घोटाला इतना बड़ा हो सकता है जिसका अनुमान भी जिला प्रशासन के लिए लगा पाना मुश्किल है। नगर पंचायत जैदपुर में यह मामला सामने आने के बाद अन्य नगर पंचायत में भी ऐसा ही घोटाला होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। विभिन्न पंचायतों के अधिकारी फाइल खंगाल रहे हैं। आउटसोर्सिंग कंपनियां कर्मचारियों की संख्या ज्यादा दिखाकर पैसे निकाल रही हैं। जिसका रिकॉर्ड भी नगर पंचायत में नहीं मिल रहा है। खुद नगर पंचायत जैदपुर के ईओ आलोक कुमार वर्मा कहते हैं कि जिस व्यक्ति इरशाद ने शिकायत की है उसका कोई रिकॉर्ड नगर पंचायत में उपलब्ध नहीं है।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

मैं कु0 उषा पत्नी रामसरन निवासी नगला मदारे, डडौना जनपद कन्नौज की रहने वाली हूँ। मेरा हाईस्कूल वर्ष 1998 अनुक्रमांक 0810313, क्रमांक 3425740 व जन्मतिथि 01–05–1982 अंकपत्र वास्तव में खो गया है।

सूचना

सूचित हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम राम निवास पुत्र सुंदरलाल गलत अंकित हो गया है। जबकि वास्तिविक नाम रामजीवन है। अतः ड्राइविंग लाइसेंस में राम निवास के स्थान पर रामजीवन अंकित किया जाए। **रामजीवन पुत्र श्री सुंदरलाल निवासी ग्राम रत्तेपुरवा मजरा कुतुवापुर, परगना कछनदऊ ,तहसील बिलग्राम, जिला हरदोई।**

सूचना

मैं सूचित करता हूं कि छिटई पुत्र श्रीनाथ निवासी पूरे चरिहा मजरे गोड़वा हसनपुर थाना सलोन जिला रायबरेली अपने छोटे पुत्र अखिलेश यादव को गलत आचरण, व्यवहार और नशेड़ी प्रवृत्ति से त्रस्त हूं। वह आए दिन गालीगलौज और मारने पीटने दौड़ता है। मैं छोटे पुत्र अखिलेश यादव को अपने समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में छोटे पुत्र के कृत्यों से मेरा कोई लेना देना नहीं है।

सूचना

मैंने अपना नाम ASLAM IQBAL KHAN से बदलकर AQBAL AHMAD रख लिया है। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/o- ABDUL MABOOD, निवासी– Ward no- 01 Ambedkarnagar Post Barhni ps DHEBARUWA Distt Siddharthanagar**

सूचना

सूचित हो कि हरिश्चंद्र के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी संख्या 217430255, 28/12/2007 से संचालित है। आधार कार्ड और पासबुक पर नाम राज कुंवर अंकित है। दोनों नाम के एक ही व्यक्ति है। दोनों नाम से क्षेत्र में जाना और पहचाना जाता है। **हरिश्चंद्र उर्फ राज कुंवर पुत्र राम छबीले ग्राम देवनपुर लक्खारामपुर तहसील पयागपुर, बहराइच।**

सूचना

सूचित किया जाता है कि दिलजानी उर्फ जमुना पत्नी वृषराम एक ही महिला का नाम है। सहारा पॉलिसी में इनका नाम जमुना अंकित है। दोनों नाम की एक ही महिला हैं। **दिलजानी उर्फ जमुना निवासी ग्राम पंचायत झाला थाना मोतीपुर, जनपद बहराइच।**

होगा विकास — ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में हुई मसौली क्षेत्र पंचायत की बैठक

दो करोड़ की विकास योजनाओं पर मुहर

मसौली, बाराबंकी

अमृत विचार : ब्लाक प्रमुख रईस आलम की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में करीब दो करोड़ की विकास योजनाओं को संचालित करने पर मुहर लगाई गई। तथा विगत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के साथ साथ आय व्यय का ब्यौरा पेश किया गया।

अवर अभियंता आरईडी पीके गौतम ने एजेंडा प्रस्तुत करते हुए संचालित विकास योजनाओं के बारे में सदस्यों को जानकारी दी। इसके पश्चात शुरू हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक में जल निकासी, परिषदीय विद्यालयों के सौंदर्यीकरण, आंगनबाडी केंद्रों, मनरेगा, आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन सहित कई प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। बैठक मे उपस्थित ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों को कराये गये विकास कार्यो की जानकारी देते हुए बताया गया कि वित्तीय वर्ष मे क्षेत्र मे प्राप्त कुल 2 करोड़ 69 लाख 33 हजार 870 मे से 1 करोड़ 43 लाख 62 हजार 035 रुपये से विकास कार्य कराये गये तथा शेष धनराशि 1 करोड़ 25 लाख.71 हजार.835 रुपये से कार्य कराने के प्रस्ताव लिये गये।

बैठक मे जिला पंचायत सदस्य रामसिंह उर्फ़ भुल्लन वर्मा ने कहा कि क्षेत्र पंचायत की बैठक का मुख्य उद्देश्य है कि क्षेत्र मे वंचित कार्यों को कार्ययोजना मे शामिल कर विकास कार्यों से जोड़ना है। खंड विकास अधिकारी डॉ. संस्कृता मिश्रा ने क्षेत्रपंचायत से सम्बंधित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मनरेगा योजना रोजगार की गारंटी देती है। मनरेगा योजना के चलते गांवों में विकास होता है। नाली, इंटरलॉकिंग, आरसीसी पौधरोपण के माध्यम से गांवों में नई क्रांति आई है।

ब्लाक प्रमुख रईस आलम ने कहा कि क्षेत्र पंचायत का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता होगी। विकास खण्ड को माडल विकास खण्ड बनाने में सभी कर्मचारियों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने सभी ग्राम पंचायत क्षेत्र के बीडीसी सदस्यों से विकास कार्यों के प्रस्ताव मांगे गए हैं। उन्होंने सभी ग्राम प्रधानों तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों से निस्वार्थ भाव से कार्य करने तथा ग्रामीण क्षेत्र में विकास करने की बात कही। उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस मौक़े पर पशु चिकित्सक डॉ. कमलेश कुमार अवर अभियंता लघु सिंचाई अरुण कुमार व्यास, एडीओ आईएसबी मदन गोपाल कनौजिया, एडीओ समाज कल्याण ज्योति यादव, एपीओ मोनिका, पूर्ति निरीक्षक इमरान अहमद, ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष मुबीन सिकंदर, विनय वर्मा, स्थापना लिपिक अनिल दुबे, प्रदीप वाजपेयी सहित ग्राम प्रधान एव क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि मौजूद रहे।

शहर को अतिक्रमण मुक्त करें व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : जिला प्रशासन ने सोमवार को व्यापारियों से कहा कि मुख्य मार्गों एवं चौराहों को अतिक्रमणमुक्त करें। अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर ज्यादा से ज्यादा कैमरे लगाएं।

सोमवार को लोक सभागार-कलेक्ट्रेट में व्यापारी सुरक्षा के दृष्टिगत सीडीओ ए. सुदन, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने व्यापार मंडल के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा की गयी। व्यापारियों से मुख्य मार्गों एवं चौराहों को अतिक्रमण मुक्त रखने की अपील की गई। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने सभी व्यापारी संगठनों से यह अनुरोध किया कि अपने प्रतिष्ठानों पर अधिक से अधिक सीसीटीवी लगाएं तथा सड़कों पर भी सीसीटीवी का कैमरा फोकस करें। बड़े मार्केट में स्थानीय चौकीदारों को भी लगाया जाए। व्यापारिक गतिविधियों में इलेक्ट्रानिक लेन-देन में सावधानी बरतने, एवं दुकानों व घरों में कार्य करने वालों नौकरों के सत्यापन कराने के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गयी।

ऊंचाहार और लालगंज स्टेशन का होगा कायाकल्प

प्रधानमंत्री ने अमृत स्टेशन का दिया तोहफा, किया वर्चुअल शिलान्यास, मिलेंगी कई सुविधाएं

ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार : उन्नाव, लखनऊ, प्रयागराज जैसे बड़े शहरों के मध्य स्थित जिले के ऊंचाहार और लालगंज रेलवे स्टेशनों के दिन बहुरने वाले हैं। इन्हे अमृत रेलवे स्टेशन के रूप में चयनित किया गया है। स्टेशन के बहुमखी विकास की कई योजनाओं का सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल शिलान्यास किया है। पीएम के कार्यक्रम का स्टेशन पर लाइव प्रसारण दिखाया गया।

अमृत स्टेशन के तहत ऊंचाहार स्टेशन पर भवन निर्माण, पोर्टिको का निर्माण, सर्कुलेटिंग एरिया का निर्माण व विकास होगा। यात्रियों के लिए फूट प्लाजा, अत्याधुनिक प्रतीक्षालय, रिटेल सुविधाओं के अलावा सड़कों का चौड़ीकरण किया जाएगा । साथ ही 12 मीटर चौड़ा ओवर ब्रिज बनाया जायेगा और दिव्यांग जनों के लिए स्टेशन पर विशेष सुविधाएं मुहैया होगी। स्टेशन पर फ्री वाई फाई की सुविधा के साथ सीसीटीवी कैमरे लगवाए जायेगे। इसके कुल 19 करोड़ रुपए की लागत से ऊंचाहार रेलवे स्टेशन को विकसित किया जाएगा ।पीएम मोदी के शिलान्यास कार्यक्रम के लाइव प्रसारण के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अजय अग्रवाल , पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजा जितेंद्र सिंह,भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल , नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि कृष्ण चंद्र जायसवाल , कोतवाल अनिल कुमार सिंह , भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंह ,लालचंद कौशल के अलावा रेलवे अधिकारी आदि मौजूद रहे।

ऊंचाहार रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

भाजपा सरकार में विकास को मिली ऊंचाईः जितेंद्र सिंह

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार: ऊंचाहार रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के लिए पीएम मोदी द्वारा शिलान्यास और 19 करोड़ की कार्ययोजना को मंजूरी मिलने को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र बहादुर सिंह इसे बड़ी उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में ऊंचाहार के विकास को नई ऊंचाइयां मिली है और हर क्षेत्र में विकास हुआ है। पीएम मोदी के वर्चुअल कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं से बात करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि ऊंचाहार में भाजपा का विधायक और जिले में भाजपा का सांसद न होने के बावजूद अमृत स्टेशन के रूप में चयनित होना यह साबित करता है कि भाजपा बिना भेदभाव के काम कर रही है।

मिट्टी बेचने पर कार्यदायी संस्थान को दी चेतावनी

ऊंचाहार, रायबरेली अमृत विचार : रोहनिया विकास खंड के गांव सराय अख्तियार में मनरेगा द्वारा चयनित अमृत सरोवर को लेखपाल द्वारा मशीन से खोदवाकर गंगा एक्सप्रेस वे में मिट्टी बेचने का मामला तूल पकड़ रहा है। प्रकरण में ग्राम विकास अधिकारी ने एक्सप्रेस वे की निर्माण एजेंसी को नोटिस भेजकर मनरेगा एक्ट के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी है।

बता दें कि गांव के गाटा संख्या 222, 225, 226, 227 और 228 से मिट्टी खनन का गंगा एक्सप्रेस वे के लिए दिया गया था। लेकिन गांव में मनरेगा के तहत वित्तीय स्वीकृति प्राप्त अमृत सरोवर को लेखपाल और ग्राम प्रधान ने मिलकर एक्सप्रेस वे के ठेकेदार को बेंच दिया। यही नहीं रात में पोकलैंड द्वारा तालाब को खोदकर उसकी मिट्टी डंपर द्वारा उठा ली गई। इस पूरे कृत्य का वीडियो वायरल होने के बाद विकास विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। मामले में सहायक प्रोग्राम अधिकारी मनरेगा में मौके की जांच की और पूरी रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी है। इसी के साथ गांव में तैनात ग्राम विकास अधिकारी ने एक नोटिस कार्यदायी संस्था को जारी किया है जिसमें तहसील स्तर से अमृत सरोवर का चिन्हांकन कराने के साथ मनरेगा एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कराने की चेतावनी भी दी गई है। खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से एसडीएम को मामले से अवगत कराते हुए लेखपाल के कारनामे के बारे में बता दिया है।

लालगंज रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में प्रमाण-पत्र देते अतिथि। अमृत विचार

रेलवे में हो रहे अभूतपूर्व परिवर्तन- गिरीश नारायण पांडेय

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार : अमृत योजना में चयनित लालगंज रेलवे स्टेशन के कायाकल्प का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा वर्चुअल लोकार्पण किया गया। रेलवे स्टेशन लालगंज परिसर में लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडेय ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश के विकास का जो काम किया है, वह किसी अन्य सरकार ने नहीं किया है। रेलवे में अभूतपूर्व परिवर्तन हो रहे हैं। आने वाले समय में देश ही नहीं विश्व में रेलवे अग्रणी होगा। राजद के प्रदेश अध्यक्ष अशोक रामपुरी ने कहा कि रेलवे देश की लाइफ लाइन कही जाती है। प्रधानमंत्री रेल विभाग को नई ऊर्जा देने में लगे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने नई ट्रेनें चलाई जाने की मांग की। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने खुशी जताई। इस मौके पर पूर्व में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों बैसवारा इंटर कॉलेज के छात्र आयुष्मान त्रिवेदी ,रंजन त्रिवेदी, आदेश, सृष्टि सिंह ,अपर्णा यादव, तैयबा खातून, विनायक द्विवेदी, आकृति सिंह, मयंक गौड़ को सम्मानित किया। बैसवारा इंटर कॉलेज के प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह और प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह ने पुरस्कृत किया। प्राथमिक विद्यालय लालपुर के छात्र हमयांश, पायल आर्यन व पूर्व माध्यमिक विद्यालय मदई खेड़ा की छात्रा देवांशी ने योग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान रेलवे के नोडल अधिकारी प्रभात कुमार सिंह, गजल कार मिथिलेश लखनवी, स्टेशन अधीक्षक श्यामलाल, विकास मणि त्रिपाठी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

बाबा साहेब की मूर्ति तोड़ी, केस दर्ज

विरोध

▸▸ मौके पर पहुंचे एसडीएम ने आक्रोशित लोगों को कराया शांत

सरेनी, रायबरेली

अमृत विचार : रविवार की रात को थाना क्षेत्र के एक गांव में शरारती तत्वों ने संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति तोड़ दी। बाबा साहेब की मूर्ति तोड़े जाने की खबर से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस दौरान बड़ी संख्या में घटना स्थल पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू की। ग्रामीणों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ सबंधित धारा में केस दर्ज कर लिया है।

क्षतिग्रस्त प्रतिमा। अमृत विचार

थाना क्षेत्र के निसगर गांव में ग्राम पंचायत की जमीन में वर्ष 2020 में संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित की गई थी। लेकिन बीते साल इस मूर्ति को अराजक तत्वों ने तोड़ दिया था। जिसे ग्रामीणों ने दोबारा मूर्ति की स्थापना कराई थी। लेकिन बीती रात एक बार फिर अराजक तत्वों ने प्रतिमा को तोड़ डाला। इससे हड़कंप मच गया। गांव के रामस्वरूप पुत्र बुद्धराम ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह व कोतवाल संजय कुमार मौके पर पहुंचे और जांच की। रामस्वरूप समेत आधा दर्जन ग्रामीणों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाल का कहना है कि अभियोग पंजीकृत कर लिया है, आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

अपना दल के पूर्व सांसद का किया स्वागत

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार : अपना दल पार्टी से फूलपुर के पूर्व सांसद का रायबरेली जाते समय जगतपुर चौराहे पर जोरदार स्वागत किया गया। सोमवार को फूलपुर लोकसभा के पूर्व सांसद नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल संगठन की समीक्षा बैठक करने रायबरेली जा रहे थे। कुर्मी समाज के लोगों द्वारा जगतपुर चौराहे पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। राम विष्णु चौधरी, अरुण पटेल, अवधेश पटेल, सोनू पटेल, शैलेश पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के तरीके बताए

रायबरेली, अमृत विचार : जिला कारागार में निरुद्ध महिला बंदियों के मध्य सर्वाइकल कैंसर जागरूकता का विशेष शिविर आयोजित किया गया। जेल चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील अग्रवाल ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि है जो गर्भाशय ग्रीवा में शुरू होती है। उप कारापाल सुमैया परवीन, पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव ने महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर के बारे में जानकारी दी। शिविर में डिप्टी जेलर कंचनलता मिश्रा, पराविधिक स्वयं सेवक पूनम सिंह आदि मौजूद रहे।

शाखा संगम में संघ की महत्ता पर डाला प्रकाश

खीरों, रायबरेली, अमृत विचार : सरस्वती इंटर कॉलेज के मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड के तत्वावधान में शाखा संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। हरिद्वार सिंह ने समाज के लिए आरएसएस और संघ की महत्ता पर प्रकाश डाला। खंड संघचालक चंद्रप्रकाश, अनंत, आनंद पाल, खंड कार्यवाह धर्मेंद्र, विस्तारक अंकित, आशीष, वीरविक्रम, हरिनायक, कमलेश आदि मौजूद रहे।

ठंडे बस्ते में महराजगंज-अयोध्या रेल लाइन

पवन साहू, महराजगंज, रायबरेली

अमृत विचार : संप्रग सरकार में सांसद सोनिया गांधी के प्रयास से कई प्रोजेक्ट मिले, जो आज भी अधूरे पड़े हैं। उन्हीं में से एक महराजगंज-अयोध्या रेल लाइन भी शामिल है। जिले के लालगंज से महराजगंज होते हुए बाराबंकी जिले के अकबरगंज तक रेल लाइन के निर्माण की तत्कालीन सरकार ने घोषणा की थी। इसके बाद क्षेत्रीय को विकास की उम्मीद जगी। साथ ही आवागमन की समस्याओं से छुटकारा पाने की आस दिखाई देने लगी। करीब एक दशक हो चुके हैं। अभी तक प्रोजेक्ट में कुछ भी नहीं हुआ। इससे स्थानीय लोगों में निराशा है।

116 किमी रेल लाइन से जुड़ते कई प्रमुख कस्बे

यही नहीं इस रेल लाइन पर सेमरौता, मऊगर्वी, महराजगंज, लोधवामऊ, में रेलवे स्टेशन बनाने की घोषणा हुई। साथ ही इस रेल लाइन परियोजना पर होने वाले खर्च के लिए 654 करोड़ रुपए का बजट भी सार्वजनिक किया गया। इसके लिए रेल विकास परियोजना द्वारा पत्र भी जारी हुआ, जिसमें 116 किमी की इस रेल लाइन में चारों रेलवे स्टेशनों के बीच तीन यार्ड लाइन व दो लूप लाइन व 81 पुल व 47 रोड क्रासिंग बनने की बात भी कही गई। लेकिन अब सबकुछ सिर्फ कागजों में सिमट कर रह गई।

रायबरेली से अयोध्या तक रेल लाइन प्रोजेक्ट शुरू न होने से क्षेत्रीय लोगों में निराशा है। करीब चार दशक पहले सरकार की ओर से रायबरेली के महराजगंज को अयोध्या से जोड़ने के लिए रेललाइन बनाने को लेकर योजना बनाई गई। सर्वे भी हुआ लोग इस बात को जानकर उत्सुक हुए कि अब उन्हें यहां भी रेल यात्रा का मौका मिलेगा। योजना तो बनी लेकिन ठंडे बस्ते में चली गई। एक बार फिर वर्ष 2013 में आस जगी जब दिसंबर 2013 में कस्बे के रामलीला मैदान में तत्कालीन रेलमंत्री मल्लिकार्जुन खड़गे व सांसद सोनिया गांधी ने परियोजना का शिलान्यास भी कर दिया। लालगंज-रायबरेली, अकबरगंज वाया महराजगंज 116 किलोमीटर लम्बी रेल लाइन बनाने की घोषणा की गई। इस योजना को पूरा करने के लिए रेल लाइन का दोबारा सर्वे भी कराया गया। अधिग्रहण के लिए भूमि का चिन्हांकन भी हुआ। उसके बाद भी योजना धरातल पर नही उतर सकी।

ग्रामीणों की जुबानी: क्षेत्र के कुशमहुरा निवासी बांकेलाल, मोन गांव निवासी डॉ. माताफेर सिंह, खेरवा निवासी रामनारायन सिंह ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जमाने से क्षेत्र के लोगों को रेलवे लाइन का सपना दिखाया गया है। तीन बार रेल लाइन को लेकर सर्वे भी हुआ है, उसके बाद भी यह सपना आज भी अधूरा है।

शार्ट सर्किट से टेंट गोदाम में आग

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार: शॉट सर्किट के कारण टेंट हाऊस के गोदाम में भीषण आग लग गई। पीड़ित ने पीआरवी पुलिस को सूचना दी है। जमुनापुर चौराहा निवासी दिनेश कुमार मौर्य का घर पर ही टेंट हाउस है। रविवार रात वो किसी निमंत्रण में गए थे, तभी टेंट हाऊस के गोदाम में शॉट सर्किट से आग लग गई। धुआं देख पड़ोस में रह रहे लोगों को मामले की जानकारी हुई जिसके बाद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दुकान में रखा लाखों का कीमत सामान जलकर राख हो चुका था। पीड़ित ने बताया कि गोदाम के काउंटर में रखे करीब 35 हजार रुपये नकद व दो लाख से अधिक का सामान जल गया।

सार-संक्षेप

लक्ष्मी यादव को मिला बेटी गौरव सम्मान

राही, रायबरेली, अमृत विचार : राही ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय राजापुर की लक्ष्मी यादव निवासी पूरे मोहकम को बेटी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। सहायक अध्यापिका वंदना ने लक्ष्मी का स्वागत किया। प्रधानाध्यापक शिवबहादुर यादव व राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अजय सिंह ने स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। लक्ष्मी यादव बिहार राज्य में बीपीएससी के अंतर्गत आयोजित परीक्षा में शिक्षक पद पर चयनित हुई हैं। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति सदस्य जागेलाल, राजकिशोर, प्रधानाध्यापक शिवबहादुर, सहायक अध्यापिका वंदना, सहायक अध्यापक अजय सिंह, शिक्षामित्र माया देवी, मोनू आदि मौजूद रहे।

लक्ष्मी यादव को सम्मानित करते प्रधानाध्यापक शिवबहादुर यादव व शिक्षक अजय सिंह।

दशकों बाद तालाब हुआ अतिक्रमण मुक्त, शुरू हुई खोदाई

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार : रोहनिया विकास खंड के पयागपुर नंदौरा गांव का सौ साल पुराना तालाब अब अपने स्वरूप को हासिल करेगा। कई दशक से इस तालाब पर किए गए अतिक्रमण को राजस्व विभाग द्वारा हटाए जाने के बाद इसकी खोदाई शुरू हो गई है। ज्ञात हो कि गांव में स्थित तालाब गाटा संख्या 362 करीब एक सौ साल पुराना है। लक्ष्मीगंज बाजार के पास स्थित इस तालाब की बेसकीमती जमीन पर कुछ लोगों ने कई दशक पूर्व कब्जा कर लिया था, जिससे तालाब के अस्तित्व पर संकट पैदा हो गया था । महिला प्रधान के प्रतिनिधि राजकिशोर तिवारी ने बताया कि ग्रामीण काफी समय से तालाब की खोदाई की मांग कर रहे थे, अब अतिक्रमण मुक्त होने के बाद मनरेगा द्वारा तालाब की खोदाई का काम शुरू किया गया है।

बच्चों में शिक्षा, अनुशासन और संस्कार बेहद जरूरीः पूनम

विजेता बच्चों के कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह व प्रधानाचार्य सदफ खान।

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार : रायन इंटरनेशनल स्कूल में डांस डेजलर इंटर स्कूल डांस कंपटीशन का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि कमला फाउंडेशन अध्यक्ष पूनम सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इससे पहले मुख्य अतिथि का स्कूल की प्रिंसिपल सदफ खान ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने जज की भूमिका निभाते हुए बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को चयनित किया। बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां पेश की। प्रथम आने वाली टीम को पुरस्कार दिया गया। कहा कि शिक्षा के मंदिर में शिक्षा, अनुशासन और संस्कार का होना बेहद जरूरी है। अभिभावकों को अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए सदैव प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम में राइजिंग चाइल्ड स्कूल की प्रिंसिपल सीमा श्रीवास्तव, राइजिंग चाइल्ड स्कूल के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, प्रिंसिपल दीप्ति तिवारी, प्रिंसिपल अर्चना सिंह, प्रिंसिपल इंदिरा शुक्ला, प्रिंसिपल नीरज सोनी आदि मौजूद रहे।

कनेक्शन काटने पर संविदाकर्मियों को पीटा

सलोन, रायबरेली, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के घुरहट गांव में बिजली बिल वसूली करने आए संविदाकर्मी को उपभोक्ता में मारपीट हो गई। आरोप है कि सोमवार को विद्युत संविदाकर्मी रविशंकर पांडेय पुत्र उमेश कुमार अपने साथी सर्वेश पांडेय के साथ घुरहट गांव में राजस्व वसूली व कनेक्शन विच्छेदन का कार्य कर रहे थे। कनेक्शन विच्छेदन होने से नाराज नागेंद्र पुत्र संकठा निवासी गोडवा हसनपुर, कंचन यादव पुत्र महराजदीन निवासी घुरहट ने संविदाकर्मी और उसके साथी से गाली-गलौज की। विरोध पर उपभोक्ताओं ने लात-घूंसे और लाठी-डंडे से संविदाकर्मी व उसके साथी को पीटा। बचाने दौड़े ग्रामीणों को देखकर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। उधर, उपभोक्ताओं ने रीडिंग में धांधली का आरोप लगाया है। कहा की बिल निकालने में रीडर अतिरिक्त धन की मांग करते हैं। घटनास्थल पर पहुंचे विद्युत उपकेंद्र रोहानिया के वरिष्ठ अधिकारी ने घायल विद्युत संविदाकर्मी व उसके साथी का रोहानिया सीएचसी में उपचार कराया। कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

7 मार्च से धरना-प्रदर्शन करेगा आरएसएम

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार : शिक्षकों की लंबित मांगों को विभाग की तरफ से निस्तारित नहीं किया जा रहा है। मांगों की अनदेखी को लेकर अब राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ 7 मार्च से धरना-प्रदर्शन करने जा रहा है। संगठन के पदाधिकारियों ने सोमवार को बीएसए को ज्ञापन देकर अपनी मांगों को पूरा करने की मांग की है।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह ने बताया कि शिक्षक-शिक्षिकाओं के अवशेष देयकों का भुगतान, अन्तर्जनपदीय शिक्षकों को वार्षिक वेतन वृद्धि एवं अन्य देयकों का भुगतान,एमआरसी शिक्षकों की उपस्थित प्रमाणित न किया जाना, जनपद के खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा सेवा पंजिकाओं का अद्यतन न किया जाना,खण्ड शिक्षा अधिकारी बछरावां द्वारा ब्लॉक के शिक्षकों का शोषण उत्पीड़न आदि समस्याओं का निस्तारण नहीं हो रहा है। मधुकर सिंह ने कहा कि बीईओ बछरावां द्वारा ब्लॉक के शिक्षकों का शोषण व उत्पीड़न की जांच कराए जाने के संबंध में, लेखा कार्यालय के पटल प्रभारियों द्वारा जनपद के शिक्षक-शिक्षिकाओं, शिक्षणेत्तर कर्मियों के अवशेष देयकों का भुगतान कई महीनों तक लंबित रखा जा रहा है। विरोध में संगठन की तरफ से 7 मार्च से धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

छात्राओं को फर्जी प्रमाण पत्र देने का आरोप

लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार : लालगंज रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के तहत प्रधानमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल बालिका विद्या मंदिर की विद्यार्थियों की उपेक्षा का मामला सामने आया है। संघ के विद्यालय सरस्वती बालिका विद्या मंदिर के प्रबंधक रमाशंकर वाजपेई और प्रधानाचार्य मधु शर्मा ने बताया कि रेलवे द्वारा पूर्व में कराई गई प्रतियोगिताओं में कॉलेज की छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया था। उन्हें भी सम्मानित करने के लिए बुलाया गया था लेकिन न तो उन्हें मंच पर बुलाया गया और ना ही सम्मानित किया गया। दूसरे स्कूल के प्रिंट किए हुए फर्जी प्रमाण पत्र प्रधानाचार्य को सौंपे गए।

रेल विभाग से मिले प्रमाण पत्र दिखातीं छात्राएं। अमृत विचार

प्रबंधक ने रेलवे द्वारा दिए गए प्रमाण पत्रों को प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजने की बात कही है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक रमाशंकर वाजपेई व प्रधानाचार्य मधू शर्मा के साथ एक दर्जन से अधिक छात्राएं कार्यक्रम में मौजूद रही। भाजपा किसान नेता रमेश सिंह भी कार्यक्रम के दौरान नाराजगी जताते हुए उठकर चले आए। उनका कहना था कि भाजपा सरकार का कार्यक्रम होने के बावजूद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का नाम नहीं लिया गया। कार्यक्रम को एक संस्था ने हाईजैक कर रखा था। वही रेल विभाग के सहायक कार्मिक अधिकारी प्रभात सिंह ने बताया कि सरकारी इंटर कॉलेज के बच्चों द्वारा कार्यक्रम आयोजित करने की योजना थी। उसी के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया, किसी को अपमानित नहीं किया गया।

अनदेखी भाजपा नेता अजय अग्रवाल को ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन, मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

5 साल से रेलवे अंडरपास अधूरा, आवागमन में दिक्कत

ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार : प्रयागराज-ऊंचाहार रेलखंड के अंतर्गत क्षेत्र के अरखा रजबहा के पास बनाया जा रहा रेलवे का अंडर पस एक साल से अधूरा है जिसके कारण क्षेत्र के करीब दो दर्जन गांवों के लोगों के आवागमन में असुविधा हो रही है। परेशान ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भाजपा नेता अजय अग्रवाल को सौंपा है ।

बता दें कि क्षेत्र के अरखा गांव के सामने पूरे दिगपाल का पुरवा गांव के पास रेलवे का गेट बना हुआ था। जिससे क्षेत्र के करीब दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों का आवागमन होता था। करीब 5 साल पहले रेलवे ने इस गेट पर पत्थर लगाकर स्थाई रूप से बंद कर दिया और अरखा रजबहा के पास पोल संख्या 68/1-2 के पास अंडरपास का निर्माण शुरू किया। 5 साल का लंबा अंतराल बीत जाने के बावजूद अंडरपास नहीं बन सका है जिससे ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन गांवों में कोई आपात स्थिति पैदा हो जाए तो गांव में न तो दमकल की गाड़ी पहुंच सकती है और ना ही एंबुलेंस पहुंच सकती है। साथ ही स्कूली बच्चों को भी आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार मामला उठाया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस मुद्दे को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने भाजपा नेता व भाजपा के पूर्व लोकसभा उम्मीदवार रहे अजय अग्रवाल से मुलाकात की और उन्हें मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर राजा जितेंद्र सिंह, प्रधान केशलाल, प्रधान बृजलाल मौर्य, प्रधान शिवमूर्ति तिवारी, प्रधान रामदेव, श्याम लाल मौर्य, नीरज सिंह, हीरालाल, मुकेश कुमार, मोतीलाल, अभिषेक, राजेंद्र, रामचरण, कमलेश कुमार, राम किशोर, आलोक सिंह आदि मौजूद रहे।

भाजपा नेता अजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। अमृत विचार

कार सवारों ने डंपर में की तोड़फोड़ , चालक को पीटा

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार : गोकना गांव के पास आधा दर्जन कार सवार दबंगों ने डंपर में जमकर तोड़फोड़ करते हुए चालक की पिटाई कर दी। चालक ने कोतवाली में मामले की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया जा रहा है जिसमें पंजाब प्रांत के होशियार जिले तलवाड़ा थाना अंतर्गत बटवाड़ा गांव निवासी विजय कुमार जीपीसी कंपनी का डंपर चलाता है। उसका कहना है कि रविवार रात वह गोकना गांव के पास डंपर में मिट्टी लादकर जा रहा था। तभी कार सवार आधा दर्जन लोगों ने डंपर रोककर मिट्टी किसी अन्य स्थान पर गिराने की बात कही। उसने मना किया तो उन लोगों ने लाठी-डंडे से उसे पीटना शुरू कर दिया। साथ ही डंपर में भी तोड़फोड़ की। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच करा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

चंदन महामंत्री तो सुधीर बने उपाध्यक्ष

महामंत्री व उपाध्यक्ष के साथ भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष।

परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार : भाजपा किसान मोर्चा के डीह मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह द्वारा चन्दन मोदनवाल को मंडल महामंत्री व सुधीर मिश्रा को किसान मोर्चा का मंडल उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। मनोनयन पर सी.पी. श्रीवास्तव, संजय पांडेय, राजू सिंह, मनीष मोदनवाल, अनिल मौर्या, प्रमोद मौर्य, वीरेंद्र मौर्या, सिया राम मौर्य आदि ने खुशी जताई।

क्लीनिक से लौट रहे डॉक्टर पर हमला, गंभीर

रायबरेली, अमृत विचार : अपनी क्लीनिक से घर लौट रहे डॉक्टर पर लगभग आधा दर्जन दबंगों ने हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है दबंग किस्म के सभासद के गुर्गों ने जानलेवा हमला किया है। शनिवार को होम्योपैथिक जिला अस्पताल में तैनात फार्मासिस्ट राकेश त्रिपाठी ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि मेरे छोटे पुत्र अपनी क्लीनिक से घर की ओर आ रहे थे तभी सभासद के परिवार के लोग सहित कई अज्ञात लोगों ने बेटे पर जानलेवा हमला कर दिया। कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से तहरीर मिली थी। मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। विवेचना के आधार पर अग्रिम विधि कार्रवाई की जाएगी।

वर-वधु पक्ष में मारपीट शादी से किया इनकार

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार : परहरी गांव में कलश उठाने को लेकर वर और कन्या पक्ष में मारपीट हो गई। संतोष कुमार निवासी भदिया थाना संग्रामगढ़ ने जगतपुर थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह अपने भाई महेंद्र कुमार की बारात लेकर परहरी गांव आए थे जहां स्वीटी पुत्री बराती लाल के साथ उनके भाई की शादी हो रही थी। कलश उठाने को लेकर परहरी गांव निवासी लोगों ने दूल्हे, उसके भाई व पिता के साथ मारपीट की और कमरे में बंद कर दिया। हालांकि, सूचना के बाद पुलिस पहुंची जहां दोनों पक्ष को समझाया-बुझाया। दोनों पक्षों ने थाने में पहुंचकर तहरीर दी जबकि लड़के वाले शादी की जिद करते रहे लेकिन लड़की पक्ष ने इनकार कर दिया। थाने में दोनों पक्षों के लोग मौजूद थे पर समझौता नहीं हो सका। थानेदार बबिता पटेल न बताया कि दोनो पक्षों से बात चल रही है।

ऑनलाइन पंजीकरण व्यवस्था ठप, मरीज परेशान

अनदेखी

▸▸ जिला अस्पताल में शोपीस बने कंप्यूटर, नई प्रकिया पर ग्रहण

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार : सरकार की ओर से रोगियों की मुश्किलों को आसान करने के लिए बेहतर सुविधाएं मुहैया कराया जा रहा है। कुछ इसी क्रम में बीते साल दिसंबर में मरीजों को पर्चा बनवाने के लिए इंतजार ना करना पड़े, इसके लिए ऑनलाइन व्यवस्था शुरू कर गई। इसका उद्देश्य पर्चा बनवाने के लिए लाइन में लगने से बचाना था। रोगियों और उनके तीमारदारों ने व्यवस्था शुरू होने पर खुशी जताई। उन्हें लगा कि

कपड़े से ढके रखे कंप्यूटर।

अब उन्हें घंटो पर्चा बनवाने के लिए लाइन नही लगाना पड़ेगा और न ही तीमारदारों को इधर-उधर भटकना पडेगा लेकिन हो उसके उलट रहा है। आज भी सुबह से पर्चा बनवाने के लिए लोगों की लम्बी लाइन लगती है। जिला अस्पताल के पर्चा काउंटर पर लगे कंप्यूटर शोपीस बने हुए है और उन्हें अब कपड़े से ढक कर रख दिया गया है।

इसके पीछे समय की बचत व अनुभव की कमी बताई गई है जबकि लोगो का मानना है कि कंप्यूटर से काम करने में आसानी होती है। इससे पर्चा पंजीकरण के साथ ही पूरे अस्पताल को ऑनलाइन जोड़ने की भी तैयारी थी। साथ ही जिला अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं को भी ऑनलाइन करने के लिए खाका बना लिया गया था लेकिन जब पर्चा ही ऑनलाइन नहीं बन रहे हैं तो आगे क्या उम्मीद की जा सकती है। जिला अस्पताल के सभी विभागों को ऑनलाइन कनेक्ट करते हुए सभी सीएचसी को भी जोड़ने की व्यवस्था थी लेकिन अभी यह संभव नहीं है। हाल ये है कि कंप्यूटर शोपीस बने हुए हैं। आज भी लोगों को जिला अस्पताल में पर्चा ऑफलाइन ही बनवाना पड़ रहा है। उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है।

> सभी पर्चे नहीं बनते हैं। 100 से 150 पर्चे तक ही ऑनलाइन बनते हैं क्योंकि उसमें समय ज्यादा लगता है। साथ ही पर्चा बनाने का अनुभव भी कम है। जल्द ही सभी चीजे दुरुस्त हो जाएगी।
> **-डॉ. महेंद्र मौर्य,** सीएमएस, जिला अस्पताल

बदले मौसम में बुखार, उल्टी-दस्त के रोगी बढ़े

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार : मौसम में बदलाव के कारण बुखार, पेट दर्द और उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। जिला अस्पताल में रोजाना करीब एक हजार के आसपास मरीज इलाज के लिए अस्पताल आ रहे है। इतना ही नही ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी अस्पतालों के साथ ही निजी अस्पतालों में भी मरीजों की अच्छी खासी तादाद होने लगी है।

दोपहर में हो रही तेज धूप व सुबह शाम पड़ रही सर्दी की वजह से लोग बीमार हो रहे है। अस्पताल में पर्चा बनवाने से लेकर काउंटर से दवाएं लेने के लिए लोगों को लंबी

जिला अस्पताल के दवा काउंटर पर लगी रोगियों की लाइन। अमृत विचार

लाइन लगानी पड़ रही है, दवा के लिए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा पेट दर्द, खांसी, जुकाम व बुखार के मरीज आ रहे हैं। सोमवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में जहां चिकित्सक को दिखाने को लेकर मारामारी रही, तो वही दिखाने के बाद दवा लेने के लिए भी लंबी लाइन लगी रही। जिला अस्पताल में अमूमन आम दिनों में जहां 600 से 700 रोगी आते हैं, वहीं मौसम बदलने के बाद संख्या एक हजार के आसपास पहुंच गई। पर्चा बना रहे कर्मचारी ने बताया कि अधिकांश रोगी बुखार, पेट दर्द के आ रहे हैं।

खेल-खेल में चला दिया लोडर, बच्चे की मौत

थाना क्षेत्र के अतरहर गांव की घटना, ननिहाल आया था बच्चा

खीरो, रायबरेली

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के अतरहर गांव में दरवाजे खड़ा लोडर अचानक चारपाई को तोड़ता हुआ दीवार से टकरा गया। चारपाई पर बैठे असद (5), उसकी बहन अनाया (4) उसके मामा सद्दाम सहित तीन लोग घायल हो गए। परिजनों ने घायल अनाया को सीएचसी खीरो पहुंचाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। मृतका के परिजनों का कहना है किसी बच्चे द्वारा लोडर को चला देने के बाद घटना हुई है जिससे वह कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करना चाहते है।

सोमवार की सुबह अतरहर निवासी मुस्ताक खां के दरवाजे उसका बेटा सद्दाम खां, बेटी नसरीन की पुत्री अनाया (4), असद (5) चारपाई पर बैठकर चाय पी रहे थे, जबकि कुछ बच्चे दरवाजे खड़े लोडर में खेल रहे थे। इसी दौरान किसी बच्चे ने लोडर को स्टार्ट कर दिया और देखते ही देखते लोडर आगे बढ़ने लगा। परिजन कुछ समझ पाते तब तक लोडर चारपाई को तोड़ते हुए दीवार से जा टकराया। इस दौरान अनाया लोडर के नीचे दब गयी, जबकि सद्दाम व असद टक्कर से दूर जा गिरे। आसपास मौजूद लोगों ने घायल सद्दाम व असद को निजी चिकित्सक द्वारा इलाज कराया। जबकि गंभीर रूप से घायल मासूम अनाया को सीएचसी खीरो पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अनाया की मौत की खबर लगते ही मां नसरीन, भाई आदिल, जैनिब, जुनेद, असद, नाना मुस्ताक, मामा सद्दाम सहित सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि अस्पताल द्वारा भेजे गए मेमो के आधार पर घटना की सूचना मिलने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

अस्पताल में रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

घर में मचा कोहराम, रो-रोकर परिजन बेहाल

लालगंज थाना क्षेत्र के गांव साहब बक्स का पुरवा निवासी मो. कादिर ड्राइवर है, जो इस समय कही बाहर गाड़ी लेकर गए थे। एक सप्ताह पूर्व उनकी पत्नी नसरीन, पुत्री अनाया, पुत्र आदिल, जैनिब, जुनेद, असद के साथ अपने मायके अतरहर आयी थी। सोमवार को उसकी पुत्री अनाया की लोडर के नीचे दबकर मौत हो गयी, जबकि चौथे नंबर का पुत्र असद घायल हो गया। घटना के बाद घर में कोहराम मचा है। वहीं परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।

प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

सांसद महिला खेल प्रतियोगिता

परशदेपुर, रायबरेली

अमृत विचार : केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा आयोजित सांसद महिला खेल प्रतियोगिता में डीह व छतोह में दो दिनों में काफी संख्या में महिलाओं ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा दिखाई। विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किया गया। डीह विकास खंड के हाजीपुर, खेतौधन, उछैला बाग, मऊ, पोठई, टेकारी दांदू आदि स्थानों पर कई गांवों को महिलाओं ने विभिन्न खेलों में प्रतिभाग किया।

बरुवा मैदान में 16 से 30 वर्ष की महिलाओं की प्रतियोगिता में रस्साकशी में प्रथम स्थान पर उदयपुर व द्वितीय स्थान पर बरुवा, 100 मीटर दौड़ पर प्रथम आरती यादव व द्वितीय सोनम यादव, लंबी कूद में प्रथम अंशिका यादव व द्वितीय आरती, रस्सी कूद में प्रथम आस्था व द्वितीय श्रेया 30 से 50 वर्ष की महिलाओं में रस्साकशी में प्रथम उदयपुर द्वितीय बरुवा, कुर्सी दौड़ में प्रथम माया द्वितीय ज्ञानवती, मटका फोड़ में प्रथम मीना, द्वितीय विजेता देवी, निंबू दौड़ में प्रथम ऊषा द्वितीय रानी देवी, बैलून दौड़ में सीमा, आशा व मीना विजयी रही। विंदादीन मौर्य, न्याय पंचायत संयोजक अखिलेश सिंह, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, ब्रज मोहन श्रीवास्तव, वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। नसीरबाद, अशरफपुर, छतोह मैदान, बनी, बभनपुर के एन. एम. पब्लिक स्कूल, सावित्री महाविद्यालय, निनावां, लहंगा के डी.पीएस पब्लिक स्कूल में आयोजित खेल प्रतियोगिता में काफी संख्या में महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विशाल सिंह, देवेश प्रताप सिंह, लाल अंकेश सिंह, गोलू सिंह, अभय तिवारी आदि ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

लहंगा में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित करते हुए विशाल सिंह व अन्य।

ऊषा और चांद बाबू को मिला सिल्वर मेडल

मेडल व प्रमाण पत्र के साथ खिलाड़ी।

रायबरेली, अमृत विचार : भारतीय खेल प्राधिकरण सेंटर सरोजिनी नगर लखनऊ में आयोजित अंडर 20 आयु वर्ग में की एथलीट प्रतियोगिता के ट्रिपल जंप में जिले की ऊषा देवी और 10 किलोमीटर पैदल चाल की प्रतियोगिता चांद बाबू ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश एथलेटिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शुक्ला ने विजेताओं को मेडल प्रदान किया। अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

दबंगों ने घर में घुसकर की जमकर मारपीट, फायरिंग

रायबरेली, अमृत विचार: ऊंचाहार कोतवाली पुलिस को खुली चुनौती देते हुए बेखौफ दबंगों ने एक घर में घुसकर जमकर तांडव किया। सरहंगो द्वारा मारपीट करते हुए फायरिंग भी की गई। आरोप है कि जान से मारने की धमकी भी दी।

सोमवार को ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के रामचंदरपुर गांव की रहने वाली बुजुर्ग महिला कृष्णा देवी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि प्रधानी के चुनाव की रंजिश में दबंग विपक्षी, उसके बेटे आंसू को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं जिसे लेकर 19 फरवरी को आरोपियों नें तांडव किया था। मामले की शिकायत ऊंचाहार कोतवाली में की लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि पेशबंदी का मामला है, सूचना पर पुलिस गई थी लेकिन वहां कुछ मिला नही था।

सार-संक्षेप

मॉडल ने दिए शिक्षा व प्रबंधन के संदेश

स्टॉल का निरीक्षण करते मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य राजीव सिंह व अन्य।

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार : न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज ऑफ हायर एजूकेशन सलेथू में डीएलएड 2023 बैच के प्रशिक्षुओं द्वारा टीएलएम मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य राजीव सिंह, प्राचार्य डॉ. शिवओम श्रीवास्तव व डीएलएड प्राचार्य धीरेंद्र सिंह अन्य प्राध्यापको ने मां सरस्वती का पूजन करने के बाद स्टालो का निरीक्षण किया। मेले में सात ग्रुप बनाए गए थे जिसमें सभी प्रशिक्षुओं ने अलग-अलग प्रकार के माडलों का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने छात्रों के कार्य की प्रशंसा की। मॉडल बनाने में प्राध्यापक उदय सिंह, डॉ. रश्मि श्रीवास्तव व अनुभव त्रिपाठी का योगदान सर्वोपरि रहा। डॉ. अरुण चौधरी, गौरव मिश्रा, जेसी श्रीवास्तव, खुशबू सिंह, सौरभ कुमार, प्रमोद कुमार, प्रवीण कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

नमो युवा चौपाल चुनाव की तैयारी पर चर्चा

चौपाल में मौजूद प्रधानाचार्य राजीव सिंह, प्राचार डॉ. शिवओम श्रीवास्तव व अन्य।

सतांव, रायबरेली, अमृत विचार : युवाओं को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने, सरकार की नीतियों से अवगत कराने के लिए नमो युवा चौपाल का आयोजन किया गया। सोमवार को क्षेत्र के गढ़ी दूलारॉय गांव में प्रधान राकेश सिंह, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिवम मिश्रा, मंडल महामंत्री वीरू सिंह, मंडल मंत्री नितिन सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य रोहित त्रिवेदी, मानवेंद्र सिंह सहित अन्य युवाओं ने तैयारियों पर चर्चा की। कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में तीसरी बार प्रचंड बहुमत से 400 का आंकड़ा पार कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने को छोटे से बड़े स्तर तक के सभी कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली है।

21 संस्थाओं और 42 समाजसेवियों का सम्मान

सम्मानित करते भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव।

रायबरेली, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ का जिला सम्मेलन व सम्मान समारोह सोमवार को दीप पैलेस में हुआ। जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव एडवोकेट ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी ने कहा कि जो संस्थाएं अपने स्वयं के संसाधनों से समाज में निस्वार्थ भाव से कार्य करती हैं, उनसे संवाद स्थापित कर मुख्य पटल पर लाया जाएगा। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि निस्वार्थ सेवाएं प्रदान करने वाली संस्थाओं को सरकार द्वारा प्राथमिकता के आधार पर अवसर प्रदान किए जाएंगे। अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष जनमेजय सिंह ने की। भाजपा जिला महामंत्री शरद सिंह ने सामाजिक संस्थाओं से अपील की कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर ग्रामीण अंचलों में जागरूकता अभियान चलाएं। समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका का निर्वाहन करने वाली संस्था 21 संस्थाओं का सम्मान किया गया। 42 समाजसेवियों का भी सम्मान किया गया। महिला मोर्चा अध्यक्ष सुधा अवस्थी, जिला मंत्री कृष्णा भारती, पूर्व सभासद सुरजीत कश्यप, मुकेश सिन्हा, पवन सिंह, राजेश सिंह, रुचिता सिंह आदि रहे।

युवक ने फंदा लगाकर दी जान

डीह, रायबरेली, अमृत विचार : अयासपुर डीही में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। 28 वर्षीय अजय ने गांव के बाहर खेत के पास पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने शव देखा तो परिजनों को सूचना दी। थानाध्यक्ष जेपी सिंह ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हमारा आंगन-हमारे बच्चे में निपुण बच्चों को किया सम्मानित

कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार : ब्लॉक संसाधन केंद्र सतांव में 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें सम्मिलित जन समुदाय एवं उनके साथ उपस्थित अभिभावकों से बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों एवं प्राथमिक विद्यालय में नियमित भेजने और समय-समय पर बैठकों में प्रतिभाग करें। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हरचंदपुर ने खंड शिक्षा अधिकारी गौरव मिश्र के साथ इसका उद्घाटन किया। साथ ही प्रत्येक न्याय पंचायत से पांच निपुण बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान एआरपी आशुतोष तिवारी द्वारा कार्यक्रम के बारे में अभिभावकों से विस्तृत चर्चा की। एआरपी रणविजय सिंह द्वारा एनईपी 2020 को परिचित कराया गया। कार्यक्रम में एसआरजी सुनील यादव, एआरपी आराधना सिंह, एआरपी योगेंद्र यादव एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि मौजूद रहे।

हर जाति-धर्म, वर्ग के लोगों के हितों का रखा ध्यान

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार : छतोह विकासखंड स्थित मखदूमपुर संडहा में संविधान शिल्पी बोधिसत्व बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का भव्य लोकार्पण किया गया। इस दौरान विचार गोष्ठी भी आयोजित की गई। इसमें वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। इससे पहले डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का लोकार्पण तीन माह की नवजात बच्ची वर्तिका सुपुत्री बंसीलाल सरोज के द्वारा किया गया। बौद्धिक एवं सामाजिक चिंतक डॉ सुनील दत्त ने विचार संगोष्ठी में कहा कि बोधिसत्व संविधान शिल्पी बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने बड़ी सूझबूझ के साथ बिना किसी भेदभाव के संविधान के माध्यम से हर जाति, धर्म, वर्ग के लोगों के हितों का ध्यान रखा। उन्होंने नदियों में प्रतिवर्ष आने वाली भयंकर बाढ़ों से बचाने के लिए नदी घाटी परियोजनाओं के माध्यम से जल विद्युत और सिंचाई जैसी समस्याओं का समाधान खोज निकाला।

बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लोकार्पण समारोह में मौजूद लोग।

उन्होंने कहा कि बैंक आफ इंडिया की स्थापना उन्हीं की सोच का प्रतिफल है। महिलाओं को वोट का अधिकार और प्रसूति का अवकाश उनकी दूरदर्शिता का परिणाम है। भारत के हर नागरिक को वोट देने और वोट लेने का अधिकार बाबा साहब की देन है। रोहित प्रतिपक्षी ने कहा कि ग्राम प्रधान से लेकर मन्त्री, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनने का अधिकार बाबा साहब की दूरदर्शिता का प्रतिफल है। विश्व का सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका उन्हें सिंबल ऑफ नॉलेज कहता है। भारत सरकार उन्हें भारत रत्न का पुरस्कार देती है। विश्व के लोग उन्हें सूर्य कहकर संबोधित करते हैं। राजेश कुरील ने कहा कि दुनिया के कई देशों में डॉ अंबेडकर बोधिसत्व के रूप में पूजे जाते हैं। पूरी दुनिया में तथागत बुद्ध के बाद अगर किसी का सम्मान के साथ नाम लिया जाता है तो वह नाम है डॉ. भीमराव अंबेडकर का। उनका कद और पद विश्वव्यापी है। प्रमोद कुमार बौद्ध ने कहा कि सच्चे अर्थों में वे मानवता के मसीहा हैं, लेकिन कुछ संकुचित मानसिकता के अज्ञानी लोग उन्हें केवल दलितों के मसीहा के नाम से पुकार कर उनके कद और पद को छोटा करने का काम कर रहे हैं। हमें अति शीघ्र इस गलती को सुधारने की जरूरत है। आज हमें आने वाली पीढ़ियों को अच्छी और बेहतरीन शिक्षा के साथ-साथ बेहतर संस्कार देने की भी जरूरत है। कार्यक्रम का संचालन बौद्धाचार्य अशोक सावंत ने पूज्य भन्ते जितेंद्र वर्धन से सील याचना की, जिस पर बौद्ध भिक्षु जितेंद्र वर्धन ने त्रिरत्न वंदना कर उपस्थित लोगों को पंचशील प्रदान किया। संगोष्ठी को बहुजन शक्ति संघर्ष वाहिनी के संरक्षक एवं एस.सी./एस.टी. बेसिक टीचर वेलफेयर एसोसिएशन के जिला महामंत्री रोहित चौधरी, देशराज भारती, सर्वेश कुमार पासी, संजय कनौजिया, डॉ रमेश कुमार, राजू बौद्ध, डॉ अनिल कुमार आदि रहे।

खेलकूद भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने संकट मोचन कप बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

बैडमिंटन में ऐहार की मांडवी और लखनऊ के मोक्ष बने चैंपियन

लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार : श्री संकट मोचन कमेटी ऐहार की ओर से दो दिवसीय संकट मोचन कप बैडमिंटन प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पांच वर्गों में खेला गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत करने के साथ-साथ कमेटी को 21 हजार रुपये भेंट किया। ओपन गर्ल्स सिंगल में फाइनल मुकाबला रायबरेली की नंदिनी और ऐहार की मांडवी शुक्ला के मध्य खेला गया। इसमें मांडवी शुक्ला ने जीत हासिल की।

अंडर-15 बालक वर्ग का मुकाबला ऐहार के अक्षत बाजपेई एवं रायबरेली के अंकित के मध्य खेला गया, जिसमें अंकित ने जीत दर्ज की। सबसे ज्यादा रोमांचक मुकाबला 45 प्लस का खेला गया, जिसमें लखनऊ की युगल जोड़ी मनोज और मनीष तो दूसरी ओर ऐहार के अखिलेश और आशीष युगल जोड़ी के मध्य हुआ। इसमें लखनऊ की टीम ने जीत हासिल की।ओपन सिंगल्स का मुकाबला जो इस टूर्नामेंट के आकर्षण का केंद्र रहा, यह मुकाबला लखनऊ के धर्मवीर और लखनऊ के ही खिलाड़ी मोक्ष के मध्य खेला गया। दोनों राजधानी के जाने-माने खिलाड़ी रहे। बहुत ही रोमांचक मुकाबला रहा। इसमें मोक्ष ने जीत दर्ज की। ओपन सीनियर्स डबल का मुकाबला कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम के खिलाड़ी रिशु-सोहन एवं धर्मवीर - मोक्ष लखनऊ के मध्य खेला गया।

पुरस्कृत खिलाड़ियों के साथ भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला। अमृत विचार

कानपुर की टीम ने अपना परचम लहराया और जीत दर्ज की। समाजसेवी भाजपा के वरिष्ठ नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने विजेताओं को ट्रॉफी और शील्ड प्रदान कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और कहा खिलाड़ी कितना भी कमजोर हो, लेकिन संघर्ष उसे मजबूत बनाता है। टूर्नामेंट मे बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड प्रखर शुक्ला को प्रदान किया गया, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में सबसे शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र मोहन त्रिपाठी ने किया। इसमें रोहित श्रीवास्तव, अजय तिवारी, पंडित झिलमिल जी महाराज, साधोले प्रसाद शुक्ला, दिनेश चंद्र मिश्रा, अनुज अवस्थी, कीर्ति मनोहर शुक्ला, वैभव शुक्ला, आशु पाण्डेय आदि मौजूद रहे। अखिलेश कुमार पाण्डेय, जितेंद्र मिश्रा, धूनम शुक्ला, आशीष शुक्ला, आयुष पाण्डेय, मयंक शुक्ला, गौरव शुक्ला, आलोक तिवारी, अंकित पाण्डेय, अतुल पाण्डेय ने खिलाड़ियों का माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया।

एक नजर

लक्ष्मण को शक्ति बाण लगने की लीला का मंचन

हरदोई, अमृत विचार। नुमाइश मेला में चल रही श्री रामलीला में सोमवार को लक्ष्मण मूर्छित लीला का मंचन वृंदावन के कलाकारों ने किया। जिसमें दर्शाया गया कि अंगद रावण को चारों नीतियों से समझता है पर रावण समझता नहीं है। युद्ध प्रारंभ हो जाता है। पहले दिन के युद्ध में रावण की आधे कटक को राम जी की सेना ने समाप्त कर डाला। दूसरे दिन मेघनाथ को युद्ध के लिए भेजा गया। लक्ष्मण और मेघनाथ के बीच घमासान युद्ध हुआ। मेघनाथ ने शक्ति का प्रयोग किया, जिससे लक्ष्मण मूर्छित हो गए। लक्ष्मण का इलाज करने के लिए हनुमान जी लंका से सुषेन वैद्य को उठाकर ले आए। वैद्य ने लक्ष्मण के उपचार के लिए संजीवनी बूटी बताई। हनुमान बूटी लेने गए। मार्ग में रावण ने विघ्न डालने के लिए कालनेम को भेजा। हनुमान ने कालनेमि का वध किया और सूर्योदय से बूटी ले आए, जिससे लक्ष्मण के प्राण बच गए।

दो अधिवक्ताओं के निधन पर जताया गया दुःख

हरदोई, अमृत विचार। अधिवक्ता संघ के सदस्य विनोद कुमार बाजपेई एवं पूर्व सदस्य आदित्य प्रकाश मिश्र के आकस्मिक निधन का समाचार मिलते ही अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कृष्ण दत्त शुक्ला की अध्यक्षता में हुई आमसभा की बैठक में वकीलों ने दोनों साथियों के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया तथा दो मिनट का मौन रखकर दोनों मृतात्माओं की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की एवं शोक प्रस्ताव पारित किया। तत्पश्चात अपने दोनों साथियों के सम्मान में अदालती कामकाज ठप रखा। यह जानकारी संघ के महामंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह ने दी है।

दबंगों ने की मारपीट, रिपोर्ट

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कस्बे के मोहल्ला गढ़ी कला में चार दबंगों ने मिलकर एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। कस्बे के मोहल्ला गढ़ी कला निवासी सलमान ने बताया कि गढ़ी दरमियानी के टिंकू, फुरकान और चंदू सिमंदर ने अमन के साथ मिलकर उसे डंडों से पीटा।

विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन बनेगा बालामऊ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया वर्चुअल शिलान्यास, जिले में देखा गया लाइव प्रसारण

हरदोई

अमृत विचार। केंद्र में मोदी सरकार बनने के बाद ही देश को विकास की ओर ले जाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के स्टेशनों को विकसित करने की योजना धरातल पर दिखने लगी है। प्रधानमंत्री द्वारा देश के सभी रेलवे स्टेशनों को विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन बनाने का सपना अब पूरा होता नजर आ रहा है।

बनारस, अयोध्या के बाद अब पहले चरण में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हरदोई समेत देश के 1000 से अधिक रेलवे स्टेशनों को विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन बनाने के लिए शिलान्यास छह अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल किया गया था। इसके बाद एक बार फिर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल तरीके से देश में 2000 से अधिक रेल परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। प्रधानमंत्री द्वारा हरदोई जनपद के बालामऊ रेलवे स्टेशन को भी विश्व स्तरीय बनाने के लिए उसका वर्चुअल शिलान्यास किया गया। इस दौरान जनपद के तमाम जनप्रतिनिधि क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल लोगों को संबोधित भी किया गया।

बालामऊ रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास करते मिश्रिख सांसद अशोक रावत। अमृत विचार

13 करोड़ रुपए से संवरेगा बालामऊ रेलवे स्टेशन

मुरादाबाद मंडल के छह रेलवे स्टेशनों में से हरदोई के बालामऊ रेलवे स्टेशन को सोमवार की दोपहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व स्तरीय बनाने के लिए वर्चुअल शिलान्यास किया गया। इस दौरान मिश्रिख क्षेत्र के सांसद अशोक रावत, कछौना विधानसभा से विधायक रामपाल वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष कछौना समेत क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। बालामऊ रेलवे स्टेशन का कायाकल्प 13 .3 करोड रुपए की लागत से किया जाएगा। विश्व स्तरीय स्टेशन बनेने से यात्री सुविधाओं की बढ़ोतरी होगी। बालामऊ रेलवे स्टेशन जल्द ही नए रंग रूप में नजर आएगा। बालामऊ की बिल्डिंग के दिशा भी बदल जाएगी। बालामऊ रेलवे स्टेशन को भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन की तर्ज पर बनाया जाएगा।

यह मिलेंगी सुविधाएं

बालामऊ रेलवे स्टेशन के अमृत भारत रेलवे स्टेशन में शामिल होने के बाद यहां पर कैफेटेरिया, स्मॉल बिजनेस मीटिंग रूम, एग्जीक्यूटिव लाउंज, वाई-फ़ाई की सुविधा मिलेगी। इसी के साथ सर्कुलेटिंग एरिया को चौड़ा और सौंदर्यकरण कराया जाएगा। यात्रियों के बैठने के लिए बेहतर बेंच और सोफे की व्यवस्था की जाएगी। बालामऊ रेलवे स्टेशन पर अब तक यात्रियों को पानी पीने के लिए 10 नलों की व्यवस्था है जिसे बढ़ाकर अब 24 कर दिया जाएगा। बालामऊ रेलवे स्टेशन पर स्नान घर युक्त प्रतीक्षालय 40 स्क्वायर मीटर में बना है जिसे बढ़ाकर 130 स्क्वायर मीटर किया जाएगा।बालामऊ रेलवे स्टेशन पर अब तक यात्रियों को एग्जीक्यूटिव लाउंज की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत बालामऊ रेलवे स्टेशन पर 24 एग्जीक्यूटिव लाउंज बनाए जाएंगे। बालामऊ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर अब तक 80 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था थी, जिसे बढ़ाकर अब 120 किया जाएगा। प्लेटफार्म पर बने शेल्टर को भी बढ़ाया जाएगा। बालामऊ प्लेटफार्म पर बने मूत्रालय की संख्या को बढ़ाया जाएगा। अब तक बालामऊ रेलवे स्टेशन पर छह मूत्रालय बने थे, जिन्हें बढ़ाकर नौ किया जाएगा। वहीं छह शौचालय से नौ शौचालय किए जाएंगे। बालामऊ रेलवे स्टेशन पर बने फुट ओवर ब्रिज की चौड़ाई भी बढ़ाई जाएगी। अब तक बालामऊ रेलवे स्टेशन पर बने फुटओवर ब्रिज की चौड़ाई तीन मीटर थी, जिसे बढ़ाकर अब छह मीटर किया जाएगा।

दिव्यांगों का भी रखा गया ख्याल, होंगी बेहतर व्यवस्थाएं

अमृत भारत स्टेशन योजना में दिव्यांगों का भी खास ख्याल रखा गया है। गर्मियां शुरू होने वाली है ऐसे में बालामऊ रेलवे स्टेशन पर अब तक दो वाटर कूलर की व्यवस्था थी जिसे अमृत भारत स्टेशन योजना में बढ़कर पांच कर दिया गया है। इसी के साथ नई रेल लाइन भी बिछाई जाएगी, जिससे सीतापुर और उन्नाव की ओर से आने वाली ट्रेनों को बड़ी राहत मिलेगी। मुरादाबाद मंडल में एक ओवर ब्रिज व एक अंडरपास का भी शिलान्यास प्रधानमंत्री द्वारा किया गया हैं। बालामऊ रेलवे स्टेशन के अमृत स्टेशन योजना में शामिल होने पर क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी का माहौल देखने को मिला है।

जिला पंचायत अध्यक्ष के घर आग लगने से मचा हड़कंप

हरदोई

अमृत विचार। जिला पंचायत अध्यक्ष के घर में अचानक आग लगने से वहां हड़कंप मच गया। बताते हैं कि पूजा के लिए जलाए गए दीपक से पर्दे ने आग पकड़ ली, जबकि कुछ शार्ट सर्किट होना बता रहे है। इसका पता होते ही वहां तमाम लोग दौड़ पड़े, उधर किसी अनहोनी से निपटने के लिए दमकल कर्मी मोर्चे पर जा डटे। आनन-फानन में आग काबू कर कोई बड़ा हादसा होने से बचा लिया गया।

सोमवार की सुबह ज़िला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती के महात्मा गांधी रोड (नुमाइश चौराहा के बगल) स्थित घर की दूसरी मंज़िल में अचानक आग लगने से वहां हड़कंप मच गया। पता चला कि वहां पूजा के लिए दीपक जलाया गया था, उसी से पर्दे ने आग पकड़ ली, लेकिन कुछ का कहना है कि बिजली के शार्ट सर्किट से ऐसा हादसा हुआ। इसका पता होते ही वहां तमाम लोग पहुंच गए और अपनी सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से बचा लिया। वहीं सूचना मिलते ही दमकल कर्मी भी पहुंच कर वहां अपने मोर्चे पर डट गए। माना जा रहा है कि सब कुछ समय रहते कर लिया गया, वरना किसी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता था।

घर से बाहर निकल नारी शक्ति लहरा रही परचम

हरदोई

अमृत विचार। गांधी मैदान सभागार में भाजपा के शक्ति वंदन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से आधी आबादी समाज में अपनी पहचान बना पाई है। घर से बाहर तक नारी शक्ति अपने हौसलों से हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं खुद के साथ परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त और सक्षम बनने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में चंद्रयान अभियान में अहम भूमिका निभाने वाली महिला वैज्ञानिक डॉ. ऋतु से लेकर राजनैतिक क्षेत्र में देश की राष्ट्रपति बनी द्रोपदी मुर्मू बड़ा उदाहरण है महिलाओं के लिए कि 2014 के बाद बनी भाजपा सरकार ने महिलाओं को मजबूत करने के लिए एक वातावरण तैयार किया। जिसके बाद सरकार ने समेत तमाम योजनाएं शुरू की जिससे आधी आबादी को सम्मान से जीने का हक मिला। प्रदेश में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड का गठन किया गया, इससे महिला संबंधी अपराधों में कमी आई है।

कार्यक्रम में संजय गुप्ता क्षेत्रीय मंत्री ने मातृ शक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को केन्द्र में रख कर प्रधानमंत्री मोदी व योगी सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाएं देकर महिलाओं को लाभान्वित किया है। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा अध्यक्ष अलका गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा पीके वर्मा, जिला उपाध्यक्ष एसपी मौर्य संजय सिंह गुड्डू, जिला महामंत्री इंजीनियर ओम वर्मा, मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक, मीडिया सह प्रभारी परेश गुप्ता, महेंद्र सोनी एनजीओ संयोजक, मुकुल सिंह आशा एनजीओ प्रकोष्ठ सह संयोजक, पीयूष शुक्ला, महिला मोर्चा महामंत्री रीना गुप्ता, नगर अध्यक्ष अजीत उपाध्याय, पारिशा तिवारी, अनुराधा मिश्रा, श्वेता जनकल्याण समिति प्रदेशध्यक्ष रीता सिंह, श्री श्याम स्वयं सहायता समूह की नंदनी अवस्थी, जय भोले सेवा समिति राष्ट्रीय सचिव पूजा गुप्ता मौजूद रहीं।

कार्यक्रम को संबोधित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती व मौजूद अतिथि। अमृत विचार

परिक्रमा के पड़ावों की साफ-सफाई के निर्देश

कोथावां, हरदोई

अमृत विचार। आगामी चौरासी कोसीय परिक्रमा को लेकर उपजिलाधिकारी सण्डीला ने परिक्रमा मार्ग के साथ-साथ परिक्रमा पड़ावों का भी निरीक्षण किया और व्यवस्थाएं परखी।

आगामी पौराणिक चौरासी कोसीय परिक्रमा कुछ ही दिनों में शुरू होने वाली है जिसके चलते उपजिलाधिकारी सण्डीला तान्या सिंह ने जिले मे पड़ने वाले परिक्रमा पड़ाव स्थलों में गिरधरपुर उमरारी, नगवां कोथावां व हर्रैया परिक्रमा पड़ाव पर होने वाली व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और जायजा लेते हुए हकीकत परखी और परिक्रमार्थियों को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े उसके लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिशानिर्देश भी जारी किए। उपजिलाधिकारी ने परिक्रमा पड़ाव स्थलों पर साफ सफाई, प्रकाश, पानी आदि की व्यवस्था के साथ-साथ परिक्रमा मार्ग के दुरुस्तीकरण का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गिरधरपुर स्थित निबोस बाबा देवस्थान पुजारी बाबा दिनेश कुमार दास ने गिरधरपुर स्थित सूर्यकुण्ड मे जल भरवाए जाने व देवस्थान पर सी.सी.टी.वी. लगाए जाने की प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की। इस दौरान उपजिलाधिकारी तान्या सिंह के साथ क्षेत्राधिकारी हरियावां सन्तोष कुमार सिंह, बेनीगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी, उमरारी ग्राम प्रधान पुत्र दिनेश कुमार, प्रधान प्रतिनिधि अमित सिंह व गिरधरपुर प्रधान पुत्र राहुल कुमार लेखपाल मनोज कुमार उपस्थित रहे।

परिक्रमा पड़ावों का निरीक्षण करतीं उपजिलाधिकारी तान्या सिंह। अमृत विचार

गैर इरादतन हत्या में दोषी को आठ साल कैद की सजा

हरदोई

अमृत विचार। अपर सत्र न्यायाधीश अच्छे लाल सरोज ने एक फैसले में गैर इरादतन हत्या के मामले में आरोपित को जुर्म साबित होने पर आठ साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। 30 हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना पाली क्षेत्र के राम नगरिया निवासी राम कुमार ने ताबड़तोड़ फायर करके रामकुमार को घायल कर दिया, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। इस मामले की रिपोर्ट मेवाराम निवासी करीमनगर थाना शाहाबाद ने दर्ज कराते हुए कहा कि 10 मई 2014 को उसके रिश्तेदार नन्हे पुत्र मुंशीलाल निवासी रामनगरिया थाना पाली की बेटी की शादी थी। जिसमें वह तथा बेटा रामकुमार रंबा मुकेश आदि गए थे। करीब 10:30 बजे रात में आरोपित रामकुमार ने ताबड़तोड़ फायर की, जिससे उसके बेटे रामकुमार को लगी, जिससे वह घायल हो गया और बाद में उसकी मौत हो गई। सत्र न्यायाधीश ने पेश किए गए सबूतों और गवाहों को सुनने के बाद आरोपित पर गैर इरादतन हत्या का जुर्म साबित पाया।

सार-संक्षेप

कथा का श्रवण करने से होता जीव का उद्धार : जितेंद्र

भरखनी, हरदोई, अमृत विचार। भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन श्रीमद् भागवत का रसपान करने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। उत्तर प्रदेश के वृंदावन से पधारे कथा वाचक आचार्य जितेंद्र उपाध्याय महाराज ने भागवत कथा के अंतिम दिन कई प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। इसमें सुदामा प्रसंग, परीक्षित मोक्ष की कथा का बड़े ही रोचक अंदाज में वर्णन किया। कथा के दौरान आचार्य जी ने श्रोताओं को भागवत को अपने जीवन में उतारने की अपील की। साथ ही सुदामा चरित्र के माध्यम से श्रोताओं को श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की मिसाल पेश की। समाज को समानता का संदेश दिया। इस कड़ी में महाराज ने बताया श्रीमद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है, वहीं इस कथा को कराने वाले भी पुण्य के भागी होते हैं। अंतिम दिन सुखदेव द्वारा राजा परीक्षित को सुनाई गई।

घेराबंदी कर युवक को पीटा, चार पर रिपोर्ट दर्ज

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के मोहनपुरवा मजरा कटरी छिबरामऊ गांव निवासी अमित पुत्र लालाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने गांव से छिबरामऊ की बाजार करने आया था। बाजार करके अपने घर मोहनपुरवा जा रहा था, तभी छिबरामऊ पुलिया के पास पहुंचा तो विपिन, कन्हैया, मदनपाल, रामसेवक ने घेराबंदी करते हुए मुझे घेर लिया। जिसके बाद उसके साथ में उसकी भांजी शीलू, साली निशा व भाभी को धक्का देने लगे। जब उसने विरोध किया तो विपक्षियों ने उसको लाठी डंडों तथा बेल्टों से पीट कर घायल कर दिया और जान माल की धमकी देकर मौके से भाग निकले। पीड़ित अमित ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

विधायक ने जनता दरबार लगाकर सुनी समस्याएं

कोथावां, हरदोई, अमृत विचार। लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिए क्षेत्रीय विधायक ने अपने आवास पर रहकर जनता दरबार लगाया और लोगों की समस्याओं से रुबरु होकर उनके जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। बताते चलें कि बालामऊ विधानसभा विधायक रामपाल वर्मा ने विकास खण्ड कोथावां स्थित ग्राम अटिया शाहपुर में अपने पैतृक आवास पर जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी, इस दौरान उन्होंने लोगों को जल्द से जल्द समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। वहीं विधायक के पास फरियाद लेकर पहुंचे लोगों ने बताया कि विधायक ने अपने कामों के दम पर ही लोकप्रियता हासिल की है। उनके पास आने से समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण होता है। जनता दरबार में काफी लोग पहुंचे और विधायक से अपनी समस्याओं के त्वरित निस्तारण की फरियाद की।

लुधियाना से हरदोई आते समय युवक की मौत

हरदोई। पत्नी और बच्चों के साथ लुधियाना में युवक मज़दूरी कर रहा था। वहीं काम के दौरान युवक छत से गिरकर घायल हो गया। जिसके बाद घायल पति और बच्चो के साथ लेकर महिला अपने घर के लिए निकली। लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही पति की मौत हो गई। मझिला पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बताया गया है कि मझिला थाने के रेवरी मजरा भोपईपुरवा निवासी विनोद, पत्नी नीलम, पुत्र कुलदीप व चार पुत्रियां के साथ मज़दूरी करने लुधियाना गया था। जहां वह किराए के मकान में रहता था, उसके साथ उसकी पत्नी नीलम भी मज़दूरी करती थी। बताया गया है कि शनिवार को विनोद और उसकी पत्नी नीलम दोनों मज़दूरी करने के गए हुए थे। वहीं विनोद छत से नीचे गिर कर जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए वहीं के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज कराने के बाद नीलम ज़ख्मी पति और बच्चों को लेकर वापस गांव लौट रही थीएउसी बीच रविवार की रात विनोद की रास्ते में ही मौत हो गई। शव ले कर गांव पहुंची नीलम ने पुलिस को सूचना देते हुए पति के शव का पोस्टमार्टम कराने को कहा। इस बारे में एसएचओ मझिला सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। फिलहाल अभी तक तो कोई आरोप नहीं लगाया गया है।

परीक्षा पर्चा के साथ भाजपा भी हो गई लीक

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। कस्बे के महेश पैलेस में बसपा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य और लखनऊ मंडल के प्रभारी भीमराव अंबेडकर ने कहा भाजपा तानाशाहों की सरकार है। यह लोग धर्म के नाम पर सरकार बनाने की तैयारी कर रहे हैं, जो लोग मूर्तियां तोड़ते थे। वह आज जय भीम बोल रहे हैं और हाथ जोड़कर घूम रहे हैं। गठबंधन की बात कर रहे हैं। अकेले चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं पड़ रही है। उनकी सरकार में अपराधी हावी थे और थाने और तहसील चलाया करते थे। उन्होंने कहा एक पार्टी के लोगों ने मंदिर और भगवान पर भी कब्जा कर लिया है और उन्हें कैद कर रखा है। उन्होंने कहा पुलिस भर्ती का पेपर लीक नहीं हुआ बल्कि सरकार लीक हो गई है। सारी नौकरियां खत्म कर दी हैं बेरोजगार परेशान घूम रहे हैं। बसपा के समय में कोई पेपर लीक नहीं होता था। उन्होंने कहा दस साल में सरकार ने मजदूरों की मजदूरी का एक रुपया तक नहीं बढ़ाया है। किसान मजदूर महंगाई से त्रस्त हो गया है। रेलवे, बस अड्डे, हवाई अड्डे बेच दिए गए हैं।

कार्यकर्ता सम्मेलन में एमएलसी का स्वागत करते समर्थक। अमृत विचार

सराहनीय | कन्या दान योजना समिति ने दहेज व घरेलू सामान देकर पीले कराए हाथ

हरदोई से हल्दी पाकर विदा हुई लखनऊ की बिटिया रिंकी

हरदोई

अमृत विचार। पिता के न रहने पर मां ने अपनी बिटिया की खातिर दूसरे के घरों का चौका-बर्तन किया, लेकिन बदले हालात से उतना काफी नहीं था। उसी बीच कन्या दान योजना समिति आगे आई और दान-दहेज के साथ उसे विदा किया। समिति के इस कदम की हर कोई सराहना कर रहा है।

कन्या दान योजना समिति ने रविवार को लखनऊ में गरीब और बेसहारा रिंकी के हाथ पीले कर उसे उसकी ससुराल विदा किया। बचपन में ही रिंकी के पिता की मौत हो गई थी, उसकी मां ने दूसरों के घरों का चौका-बर्तन कर रिंकी की परवरिश तो की। साथ ही उसके लिए कुछ जोड़-बटोर कर इकट्ठा किया। लेकिन बदले हालात में उतना काफी नहीं था। इधर रिंकी 21 वें साल में पहुंच चुकी थी, उसकी शादी के लिए मां को कुछ भी न समझ आ रहा था। उसी बीच कन्यादान योजना समिति परिवार से जुड़ी सुनीता अग्रवाल ने उसे प्रदेश प्रभारी निहारिका सिंह से मिलवाया और फिर लिया गया एक और बिटिया के हाथ पीले कर उसे विदा करने का संकल्प। रिंकी के घर पहुंचें समिति के लोगों ने वृक्षारोपण को महत्व देते हुए रिंकी बिटिया को वृक्ष देते हुए उसका कन्यादान किया। उस बीच समिति के संस्थापक अध्यक्ष गोपेश दीक्षित, ग्लेज एंटोनी, सचिन मिश्रा, दीपक तिवारी, दीक्षा श्रीवास्तव, मोहित श्रीवास्तव, सम्राट कश्यप आदि ने और रिंकी बिटिया को दहेज़ में डबल बेड, गद्दा तकिया, श्रंगार दान, अलमारी, बक्सा, बर्तन, कपड़े, मेकअप बॉक्स, कुर्सी-मेज़ आदि घरेलू सामान देकर विदा किया।

इस दौरान जबलपुर से राज कौर, झारखंड से शमीमा खातून, गाजियाबाद से गरिमा, असम से जमुना गुरंग लखनऊ से सुनीता अग्रवाल, स्मिता सिंह, प्रीती निगम, कल्पना सिंह, फतेहपुर से नागराज, सोना शिवहरे, हरदोई से स्मिता कृष्ण कुमार, जगतार सिंह, गीता सिंह, अनीस, बिंदिया गुप्ता, दीप्त वर्ण सिंह, अरविन्द, उमेश मिश्रा, नेहा पांडे, ज़ेबा इमरान, राजेश बाजपेई, रिशेंद्र बाजपेई आदि ने आर्थिक रूप से सहयोग किया। उसी के साथ लखनऊ में 'सर्व-धर्म कन्या विवाह फाउंडेशन' द्वारा संचालित कन्यादान योजना समिति के कार्यालय का उद्घाटन किया गया।

दान-दहेज लेकर बिटिया के घर पहुंचे कन्या दान योजना समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

पंजीकृत सभी गैंगों का होगा सत्यापन

हरदोई

अमृत विचार। जिले में पंजीकृत सभी गैंगों का सत्यापन होगा। जो अपराधी सक्रिय है उनको किसी भी हाल में छोड़ा नही जाएगा। जो अपराधी लापता है उनको तलाश किया जाएगा। एसपी ने सभी थानेदारों को चिट्ठी जारी की है। 10 दिन अभियान चलाकर अपराधियों को ढूंढा जाएगा। उसके बाद 7 मार्च को एसपी खुद रिपोर्ट देखेंगे।

जिले में अपराधियों के 236 गैंग है इसमें गैंग लीडर समेत 925 सदस्य हैं। पंजीकृत गैंग के 903 अपराधी सक्रिय है 20 निष्क्रिय है। 13 लापता है और तीन अपराधी मर चुके है। अभियान के अंतर्गत उन सभी बदमाशों के भी घर जाकर पुलिस मौजूदगी का भौतिक सत्यापन करेगी। एसपी केशवचन्द गोस्वामी ने बताया कि पुलिस की नजर जेल से छूटे पेशेवर बदमाशों पर है। इसके अलावा छोटे मोटे अपराधियों पर पुलिस की नजर टेढ़ी हो गयी है। इन सबका थानेदार व चौकी प्रभारी सत्यापन करेंगे। जमानत पर छूटा जो बदमाश घर पर होगा पुलिस उसकी निगरानी करेगी। आपराधिक गतिविधि में लिप्त होने और दबंगई दिखाने पर निरोधात्मक कार्रवाई होगी। पंजीकृत गैंग के 91 अपराधी वर्तमान में जमानत पर रिहा हैं। अभियान के अंतर्गत उन सभी बदमाशों के भी घर जाकर पुलिस मौजूदगी का भौतिक सत्यापन करेगी। आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पेशेवर अपराधियों को गतिविधियों पर नजर रखने के साथ ही गांव में जाकर उनके बारे में जानकारी जुटाएगी। चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश करने वालों पर निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने बताया अपराधियों के खिलाफ पुलिस सख्ती से पेश आएगी। इस संबंध में जिले के सभी थानेदारों को निर्देश दिए गए हैं। जमानत पर छूटे बदमाशों की निगरानी कराई जा रही है।

एसपी ने दिया निर्देश

- दस दिन अभियान चलाकर पुलिस खोजेगी अपराधी
- जिले में 236 गैंग हैं पंजीकृत

एक नजर

महिला ने पुरुष पर लगाया फोन पर धमकाने का आरोप

बिलग्राम, हरदोई। कोतवाली क्षेत्र के परसोला गांव निवासी महिला ने पड़ोसी के रिश्तेदार के द्वारा फोन पर आपत्तिजनक बात करने का आरोप लगा कर कार्यवाही करने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम परसोला निवासी आरती पत्नी शिव भूषण द्विवेदी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि किसी अवनीश नाम का व्यक्ति आये दिन उसके मोबाइल पर फोन कर उससे आपत्तिजनक बात करता है। यही नहीं मना करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी देता है। जब उसने आने वाली काल्स का पता लगाया तो उसे मालूम हुआ कि यह व्यक्ति उसके पड़ोस में रहने वाले रोहित सक्सेना का रिश्तेदार है।

अंकित अध्यक्ष व सचिन को बनाया गया उपाध्यक्ष

पाली, हरदोई, अमृत विचार। नवनियुक्ति संगठन युवा जनसंघ की बैठक का सोमवार को आयोजन किया गया। जिसमें संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से अंकित मिश्रा को अध्यक्ष पद की अहम जिम्मेदारी दी गई और उपाध्यक्ष पद पर सचिन यादव को नामित किया गया। संगठन के संस्थापक अनुज आजाद ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर संगठन को मजबूत किया जाए। संगठन के मजबूत पदों पर मजबूत पदाधिकारी को दिया जाएगा। बैठक में सुरेश मिश्रा, शिवकांत बाजपेई, मोनू मिश्र, गोपाल मिश्र, सत्यप्रकाश शुक्ला सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दो दिनों से विद्युत सप्लाई बंद

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। दो दिन के अंदर पांच विद्युत पोल विभिन्न स्थानों पर टूट जाने से उन पोलों से जाने वाली सप्लाई बाधित रही। सोमवार को 5 एमवीए, 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग होने के कारण लगभग सात घंटे तक नगर व ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित रही, जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दोनों ट्रांसफार्मर से जिन-जिन इलाकों में सप्लाई जाती थी, वह बाधित ही रही।

फर्जीवाड़ा करने वालों के दर्ज होंगे बयान

हरदोई, अमृत विचार। तबादला आदेश में एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया के फर्ज़ी दस्तखत बना कर किए गए फर्ज़ीवाड़े की जांच में तेज़ी आ गई है। मामले की जांच कर रहे एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने एडीजी जोन ऑफिस के निलंबित बाबू विनोद के अलावा तीन कर्मियों को बयान के लिए तलब करते हुए उन्हें नोटिस भेजी है। नोटिस जारी होते ही एडीजी जोन के ऑफिस में अफ़रा-तफ़री मची हुई है। माना जा रहा है कि इस फर्ज़ीवाड़े में और भी कुछ लोगों का हाथ हो सकता है। बताते चलें कि एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया के फर्ज़ी दस्तखत से सिपाहियों का तबादला आदेश जारी किया गया था। इसका खुलासा होने पर पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया।

हादसों से सबक लेने को तैयार नहीं लोग, प्रशासन भी मौन

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। कासगंज जिले में सवारियों से भरे ट्रैक्टर ट्राली के एक तालाब में पलट जाने से कम से कम 24 मौतें हो गयी। इस हादसे ने पूरे उत्तर प्रदेश के जनमानस को हिला के रख दिया। इसी तरह जिले में गत दिनों बेनीगंज थाना क्षेत्र के शुक्लापुर गांव के समीप एक श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलट गयी थी, जिसमें में तीन लोगो की मौत के साथ 25 लोग घायल हो गए थे। प्रदेश में लगातार हो रहे ट्रैक्टर ट्राली हादसे भी पुलिस प्रशासन को कुम्भकरणी नींद से जगा नहीं पा रहे हैं। जबकिगत एक अक्टूवर 2022 को कानपुर में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से 26 लोगो की मौत के मामले में शख्त रवैया अपनाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल प्रभाव से ट्रैक्टर ट्राली पर सवारी ढोने पर प्रतिबंध लगा दिया था। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा गया था कि कोई लोडर वाहन द्वारा सवारी न ढोयी जाये। यदि कोई ऐसा करें तो उस पर कठोर कार्यवाही की जाये। जिसके लिए प्रवर्तन कार्यवाही कर 10 हजार तक जुर्माना वसूला जाये।

सवारियों को भरकर फर्राटा भरती ट्रैक्टर ट्राली। अमृत विचार

मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाबजूद भी हरदोई पुलिस हाथ पर हाथ धरे शायद किसी बड़े हादसे के इंतजार में हैं, तभी तो थाना के सामने से सवारियों से भरे ट्रैक्टर ट्राली इनको दिखाई ही नहीं दे रहे हैं। अभी माघ पूर्णिमा को गंगा स्नान के लिए बड़ी संख्या में ट्रैक्टर ट्राली सवारियों को भरकर फर्रूखाबाद स्थित पांचाल घाट पहुंचे, लेकिन उन्हें कहीं पर भी रोक कर प्रवर्तन की कार्यवाही करने की जहमत पुलिस ने नहीं उठायी। लगता है कि समय गुजरने के साथ मुख्यमंत्री के निर्देश भी शिथिल हो चले है। इसी का परिणाम है कि ट्रैक्टर ट्राली के हादसे में लोगों की जाने जा रही है। कल कासगंज घटना पर नजर डाली जाए तो यह स्पष्ट है कि पुलिस ने मुख्यमंत्री के निर्देश का कड़ाई से पालन किया होता तो शायद इतनी बडी घटना घटित न होती। ग्रामीण अंचलों में होने वाले आयोजनों मे अधिकतर लोग ट्रैक्टर ट्राली का ही सहारा लेते हैं।ऐसे में जागरूकता के अभाव में लोग सवारियों को भरकर सड़क पर दौड़ पड़ते हैं। वहीं पुलिस की लापरवाही से उन्हें कार्यवाही का भी डर नहीं होता है। यदि पुलिस पूरी तरह से सजग होकर कार्यवाही करने लगे तो निश्चित ही ट्रैक्टर ट्राली हादसों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

सशक्त लोकतंत्र के लिए दिव्यांगजन भी करें मतदान : डीएम

आईटीआई परिसर में आयोजित मतदाता जागरूकता गोष्ठी में जिलाधिकारी ने की अपील, दी जानकारी

हरदोई

अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन में स्वीप योजनान्तर्गत मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन सोमवार को आईटीआई परिसर में किया गया। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह द्वारा सभी दिव्यांगजनो से अपील की गई कि जिनकी आयु एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष हो चुकी है वह अपना मतदाता पहचार पत्र अवश्य बनवा लें।

कहा कि सशक्त लोकतंत्र के लिये यह जरूरी है कि सभी लोग आगामी लोक सभा निर्वाचन में मतदान जरूर करें। दिव्यांगजनों के लिये मतदान केन्द्रों पर मतदान के लिये किसी भी प्रकार का इन्तजार नहीं करना पड़ेगा। गोष्ठी में नगर मजिस्ट्रेट हरदोई ने फार्म-6, 7, 8 के बारे मे बताया गया और निर्वाचन कार्य मे प्रयुक्त होने वाले सभी ऐप, बेवसाइट एवं क्यू आर कोड के उपयोग की जानकारी दी गई। उप कृषि निदेशक स्वीप नोडल ने बताया गया कि चुनाव का पर्व देश का गर्व में बढ़ चढ़ कर दिव्यांगजन व उनके सहयोगी भागीदारी करे जिससे देश की समृद्धि के लिये लोकतांत्रिक तरीके से जन प्रतिनिधियों का चयन सरकार का गठन हो सके। उन्होने बताया हर किसी के वोट का बहुत अधिक महत्व है। जिला दिव्यांग सशक्तीकरण अधिकारी रिचा गुप्ता ने दिव्यांगजनों को उनके खुशहाली के लिये चलाई जा रही योजनाओ के बारे मे जानकारी दी गई।

मतदाता जागरूकता रैली में शामिल दिव्यांगजन। अमृत विचार

दिव्यांगों को दिए गए सहायक उपकरण

हरदोई, अमृत विचार। एडिप योजना के तहत 212 दिव्यांगों को 61 लाख से अधिक के सहायक उपकरण सोमवार को आईटीआई में वितरित किए गए। एलिम्बको द्वारा पूर्व में इन लाभार्थियों को चयनित किया गया। सोमवार को 100 मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, 89 ट्राई साइकिल, 16 व्हीलचेयर, एक सीपी चेयर, 156 बैसाखी, 79 वाकी स्टिक, चार सुगम्य केन, चार फोल्डेबल वाकर, एक ट्रेटा पॉड और एक ट्राई पॉड लाभार्थियों को दिए गए। लाभार्थियों को 61 लाख 41 हजार 451 रुपये के सहायक उपकरण प्रदान किए गए।

मोदी सरकार में हर वर्ग का सर्वांगीण विकास

हरदोई, अमृत विचार। टड़ियावां मण्डल के ब्लाक हरियावां के सेक्टर अलीनगर में बूथ संख्या-277 में आयोजित हुए 'लाभार्थी सम्पर्क अभियान' में सांसद जयप्रकाश ने हिस्सा लिया। उन्होंने विभिन्न कल्याण कारी योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। इसके साथ ही उन्होंने लाभार्थियों को कई योजनाओं के पत्रक भी वितरित किए। सांसद जयप्रकाश ने कहा कि मोदी सरकार में गरीब, वंचित, युवा, महिला और किसान सब के सब सशक्त हुए हैं। उन्होंनें सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि मोदी सरकार के हाथों समाज के हर वर्ग का सर्वांगीण विकास हुआ है। इस बीच मण्डल अध्यक्ष अमरीश द्विवेदी, विस्तारक सुमित अवस्थी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष महेश गुप्ता, प्रदीप पाठक, जितेंद्र सिंह, अमित वर्मा, बूथ अध्यक्ष ललित अग्निहोत्री और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पोस्टमार्टम के साथ रेप की जांच को बनी स्लाइड

हरदोई

फॉलोअप

▸▸ **लखनऊ स्थित कंपनी में महिला फील्ड आफीसर की हत्या कर शव फेंके जाने का मामला**

अमृत विचार। लखनऊ की राइट कांसेप्ट कंपनी के मालिक ने फील्ड आफीसर की गला घोंट कर ही हत्या की थी, तीसरी आंख की कड़ी निगरानी में किए गए पोस्टमार्टम में इसका तो पता चल गया, लेकिन उससे पहले फील्ड आफीसर के साथ रेप हुआ या नहीं, इस उलझे हुए सवाल का जवाब ढूंढने के लिए उसकी स्लाइड बनाई गई है।

कोतवाली शहर के सुभाष नगर निवासी नीरज सिंह की पत्नी गीता सिंह (35) लखनऊ मे राइट कांसेप्ट कंपनी में फील्ड आफीसर थी। निजी कंपनियों के वर्करो का वेरीफिकेशन करने वाली इस कंपनी का मालिक अभिनय वर्मा कोतवाली शहर के खगेश्वर पुरवा का निवासी है। गीता के पति नीरज ने बताया कि उसकी पत्नी 21 फरवरी को लखनऊ गई लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी तलाश के बाद नीरज ने 23 फरवरी को गाजीपुर थाने में पत्नी गीता सिंह की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। लखनऊ कमिश्नरेट के डिप्टी कमिश्नर (उत्तरी) अजीत आर शंकर ने सारे मामले की जांच एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल को सौंपी। इसके खुलासे के लिए एसओजी व सर्विलांस टीम को लगाया गया। पुलिस टीम ने कंपनी के मालिक अभिनय वर्मा को हिरासत में ले कर उससे पूछताछ की, पूछताछ में अभिनय वर्मा टूट गया और बताया कि उसने बुधवार (21 फरवरी) को ही गीता की गला घोंट कर हत्या कर दी थी और शव को अपने दोस्तों अर्जुन, शिवम और कमल किशोर की मदद से बेनीगंज कोतवाली के बरगदिया पुल से गोमती नदी में फेंक दिया था। रविवार को एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल की टीम ने अभिनय वर्मा की निशानदेही पर शव बरामद किया। वहीं रविवार की रात में डीएम की परमीशन के बाद डाक्टरों के पैनल ने वीडियो ग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम किया। गीता सिंह की मौत गला घोंटने से हुई, लेकिन उसके साथ रेप किया गया थाएया नहीं, इसका जवाब ढूंढ़ने के लिए उसकी स्लाइड बनाई गई है।

पुल के ऊपर से फेंका गया था शव, सिर में मिली चोट

गीता सिंह की हत्या करने के बाद कंपनी मालिक अभिनय वर्मा ने अपने दोस्तों के साथ बड़ी बेदर्दी से शव को गोमती नदी के पुल से नीचे फेंका। गीता की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके सिर में चोंट पाई गई है। पुलिस का कहना है कि हत्या करने के बाद भी अभिनय ने महिलाकर्मी के शव के साथ बेअदबी की। उसे पत्थर पर फेंक दिया, जिससे सिर में इस तरह की चोंट पहुंची।

हादसे में बाइक सवार की मौत, साथी हुआ घायल

हरदोई

अमृत विचार। सीतापुर रोड पर भड़ायल गांव के पास बाइक सवार दो युवक साइकिल से टकरा गए। रविवार की शाम हुए इस हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा उसका फुफेरा भाई ज़ख्मी हो गया। साइकिल सवार के भी चोटें आने की बात कही जा रही है। हालांकि वह घर चला गया।

टड़ियावां थाने के गोबरहा निवासी 28 वर्षीय सत्यम तिवारी रविवार की शाम को अपने फुफेरे भाई 25 वर्षीय दुर्गेश निवासी महीन कुंड कोतवाली बेनीगंज के साथ बाइक से एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए डिघिया गांव जा रहा था। उसी बीच रास्ते में सीतापुर रोड पर टड़ियावां थाने के भड़ायल गांव के पास बाइक सामने से आ रहे साइकिल सवार से टकरा गई। जिससे दोनों घायल हो गए। साइकिल सवार को भी चोंटे आई, लेकिन वह वहां से चला गया। पुलिस ने बाइक सवार दोनों घायलों को मेडिकल कालेज पहुंचाया जहां सत्यम को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि दुर्गेश का इलाज किया जा रहा है। बताते है कि सत्यम तिवारी की पत्नी संध्या के एक छोटी बेटी है। एसएचओ कोतवाली शहर संजय पाण्डेय ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है।

सार-संक्षेप

ट्रेन हादसा मामले में आरोपी ट्रैक्टर चालक को दबोचा

हरदोई, अमृत विचार। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) हाल ही में जनसाधारण एक्सप्रेस से टकराई ट्रैक्टर-ट्राली के चालक को गिरफ्तार कर लिया है। चालक को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। बता दें कि 23 फरवरी की रात ट्रैक्टर-ट्राली के डाउन ट्रैक पर फंस जाने के चलते बड़ी दुर्घटना होने से टल गई थी। डाउन ट्रैक पर ट्रैक्टर-ट्राली फंसी होने से जनसाधारण एक्सप्रेस उससे टकरा गई थी। हादसे में ट्रैक्टर-ट्राली के परखच्चे उड़ गए थे। हालाकि ट्रेन के पायलट की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया था। हादसे के बाद लगभग 2 घंटे तक डाउन व अप ट्रैक बाधित रहा था। जबकि जनसाधारण एक्सप्रेस लगभग 4 घंटे देरी से लखनऊ की ओर रवाना हो सकी थी। इस घटना में आरपीएफ हरदोई ने अभियोग पंजीकृत किया गया था। आरपीएफ को सूचना मिली थी कि ट्रैक पर ट्रैक्टर-ट्राली छोड़कर फरार हुआ चालक संभल जनपद का रहने वाला है। जिसके बाद एक टीम संभल पहुंची और आरोपी ट्रैक्टर चालक अतर सिंह निवासी ग्राम सैदपुर जसकोली थाना असमोली जिला संभल को गिरफ्तार किया। आरपीएफ हरदोई के प्रभारी आरबी सिंह ने बताया कि 23 फरवरी को हुई घटना में ट्रैक्टर जनसाधारण एक्सप्रेस से टकरा जाने के मामले में जांच अधिकारी वेदराम सिंह ने अपने स्टाफ के साथ आरोपी ट्रैक्टर चालक अतर सिंह को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान अतर सिंह ने बताया कि वह घटनास्थल के पास बेंदीपुर में कार्य कर रहा था। उसको अकबरपुर गाँव जाना था। रास्ते का पता न होने के चलते अकबरपुर गांव जाने के लिए उसके द्वारा ट्रैक्टर ट्राली को रेल ट्रैक पार कराने का प्रयास कर रहा था कि तभी ट्रैक्टर ट्राली ट्रैक पर फंस गई। इसके बाद ट्रेन आता देख वह मौके से फरार हो गया। आरबी सिंह ने बताया कि अभियुक्त अतर सिंह को बरेली न्यायालय मैं पेश किया कर जेल भेज दिया गया है।

एसपी ऑफिस की पीछे दान-पत्र से हुई चोरी

हरदोई, अमृत विचार। एसपी ऑफिस के पीछे एक ऑटो गैराज के शो-रूम का शीशा तोड़ कर अंदर घुसे चोरों ने वहां रखे दान-पत्र में लगा ताला तोड़ दिया और उसमें रखे 35 हज़ार रुपये पार कर ले गए। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। साथ ही गैराज के मालिक से जानकारी जुटा कर कुछ लोंगों से पूछताछ कर रही है। कोतवाली देहात के पेनी पुरवा निवासी श्रीकांत मिश्रा की कोतवाली शहर के एसपी ऑफिस के पीछे तृप्ति के नाम से ऑटो गैराज है।जहां फोर-व्हीलर गाड़ियों की मरम्मत का काम होता है। श्रीकांत मिश्रा ने बताया कि गैराज में रखे दान-पत्र में धार्मिक अनुष्ठान के लिए रोज़ाना पैसे डाले जाते हैं। उसमें पिछले दो साल से दान किए गए पैसे रखे हुए थे। गैराज के मालिक के मुताबिक दान-पत्र में तकरीबन 35 हज़ार की नगदी रखी हुई थी। रविवार की रात चोरों ने गैराज के अंदर पहुंच कर उसके शो-रूम का शीशा तोड़ दिया और अंदर घुस कर दान-पत्र में लगे ताले को हथौड़ी से तोड़ कर उसमें रखी सारी नगदी उठा ले गए। सोमवार की सुबह जब गैराज खोला गया तो रात में हुई चोरी की वारदात का पता चला। इसका पता होते ही वहां पुलिस पहुंच गई। उसने वहां छानबीन करते हुए गैराज के मालिक से ज़रूरी जानकारी जुटाई और उसी बिना पर कुछ लोगों से पूछताछ की। साथ ही कुछ और लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। पुलिस का कहना है कि सारे मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

संजय त्यागी बने एसएचओ बेनीगंज, उमाकांत दीपक को सौंपी गई क्राइम ब्रांच की कमान

हरदोई, अमृत विचार। एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने एसएचओ बेनीगंज इंस्पेक्टर उमाकांत दीपक को वहां से हटा कर क्राइम ब्रांच का प्रभारी बनाया है, जबकि अभी हाल में ही क्राइम ब्रांच के प्रभारी बनाए गए इंस्पेक्टर संजय त्यागी को बेनीगंज का एसएचओ की ज़िम्मेदारी सौंपी है। इसके अलावा बिलग्राम कोतवाली में तैनात सब इंस्पेक्टर काशी प्रसाद का सवायजपुर कोतवाली तबादला किया गया है। वहीं गैर जनपद से तबादला हो कर आए रवि प्रकाश सिंह को सीओ हरपालपुर की ज़िम्मेदारी दी है। जबकि सीओ हरपालपुर रहे विनोद कुमार दुबे अब सीओ बघौली की ज़िम्मेदारी संभालेंगे।बताते चले कि विनोद कुमार दुबे सीओ हरपालपुर रहते हुए काफी दिनों से अयोध्या में ड्यूटी कर रहे थे।

होमियोपैथी के चिकित्सक डॉ रेवतीरमन का निधन

हरदोई, अमृत विचार। शहर के मोहल्ला आलूथोक निवासी होमियोपैथी के प्रख्यात चिकित्सक डॉ रेवतीरमन का निधन रविवार की रात हो गया। सोमवार को मेंहदीघाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। यह काफी दिनों से बीमार थे और लखनऊ में भर्ती थे। चिकित्सक के निधन की खबर सुनकर पूरे जिले में शोक है। उनके पुत्र डॉ सरल कुमार ने बताया कि वह 85 वर्ष के थे। आरएसएस के जिला कार्यवाह संजीव खरे ने कहा कि स्व. डॉ. रेवतीरमन होम्योपैथी के सुप्रसिद्ध चिकित्सक थे। उन्होंने पूरी जिंदगी निष्ठा ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते हुऐ इस संसार को अलविदा कहा। उनके जाने से होम्योपैथिक जगत में अपूरणीय क्षति हुई है। जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नही है। उन्होंने ईश्वर से उनके परिजन को धैर्य व सहनशक्ति प्रदान करने की प्रार्थना कर विनम श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर डॉ सुयूस खरे, आशीष यादव, शुभम पांडेय, अनुराग सिंह समेत सैकड़ों लोग मैजुद रहे।

केंद्र में फिर भाजपा की सरकार बनवाएगा पिछड़ा वर्ग

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार

ब्लाक सभागार में भाजपा पिछड़ा वर्ग का युवा संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए गये।

ब्लाक सभागार में आयोजित भाजपा पिछड़ा वर्ग युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष वेदराम ने कहा केंद्र और प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी वर्गों को बिना भेदभाव दिया जा रहा है। पूरे देश में खासकर पिछड़े वर्ग के लोगों ने भाजपा की सरकार बनवाने का कार्य किया था। इस बार भी पिछड़ा वर्ग ही केंद्र में सरकार बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारी निभायेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भी भरा और सभी को बूथ स्तर पर कड़ी मेहनत कर बूथ जितवाने के टिप्स भी दिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गंगाराम राठौर ने भी कार्यकर्ताओं से तन मन से पार्टी प्रत्याशी को जिताने के लिए मेहनत से जुटने का अपील की। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष अनिल पांडेय पिंटू, पिछड़ा वर्ग नगर अध्यक्ष दीप कमल राठौर, अभय शर्मा कंचन, सुभाष रस्तोगी, जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत, पूर्व नगर अध्यक्ष प्रमोद रस्तोगी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भरखनी संवाददाता के अनुसार भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर प्रधानमंत्री मोदी के लिए वोट मांग रहे हैं। सोमवार को जिला पंचायत सदस्य ठाकुर श्याम सिंह, जिला नीति शोध प्रमुख भुवनेश बाजपेई, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप, विजय बहादुर सिंह, सूरज मिश्रा, पंडित मिथुन आजाद, घसे के ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार दीक्षित, और धानी नगला के ग्राम प्रधान आशीष कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। जनसंपर्क के दौरान जिला पंचायत सदस्य ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां को गिनाते चुनाव में समर्थन की अपील की।

युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते पदाधिकारी। अमृत विचार

दिल्ली से पति के न आने पर महिला ने दे दी जान

हरदोई, अमृत विचार। मज़दूरी करने दिल्ली गए पति को गांव में रह रही पत्नी बुला रही थी। लेकिन पति हर बार टाल जाता था। पति न आने से नाराज होकर पत्नी ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। कासिमपुर थाने के अलीपुर निवासी रोहन ने करीब पांच साल पहले पुत्री रुचि की शादी तुरनादेव गांव के मुनेश के साथ की थी। शादी के कुछ समय बाद ही मुनेश अपने पिता के साथ मज़दूरी करने दिल्ली चला गया, जबकि रुचि गांव में ही सास के साथ रह रही थी। वह बार-बार अपने पति मुनेश से घर वापस लौट आने के लिए कह रही थी, जबकि मुनेश होली पर आने के लिए कह रहा था।

शब-ए-बारात : मस्जिदों में सारी रात चलता रहा इबादत का दौर

हरदोई, अमृत विचार। कसरत से इबादत करने और गुनाहों से माफ़ी मांग कर मग़फिरत की दुआएं मांगी जाती है। तमाम फज़ीलत वाली इस रात को शब-ए-बारात कहा जाता है। इस रात को सारी रात इबादत की गई, खुदा की बारगाह में दोनों हाथ उठा कर और गिड़गिड़ा कर अपने गुनाहों से माफी और दुनिया से रुख्सत होने वालों की मग़फिरत दुआ मांगी गई। सारी रात मस्जिदों में इबादत का दौर चलता रहा, साथ ही घरों से रह-रह कर तिलावत की आवाज़ कानों से टकराती रही।

इस्लामी तारीख़ 15 शाबान की रात को शब-ए-बारात होती है। तमाम फज़ीलतों वाली इस रात को कसरत से इबादत कर अपने गुनाहों से माफी मांगी जाती है। शाम होने के साथ ही इबादत का सिलसिला शुरू हो गया। लोग इबादत के लिए अपने-अपने घरों से मस्जिद के लिए निकल पड़े। बड़ो के साथ उनकी उंगली पकड़े बच्चे भी मस्जिद पहुंचें और उन्होंने भी नमाज़ अदा की और हाथ उठा कर दुआएं मांगी। एक तरफ मस्जिदों में इबादत की जा रही थी, तो दूसरी तरफ घरों में तिलावत की जा रही थी। इबादत के बीच लोग शहर के कब्रिस्तान पहुंचे और वहां दुनिया से रुख्सत होने वालों की मग़फिरत की दुआएं मांगी गई। खुदा की बारगाह में इबादत करने वालों में बच्चे भी शामिल हुए। इस तरह का सिलसिला सारी रात चलता रहा।

शब-ए-बारात की रात कब्रिस्तान में दुआएं मांगते बच्चे। अमृत विचार

पकवान बना कर ज़रूरतमंदों को खिलाया खाना

शब-ए-बारात के दिन घरों में एक से बढ़ कर एक पकवान बनाए और फिर उन्हे ज़रूरतमंदों के बीच बांटा गया और उनकी मदद करते हुए उन्हे रुपये-पैसे भी दिए गए। कब्रिस्तान के गेट पर ईसाल-ए-सवाब की नियत से सबीलें लगाई गई। जहां चाय-बिस्कुट के अलावा और भी तरह के पकवान बना कर उन्हे लोगों के बीच बांटा गया।

सड़कों पर दौड़ती रहीं पुलिस की गाड़ियां

शब-ए-बारात को ले कर पुलिस सारी रात अलर्ट मोड में दिखाई दी। हूटर बजाती हुईं उसकी गाड़ियां सड़कों पर दौड़ लगाती रहीं। त्यौहारों को ले कर एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी पहले ही अपने मातहतों को अलर्ट रहने के लिए गाइडलाइन जारी कर चुके थे। पुलिस जवान उसी गाइडलाइन पर अमल करते हुए सारी रात गश्त करते रहे।

पूरी ज़िम्मेदारी से डटी रही टीम अंजुमन

हरदोई। मस्जिदों और कब्रिस्तान की निगरानी करने वाले इदारे अंजुमन इस्लामियां की टीम सारी रात डटी रही। कब्रिस्तान की बारादरी में इबादत करने वालो के लिए खासा इंतज़ाम किया गया था। अंजुमन के सदर एडवोकेट मोहम्मद खालिद और उनकी कमेटी के लोग हर मुमकिन मदद और सड़कों पर उधमबाज़ों पर नज़र रखने की गरज़ से सारी रात पैदल गश्त करते हुए दिखाई दिए।

मजार पर फातिया पढ़ मगफिरत की मांगी दुआएं

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। शब-ए-बारात पर मुस्लिम अकीदतमंदों ने अपने बुजुर्गों की मजार पर जाकर रोशनी कर उनके लिए फातिया पढ़कर उनकी मगफिरत की दुआ मांगी। और रोजा भी रखा। शब-ए-बारात को अल्लाह की इबादत व गुनाहों से तौबा की रात भी कहा जाता है। कुरान शरीफ और हदीस में इस सब की अजीब फजीलत बयान की गई है खुदा इस रात अपने बंदों को इबादत करने और मगफिरत की दुआ करने का हुक्म देता है। इस शब-ए-बारात में की गई इबादत अल्लाह ताला कुबूल करता है इस रात मुसलमान अपने पूर्वजों की कब्रों की जियारत करते हैं। शब-ए-बारात को लेकर नगर व ग्रामीण की तमाम मस्जिद और कब्र गृहों की साफ-सफाई की गई थी।

एक नजर

छात्र-छात्राओं को ले जाया गया अयोध्या

सीतापुर, अमृत विचार। सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से दो दिवसीय शैक्षिक भ्रमण के लिए छात्र छात्राओं को अयोध्या ले जाया गया। प्रधानाचार्या अल्पना अवस्थी ने विद्यालय वाहन को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या के लिए रवाना किया। अयोध्या पहुंचते ही सभी छात्र छात्राओं का मन प्रफुल्लित हो उठा। बाल स्वरूप भगवान श्रीराम की खिलखिलाती हुई प्रतिमा के दर्शन कर अपने आप को धन्य महसूस किया। साथ ही भ्रमण में हनुमान गढ़ी, कनक भवन, सरयू घाट, सीता की रसोई, राम की पैड़ी, दशरथ महल आदि पावन स्थलों के दर्शन किये। रास्ते में प्राचीन कालीन पारिजात वृक्ष के दर्शन कराए गये। अध्यापकों ने बच्चों को ऐतिहासिक स्थलों के महत्व तथा उनके बारे में विस्तृत जानकारी भी दी।

एकदिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। यूनिकोड सामाजिक संगठन पेस लखनऊ एवं अजीम प्रेम जी फाउंडेशन बैंगलोर के संयुक्त तत्वावधान में पहला विकास की 38 ग्राम पंचायतों में चयनित पंचायत प्रतिनिधियों का नयी पंचायत व्यवस्था व 73वां संविधान संशोधन पर एक दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छह फरवरी के शुरू हुये प्रशिक्षण कार्यक्रम का 10 बैच में सोमवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में करीब चार सौ ग्राम सभा स्तरीय जन प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षक की भूमिका में बीना पांडेय, हरिओम वाजपेयी, शैलजा कांत, सचिन, अंकित, हरीश, राजाराम का विशेष सहयोग रहा।

दरोगा ने टैंकर चालक को मारे थप्पड़, वीडियो वायरल

झरेखापुर, सीतापुर, अमृत विचार। हरगांव थाना क्षेत्र की झरेखापुर चैकी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें झरेखापुर चैकी इंचार्ज संजीव कुमार एक व्यक्ति को थप्पड़ मारते हुये दिखायी दे रहे हैं। यह वीडियो करीब पांच माह पुराना बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक एक टैंकर चालक हरगांव ओवर ब्रिज पर एक आटो से एक्सीडेंट करके आया था। जिसमे बजरंग दल हरगांव के कुछ लोग चालक को झरेखापुर में रोककर गाली-गलौज कर रहे थे। मौके पर पहुंची झरेखापुर पुलिस ने चालक को अपनी अभिरक्षा मे ले लिया था और पूछताछ के दौरान चालक को वायरल वीडियो में डरा-धमका रहे थे। हरगांव के वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रवीन तिवारी ने बताया कि वीडियो काफी पुराना है, फिर भी मामले की जांच की जा रही है।

समाप्त परमिट वाले वाहन स्वामी के पास अंतिम मौका

सीतापुर, अमृत विचार। परिवहन विभाग ने समाप्त हुए परमिट वाले वाहनों पर अग्रिम कार्यवाही के लिये वाहन स्वामियों को अन्तिम मौका दिया है। वरिष्ठ एआरटीओ (प्रशासन) माला बाजपेयी ने बताया कि 28 फरवरी, 2024 को 04 बजे आयुक्त लखनऊ मण्डल लखनऊ के सभाकक्ष में बैठक बुलायी गयी है जिसमें सम्बन्धित वाहन स्वामियों को बुलावा भेजा गया है। उन्होने बताया परमिट सम्बन्धी नवीनीकरण अथवा नये वाहन पर पृष्ठांकित करने की कार्यवाही की जायेगी। एआरटीओ (प्रशासन) सीतापुर ने बताया कि परमिट सम्बन्धी प्रकरणों हेतु उक्त बैठक में वाहन स्वामी प्रतिभाग कर सकेंगे।

कलश यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू

रामपुर मथुरा। सोमवार को कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय महायज्ञ की शुरुआत की गई। चारों धाम की यात्रा करने के बाद कस्बा निवासी शेषनयायन ने 26 फरवरी से 4 मार्च तक सात दिवसीय महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू किया। जिसमें कथा व्यास पंडित राजेश शास्त्री द्वारा कथा की अमृत वर्षा की जाएगी। यात्रा यज्ञ मंडप यज्ञ मंडप से राजा बाजार होते हुए मुरलीधर मंदिर पहुंची जहा पर सैकड़ो महिलाओं ने चंद्रभागा नदी से जल भरकर गुमानेश्वर मंदिर होते हुए संगत, मेन मार्केट से होते हुए यज्ञ मंडप पहुंची। यात्रा ननाबच्चा तिवारी, गुड्डू तिवारी, धीरेंद्र मिश्रा, लक्ष्मी नारायण मौर्य, लालचंद रावत, भगवान दास, कृष्ण गोपाल तिवारी आदि महिलाओं के साथ स्कूली बच्चे भी शामिल रहे।

किसानों ने ट्रैक्टरों की श्रृंखला बना जताया रोष

संवाददाता, पिसावां, सीतापुर

अमृत विचार। दिल्ली के बार्डरों पर चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में भाकियू टिकैत के आवाह्न पर सोमवार को प्रदेश संगठन मंत्री श्यामू शुक्ला व मंडल प्रवक्ता हरिहर मास्टर के नेतृत्व में किसानों ने इलाके के कपूरपुर से बरगावां तक दिल्ली की तरफ अपने ट्रैक्टरों को खड़ा कर रोष जताया।

किसानों ने यह सन्देश दिया है कि दिल्ली दूर नहीं है, किसानों की एमएसपी गारंटी कानून व कर्ज माफी सिंचाई के लिए फ्री बिजली आंदोलन के दौरान लिए किये गए मुकदमों की वापसी सहित अन्य मांगे पूरी की जाए। साथ ही चल रहे आंदोलन में जो तानाशाही का रवैया अपनाया जा रहा है, उसको तत्काल रोका जाए, अन्यथा अब पूरे देश का किसान तैयार हो चुका है। चारों तरफ से दिल्ली को घेरा जाएगा। यह ट्रैक्टर श्रंखला का कार्यक्रम भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के अनुसार 26 व 27 फरवरी को हर जगह किया जाना है। इस कार्यक्रम में किसान नेता अजयपाल यादव, जयसिंह, लल्लू यादव, रिजवान, इकरार, तरनजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

किसानों ने ट्रैक्टरों की बनाई श्रृंखला। अमृत विचार

अमृत सरोवर के नाम पर महज रस्म अदायगी, बालू खनन कर रहे लोग

मनरेगा के तहत हो गया भुगतान, धरातल पर नहीं दिख रहा कार्य

सकरन, सीतापुर

अमृत विचार। विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायत कलिमापुर में सरकार के आदेशानुशार मनरेगा से अमृत सरोवर का निर्माण वर्ष 2022/23 में कराया जाना था, जिस पर ग्राम प्रधान गीता देवी व पंचायत सचिव अरूण कुमार गुप्ता ने प्रस्ताव पास कर मनरेगा से अमृत सरोवर के निर्माण के लिए तालाब खोदवाना शुरू किया था। जिसकी तकनीकी सहायक मनरेगा ने एमबी भी कर दी थी।

उसके बाद 24 अप्रैल 2023 से 5 अगस्त 2023 तक पांच महीने में अमृत सरोवर निर्माण के नाम पर प्रधान व सचिव ने 18,90,850 रुपये का भुगतान मनरेगा से करवा लिया। इतना बड़ा भुगतान हो जाने के बाद धरातल पर अमृत सरोवर का कहीं भी पता नहीं है। अमृत सरोवर के नाम पर जिम्मेदारों ने चिन्हित जमीन पर केवल चारों ओर से बांध बंधवा दिये गये हैं। उसके बाद उस अमृत सरोवर से अवैध बालू खनन करवाया जा रहा है। अमृत सरोवर पर बालू खनन करवाए जाने को लेकर अभी तक कोई हस्तक्षेप नहीं है।

अमृत सरोवर में बालू खनन कर रहे लोग। अमृत विचार

क्या बोले जिम्मेदार : पंचायत सचिव अरूण कुमार ने बताया कि अमृत सरोवर निर्माण में काम जारी है जिसकी पत्रावली बीडीओ को भेज दी गयी है। प्रधान प्रतिनिधि बुद्धि प्रकास ने बताया कि अमृत सरोवर निर्माण पूर्ण रूप से करवाया गया था, उसके बाद ग्रामीणों ने उसमें बालू खनन कर गड्ढे कर दिए हैं। वहीं खंड विकास अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं है, जांच करायी जायेगी।

रंजिश में महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

सीतापुर। ग्राम नेरिया परसिया मोड़ पर साइफन नहर पर रंजिश की वजह से एक महिला की पिटाइ कर दी। पीड़िता ने तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

सरोजनी देवी पत्नी सुरेंद्र निवासी ग्राम नेरिया परसिया ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि रविवार देर शाम पीड़िता व गांव की निर्मला देवी पत्नी ओमप्रकाश के साथ घर वापस आ रही थी जैसे ही साइफन नहर के पास पहुंची तभी मोटरसाइकिल से फेरीलाल वर्मा पुत्र हरीश वर्मा, संदीप वर्मा पुत्र अशोक कुमार वर्मा तथा एक अज्ञात व्यक्ति आये और पीड़िता को रोक कर गंदी-गंदी जाति सूचक गालियां दीं। पीड़िता ने विरोध किया तो उपरोक्त लोगों ने उसे लात घूंसों एवं लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा व संदीप ने नाजायज असलहा दिखाते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी, तभी जमालुद्दीन एवं अन्य लोगों के आ जाने से उपरोक्त आरोपी व एक अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल से भाग गए। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले में संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

सार-संक्षेप

सहारा का भुगतान नहीं तो वर्तमान सरकार को मतदान नहीं

भुगतान को लेकर ज्ञापन देने आये संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

सीतापुर। संयुक्त आल इंडिया जन आंदोलन सहारा संघर्ष न्याय मोर्चा एवं अन्य सभी संगठनों के संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर सीतापुर में एकदिवसीय धरना एवं जिला अधिकारी कार्यालय में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मांग की गई कि सहारा जैसी देश में चिटफंड कंपनियों ने गरीबों का पैसा जमा करवाया और परिपक्वता अवधि पूर्ण होने पर भी उक्त कम्पनी जमाकर्ताओं का पैसा वापस नहीं कर रही हैं। सरकार द्वारा जो चार समितियों का पोर्टल बनाया गया था, उससे भी 45 दिन बाद भुगतान संभव नहीं हो सका है। रियल स्टेट हाउसिंग स्कीम क्यू शॉप यूनिक प्रोडक्ट रेन्ज लिमिटेड निवेशकों के जमा धनराशि की सेबी, सहारा रजिस्ट्रार कम्पनीज कार्पोरेट कार्य मंत्रालय, वित्त मंत्रालय व एसएफआइओ कोई कुछ नहीं बता रहा है। हर जमाकर्ता की एक ही मांग है कि भुगतान नहीं तो वर्तमान सरकार को मतदान नहीं। विपक्ष भी चुपचाप बैठा है इसलिए हम लोग नोटा दबायेंगे। ज्ञापन देने वालों में नवल किशोर मिश्रा, सुशील चैरसिया, विजय कुमार, मदनलाल, मुन्नी देवी, कौशल गुप्ता, राज कुमार श्रीवास्तव, नागेन्द्र, करूणा शंकर, दुर्योधन, मो. साजिद व विनोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

पेपर लीक मामले में आम आदमी पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

सीतापुर, अमृत विचार। आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष आनंद जायसवाल ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थित में प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। उन्होंने बताया कि एक ओर जहाँ यूपी में बेरोजगारी दर निरंतर बढ़ती जा रहीं हैं। वहीं दूसरी ओर बमुश्किल निकल रहीं भर्तिओं के परीक्षाओं के पेपर भी लीक हो जाते हैं। साथ ही नकल माफिया भी सक्रिय हो जाते हैं। ताजा मामला यूपी पुलिस भर्ती का हैं। 17 और 18 फरवरी को हुए भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया और कड़ी मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करने वाले लाखों परीक्षार्थियों के मेहनत पर पानी फिर गया। लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में युवाओं के जोरदार विरोध - प्रदर्शन के दबाव में सरकार परीक्षा रद्द कर दी है। सवाल उठना वाजिब हैं कि सरकार के लापरवाही या भ्रष्टाचार के कारण लगातार पेपर लीक हों रहें हैं और प्रतिभाओं के साथ अन्याय हो रहा है। इस प्रकार के आपराधिक कृत्य की जिम्मेदारी ठहराया जाना नितांत आवश्यक हैं। इस अवसर पर आनंद जायसवाल, अरुण गुप्ता, राकेश सक्सेना, अनुज जायसवाल, आकाश कनौजया, मो शफी, नितिन जौहरी, मो दिलशाद सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

रात भर जागकर की अल्लाह की इबादत, रखा रोजा

सीतापुर, अमृत विचार। शब-ए-बारात का त्यौहार पूरे क्षेत्र में अकीदत व एहतराम से मनाया गया। क्षेत्र की सभी मस्जिदों और कब्रिस्तानों की साफ-सफाई कर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शब-ए-बारात के मौके पर कब्रिस्तानों में जाकर अपने पूर्वजों की कब्र पर अगरबत्ती व मोमबत्ती लगाकर समाज की सलामती की दुआ अल्लाह से मांगी। शिया समुदाय के लोगों ने कर्बला के निकट स्थित पूर्वजों की कब्रों की दिन में साफ-सफाई की और रात में वहां पंहुच कर सूर-ए-फातिहा और घरों में नजर पेश की। शब-ए-बारात का त्यौहार पैंतेपूर, नूरपूर, बहादुरगंज, बांसुरा, सदरपुर सहित क्षेत्र भर में परम्परागत तरीके से मनाया गया। मस्जिदों में रातभर जागकर अपने गुनाहों की माफी मांगी मगफिरत की दुआएं कीं। अगले सुबह लोगों ने रोजा रखा। इबादत में बड़ो के अलावा बच्चे भी शामिल रहे।

दुआ मांगती माहम।

मिशनरी के स्कूल बच्चों को शिक्षा के साथ नहीं देते संस्कार

नींव पूजन करते प्रांत प्रचारक अवध कौशल किशोर। अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार। सेवा भारती द्वारा संचालित विद्या मंदिरों में बच्चों को दी जा रही शिक्षा सांस्कारिक होती है। उन्हें स्कूलों से शिक्षा के साथ संस्कार का भी पाठ सिखाया जाता है। यह बात प्रांत प्रचारक अवध प्रांत कौशल किशोर ने दिनेश रजनी सरस्वती शिशु मंदिर बिसवां में नवनिर्मित भवन के नींव पूजन के अवसर पर कहीं। उन्होंने कहा कि आज मिशनरी के स्कूल बच्चों को शिक्षा के साथ कोई संस्कार नहीं देते। सेवा भारती के विद्यालयों द्वारा शिक्षा में परिवर्तन लाया जा रहा है। कार्यक्रमों को क्षेत्रीय संगठन मंत्री पूर्व उत्तर प्रदेश क्षेत्र हेमचंद ने भी संबोधित किया। अंत में कोषाध्यक्ष मुन्नालाल मौर्य ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विभाग प्रचारक सीतापुर अभिषेक जी प्रदेश निरीक्षक अवध प्रांत राम जी सिंह विद्यालय अध्यक्ष राजाराम गुप्ता प्रबंधक दिनेश चंद्र गुप्ता प्रधानाचार्य रामानुज चैरसिया पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव सेवा भारती जिला अध्यक्ष महानारायण वर्मा बलराम वर्मा राम प्रताप वर्मा विशाल गुप्ता सहित संघ परिवार के व संघ के विद्यालयों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

बरात में गए युवक की बाइक चोरी

सीतापुर, अमृत विचार। बिसवां थाना कोतवाली अंतर्गत बरात से एक बाइक चोरी हो गई। चोरी की घटना से बिसवां पुलिस को अवगत करा दिया गया है। सदरपुर थाना क्षेत्र के फरदापुर गांव निवासी सुशील कुमार वर्मा गत रविवार को अपनी बाइक संख्या यूपी 34ए क्यू 5659 से बिसवां कोतवाली के न्यामतपुर गांव एक बरात में शामिल होने गये हुए थे। जनवासे में बाइक लॉक कर द्वारचार में शामिल होने चले गये। वापस आने पर बाइक गायब मिली। काफी ढूंढने के बाद भी नहीं मिल सकी। पीड़ित ने सोमवार बिसवां कोतवाली पहुंच कर प्रार्थना पत्र दिया है।

कार की टक्कर से साइकिल सवार युवती की मौत

सीएचसी में रोते परिजन। अमृत विचार

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। गैर जनपद की रहने वाली एक नवयुवती को तेज रफ्तार बोलैरा ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे आनन-फानन में सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बाराबंकी जिले के बड्डूपुर थाना क्षेत्र के शैली कीरतपुर की रहने वाली 19 वर्षीय मैना पुत्री झल्लू अपनी छोटी बहन को महमूदाबाद भेजने के लिए साइकिल से आ रही थी, उसी दौरान तभी अचानक बद्दूपुर क्षेत्र के देवरिया के पास काले रंग की बोलरो ने युवती को टक्कर मार दी। बोलेरो टक्कर मार के मौके से फरार हो गई है। सूचना पाकर सीएचसी पहुंची महमूदाबाद पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही प्रचलित कर दी है। हालांकि मृतक की छोटी बहन को कोई भी चोट नहीं आई है।

ज्ञानवापी फैसले को लेकर पीस कमेटी का आयोजन

रामपुर मथुरा, सीतापुर

अमृत विचार। 26 फरवरी को ज्ञानव्यापी का फैसला आने के बाद शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में प्रभारी निरीक्षक महेश चंद्र पाण्डेय ने कहा कि ज्ञानव्यापी का फैसला आ रहा है। हम सभी समुदाय के लोगों से अपील करते हैं कि आप लोग शांति पूर्वक रहें, कहीं कोई विवाद न करें जिससे हमें मजबूर होकर कोई कार्रवाई करना पड़े। फैसले के बाद शांति व्यवस्था की अपील की गई। बैठक में एसआई संजय सिंह, उमाकांत सविता, अशोक सोनकर, संतोष पांडे, प्रदीप वर्मा, लालचंद, जयकरण यादव, शकील अहमद, समीम रामपुरी, नागेंद्र यादव, रामविजय मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

जिला महिला अस्पताल में गुड्डा-गुड्डी बोर्ड शुरू

गुड्डा-गुड्डी बोर्ड शुरू करतीं ब्लॉक प्रमुख कल्पना वर्मा व जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल।

सीतापुर, अमृत विचार। सोमवार को सखी वन स्टॉप सेंटर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख कल्पना वर्मा ने महिला जिला अस्पताल में गुड्डा-गुड्डी बोर्ड का शुभारंभ किया। साथ ही वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर शेल्टर होम में अल्पावासित पीड़िताओं से बातचीत की। ऐसे में समस्याओं व वन स्टॉप सेंटर में मिल रही सेवाओं के विषय में पूछताछ की तो पीड़िताओं ने अपनी व्यक्तिगत समस्याओं ब्लॉक प्रमुख से साझा कीं। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने वन स्टॉप सेंटर द्वारा दी जा रही सहायता व सेवाओं के विषय में विस्तारपूर्वक बताया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, स्पांसरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना एवं बाल विवाह के दुष्परिणामों के संदर्भ में जानकारी दी।

2024 में भाजपा को हराए पीडीए : लौटनराम

संविधान बचाओ -लोकतंत्र बचाओ सामाजिक न्याय जनचौपाल में मौजूद कार्यकर्ता।

सीतापुर, अमृत विचार। महोली विधानसभा क्षेत्रांतर्गत जमुनिया-महुआ कोला में कमलेश निषाद के संयोजकत्व व डालचंद कश्यप प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित संविधान बचाओ -लोकतंत्र बचाओ सामाजिक न्याय जनचौपाल में लोकतंत्र व संविधान को बचाने का संकल्प लिया गया। मुख्य अतिथि समाजवादी पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लौटनराम निषाद ने कहा कि लेटरल इंट्री, कोलेजियम, निजीकरण पूरी तरह असंवैधानिक एवं पिछड़ा दलित विरोधी है। संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट किया जा रहा है। पिछड़े-दलित -अल्पसंख्यक-आदिवासी एकजुट होकर 2024 में भाजपा को नहीं हटाये तो बहुजन समाज गुलामी के दौर में चला जायेगा।

आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेंडी पर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम

पियर एजुकेटरों व आशाओं को मिले प्रमाण पत्र

सीतापुर, अमृत विचार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेंडी पर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत पियर एजुकेटरों के चल रहे प्रशिक्षण के तहत सोमवार को पियर एजुकेटरों व आशाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक परसेंडी डॉ. सुनील कुमार वर्मा, प्रशिक्षक अर्श काउंसलर ज्योति वर्मा, संजय वर्मा ने पियर एजुकेटरों व आशाओं को प्रशिक्षित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत किशोरावस्था में बदलाव, स्वास्थ्य एवं पोषण, स्वस्थ व्यवहार के लिए स्वस्थ मस्तिष्क, किशोरावस्था में यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, हिंसा और मेरे अधिकार, स्वास्थ्य, पर्यावरण आदि विषयों पर जो आपको जानकारी दी गई है उससे किशोर किशोरियों को जागरूक करें। सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुनील वर्मा ने बताया कि सोमवार को 64 पियर एजुकेटरों व 16 आशाओं को राष्ट्रीय स्वास्थ्य किशोर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रशिक्षित कर उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

आशा बहु को प्रमाण पत्र देते सीएचसी अधीक्षक व काउंसलर ज्योति वर्मा। अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यथा ह्येकेन चक्रेण न रथस्य गतिर्भवेत्।
एवं परुषकारेण विना दैवं न सिद्ध्यति।।

जैसे एक पहिये से रथ नहीं चल सकता। ठीक उसी प्रकार बिना पुरुषार्थ के भाग्य सिद्ध नहीं हो सकता है।

संपादकीय

डब्ल्यूटीओ नीतियां

किसानों के निशाने पर विश्व व्यापार संगठन भी है। उनकी मांग है कि सरकार भारत को विश्व व्यापार संगठन और मुक्त व्यापार समझौतों से बाहर निकाले। सोमवार को पंजाब व हरियाणा के किसानों ने राजमार्गों के किनारे कई स्थानों पर ट्रैक्टर खड़े करके प्रदर्शन किया। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। आंदोलन कर रहे किसानों ने डब्ल्यूटीओ की नीतियों की आलोचना की और उन्हें 'किसान विरोधी' बताया। उन्होंने दावा किया कि डब्ल्यूटीओ की नीतियों के कारण सरकार सभी फसलों पर एमएसपी नहीं दे रही है। उधर भारत ने डब्ल्यूटीओ के सदस्यों से लंबे समय से लंबित सार्वजनिक खाद्य भंडारण मुद्दे का स्थायी समाधान खोजने का आह्वान करते हुए कहा है कि यह सीधे तौर पर वर्ष 2030 तक 'शून्य भुखमरी' के सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने से संबंधित है। खाद्य सुरक्षा उद्देश्यों के लिए सार्वजनिक भंडारण कार्यक्रम एक नीति माध्यम है जिसके तहत सरकार एमएसपी पर किसानों से चावल और गेहूं जैसी फसलें खरीदती है तथा खाद्यान्न का भंडारण और गरीबों को वितरित करती है। दरअसल वर्ष 1994 से विश्व व्यापार समझौता कृषि क्षेत्र में लागू हुआ। समझौते का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को सरकारी नियंत्रण से मुक्त कर उत्पाद एवं व्यापार का निजीकरण करना था। डब्ल्यूटीओ का नियम कहता है कि विश्व व्यापार संगठन से जुड़े सदस्य देशों को अपने कृषि उत्पाद को दी जाने वाली घरेलू मदद की मात्रा को सीमित करना चाहिए। जबकि डब्ल्यूटीओ के नियम किसानों की मांग से विपरीत हैं।

गौरतलब है विकसित राष्ट्रों ने अपने किसानों को भारी सहायता जारी रखी। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रति किसान 300 डॉलर की सब्सिडी दी जाती है जबकि अमेरिका में यही सब्सिडी प्रति किसान 40,000 डॉलर की मिलती है। इससे विकसित देशों के किसानों की व्यक्तिगत उत्पादन लागत कम हुई और बाजारों में कम कीमत पर अपने उत्पादों को बेचकर भी वे मुनाफे में रहे वहीं हमारे किसान अपनी अत्यधिक कृषि लागत और कम बाजार भाव के कारण ऋणग्रस्त होते गए। किसानों के आंदोलन करने का उद्देश्य ही यही है कि उन्हें एमएसपी, फसलों की खरीद और पब्लिक डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम को लेकर कानूनी गारंटी दी जाए। सवाल है कि विश्व व्यापार समझौतों के तहत सरकारी खरीद तथा समर्थन मूल्य को कम कर दिए जाने से किसान बेबस और लाचार हो गए। क्या डब्ल्यूटीओ का कृषि समझौता खाद्य सुरक्षा नीति के विरुद्ध होने के साथ ही देश की नीति-निर्धारण की संप्रभुता में हस्तक्षेप भी है।

खुली किताब से परीक्षा: संभावनाएं और चुनौतियां

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

दुनिया के कई देश खुली किताब से परीक्षा कराते हैं। लेकिन वहां परीक्षा स्मृति परीक्षण से आगे जाकर विद्यार्थी की समझ का जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में अनुप्रयोग पर ज़्यादा फ़ोकस करती हैं। स्वाभाविक ही है कि इस प्रक्रिया में अनुभव, विश्लेषण, तर्क, चिंतन, कल्पना, स्वयं परीक्षण द्वारा निष्कर्ष तक जाना जैसे उच्च मानसिक कौशलों के विकास पर ज्यादा जोर दिया जाता है।

शिक्षा में किसी भी नए विचार के समावेश के लिए आवश्यक है कि उस विचार को शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम ,पाठ्यपुस्तक व शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में प्रत्येक स्तर पर अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। क्रियान्वयन से पूर्व उसके हर पहलू पर विचार हो और आवश्यक मानवीय व भौतिक संसाधनों को उसके अनुरूप रचा-गढ़ा जाय। शिक्षकों, निरीक्षकों व अकादमिक सहयोगियों को उस विचार को बच्चों तक पहुंचाने के लिए ज़रूरी ज्ञान-कौशल व उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही ऐसी नियमित आकलन प्रणालियां हों जो बच्चों में उस विचार की पहुंच और ग्राह्यता का पता करने में उपयोगी फीड बैक दे पाएं।अभिभावकों व समुदाय से इस संबंध में नियमित संवाद हो।

लगभग ढाई दशक पूर्व का वाकया है। उत्तर प्रदेश में प्रारंभिक स्तरीय पाठ्य पुस्तकों के विकास की प्रक्रिया गतिमान थी। हिंदी की पाठ्य पुस्तक में लोकगीत से ससंबंधित पाठ क्रमांक डालते हुए पूरा पेज रिक्त रखा गया था। पेज पर विद्यार्थियों के लिए निर्देश था कि अपने यहां किसी भी अवसर पर गाए जाने वाले लोकगीत को रिक्त स्थान पर लिखें। पाठ की विशेषता यह भी थी कि अगले पेज में विविध अभ्यास दिए गए थे जो बच्चों द्वारा लिखे जाने वाले लोकगीत पर केंद्रित थे। शुरुआती क्षेत्रीय परीक्षणों में इस पाठ की बहुत आलोचना हुई तथा पर्याप्त चर्चा-विमर्श के उपरांत ही पाठ को स्वीकार किया गया। कारण यह कि उस दौर में प्रश्नों के उत्तर लगभग हू-ब-हू पाठ्यपुस्तक में दिए गए होते थे जबकि यह पाठ प्रचलित पैटर्न के एकदम विपरीत था।

नब्बे का आख़िरी दशक शिक्षा में विभिन्न प्रयोगों व नवाचारों का दौर था। शिक्षण विज्ञान पर देश व्यापी चर्चाओं के बाद वर्ष-2005 में 'राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूप रेखा' ने 'ज्ञान को रटंत प्रणाली से मुक्त करने तथा विद्यालय की परिधि से बाहर ले जाने' की सिफ़ारिश की। इससे शैक्षिक परिदृश्य में कई बड़े परिवर्तन आए। इसी के चलते पाठ्य पुस्तकों में टेक्स्ट से संबंधित ऐसे विविधता पूर्ण अभ्यासों पर सहमतियां बनीं जो बच्चों को किताब की दुनिया से बाहर की दुनिया तक जाने का रास्ता तैयार करें। निश्चित ही इन अभ्यासों का हल पाठ्यवस्तु की किसी पंक्ति या अनुच्छेद में नहीं बल्कि उस पूरे पाठ को पढ़कर बनी समझ में ज़्यादा था। पर, क्योंकि यह एक पारंपरिक स्थिति से भिन्न प्रयोग था इसलिए इसकी स्वीकार्यता में समय लगा।

शिक्षा में किसी भी नए विचार के समावेश के लिए आवश्यक है कि उस विचार को शिक्षा नीति, पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक व शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में प्रत्येक स्तर पर अभिन्न हिस्सा बनाया जाय। क्रियान्वयन से पूर्व उसके हर पहलू पर विचार हो और आवश्यक मानवीय व भौतिक संसाधनों को उसके अनुरूप रचा-गढ़ा जाए। शिक्षकों, निरीक्षकों व अकादमिक सहयोगियों को उस विचार को बच्चों तक पहुंचाने के लिए ज़रूरी ज्ञान-कौशल व उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही ऐसी नियमित आकलन प्रणालियां हों जो बच्चों में उस विचार की पहुंच और ग्राह्यता का पता करने में उपयोगी फीड बैक दे पाएं। अभिभावकों व समुदाय से इस संबंध में नियमित संवाद हो।

'परीक्षा'किसी भी स्तर की शिक्षा व्यवस्था का अनिवार्य अंग है। यह एक निश्चित अंतराल पर शिक्षार्थियों के अर्जित ज्ञान, कौशल या दक्षताओं को जांचने की क्रिया, प्रक्रिया या अवस्था है। इसके अंतर्गत कुछ विशेष प्रकार के लिखित अथवा मौखिक अभ्यास प्रश्न डिजाइन किए जाते हैं। स्वाभाविक ही है कि 'परीक्षा' नाम की यह पूरी प्रक्रिया तात्कालिक पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक, शिक्षण बिंदुओं तथा शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं के तरीक़ों पर निर्भर करती है और इन्हीं के अनुरूप होती है। इसका सीधा सा अर्थ यही है कि अगर हम 'परीक्षा' के स्वरूप में किसी भी प्रकार के बदलाव की बात करते हैं तो हमें उक्त सभी में इस प्रकार के आवश्यक बदलाव करने होंगे जो परीक्षा के बदले पैटर्न का समर्थन करते हों और तदनुरूप हों। ज़ाहिर सी बात है कि 'परीक्षा' के स्वरूप में किसी भी प्रकार के बदलाव के लिए केवल एग्जाम पैटर्न में बदलाव ही काफ़ी नहीं होगा बल्कि पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तक समेत सभी स्तरों पर बदलाव अपेक्षित होंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा की संस्तुतियों को दृष्टिगत रखते हुए सीबीएसई द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुछ विद्यालयों में सेकेंडरी स्तर से 'ओपन-बुक एग्जाम-ओबीई' आयोजित करने का प्रस्ताव है। इसके तहत परीक्षार्थी परीक्षा में पाठ्यपुस्तक, क्लासरूम नोट्स या अन्य स्वीकृत सामग्री के साथ परीक्षा दे सकेंगे। हालांकि कुछ लोगों को 'खुली किताब के साथ परीक्षा' सुनने में कर्णप्रिय लग सकता है लेकिन यह परीक्षा पार करने का इतना सहज-सुगम तरीक़ा नहीं होने वाला है, क्योंकि यहां पर प्रश्न सीधे- सपाट या टैक्स्ट में निहित उत्तर पर आधारित न होकर सिद्धांतों या निष्कर्षों को विश्लेषणात्मक दक्षता के आधार पर प्रस्तुत करने पर केंद्रित होंगे। अगर सीधे कहें तो यह परीक्षा इस बात की जांच करेगी कि विद्यार्थी ने दिए गए सिद्धांतों अथवा तय निष्कर्षों को किस स्तर तक समझा है तथा वह इस समझ का विभिन्न परिस्थितियों में तर्कपूर्ण एवं विश्लेषणात्मक उपयोग कर सकता है अथवा नहीं। निश्चित ही यह प्रक्रिया विद्यार्थियों में सूचनाओं, तथ्यों, परिभाषाओं अथवा सूत्रों को रटने की बजाय मन-मस्तिष्क में उनकी गहरी समझ स्थापित करने तथा विभिन्न विषय संदर्भों में उसे 'ज्ञात से अज्ञात की ओर' जाने का रास्ता सुगम करेगी। पर, इस सबके लिए आवश्यक होगा कि इसे नियमित शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाए। नियमित प्रक्रिया का हिस्सा होने से बच्चों में कक्षा शिक्षण के दौरान शिक्षक द्वारा अपनाई गई शिक्षण विधियों, पाठ्यपुस्तक तथा अन्य पाठ्यसामग्री के बीच का संबंध स्पष्ट होगा तथा किसी समस्या के समाधान हेतु पाठ्यसामग्री को बार-बार संदर्भित कर सही व सटीक उत्तर की ओर जाने का कौशल विकसित होगा। इस प्रक्रिया में वे अपनी ग़लतियों को ख़ुद से सुधारना सीखेंगे तथा केवल परीक्षा पास करने के लिए कुछ प्रश्नों को रट लेने के बजाय गूढ़ अध्ययन की ओर उन्मुख होंगे।

दुनिया के कई देश खुली किताब से परीक्षा कराते हैं। लेकिन वहां परीक्षा स्मृति परीक्षण से आगे जाकर विद्यार्थी की समझ का जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में अनुप्रयोग पर ज़्यादा फ़ोकस करती हैं। स्वाभाविक ही है कि इस प्रक्रिया में अनुभव, विश्लेषण, तर्क, चिंतन, कल्पना, स्वयं परीक्षण द्वारा निष्कर्ष तक जाना जैसे उच्च मानसिक कौशलों के विकास पर ज्यादा ज़ोर दिया जाता है। भारतीय परिस्थितियों में ओपन बुक योजना और इसके नतीजे लागू होने पर ही सामने आएंगे। लेकिन यह ज़रूर है कि इसकी प्रभावकारिता के लिए पाठ्य सामग्रियों, कक्षा शिक्षण प्रक्रियाओं, आकलन-मूल्यांकन प्रणालियों व अकादमिक सुपरविजन के तरीक़ों में भी अपेक्षित बदलाव लाने होंगे। साथ ही परिवेश में उपलब्ध ज्ञान के मानवीय स्रोत एवं स्थानीय संसाधनों की भूमिका को भी स्पष्टतः रेखांकित करना होगा।

प्रसंगवश

चंद्रशेखर आजाद से जुड़े तथ्यों को जानना नागरिकों का अधिकार

बलिदान दिवस

भारत की आजादी के लिए सशस्त्र क्रांति के सूत्रधार अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद कब और कहां पैदा हुए? अभी तक न तो जन्म स्थान निश्चित हो पाया है और न ही जन्म तिथि। प्रामाणिक जानकारी के अभाव में यह अब भी असंभव बना हुआ है। यही कारण है कि भाबरा (मध्य प्रदेश), भौंती (कानपुर) और बदरका (उन्नाव) के लोग उन्हें अपना मानकर प्रतिवर्ष मेला और जलसा आयोजित करके अपने दावे को मजबूत करते रहते हैं। बदरका का भव्य आजाद स्मारक अपने इस दावे को वर्ष प्रतिवर्ष और मजबूत करता ही जा रहा है।

आजाद से जुड़े अनेक मिथकों पर पिछले वर्ष एक नई किताब आई- 'चंद्रशेखर आजाद मिथक बनाम यथार्थ'। पुस्तक के प्रथम दो अध्याय जन्म स्थान और जन्मतिथि पर ही केंद्रित हैं। किताब का शीर्षक उम्मीद जगाता है कि आजाद के जन्मस्थान और जन्मतिथि का निर्धारण निश्चित हो गया होगा लेकिन किताब के लेखक आईपीएस अधिकारी प्रताप गोपेंद्र की गहन खोज भी निर्णायक मुकाम पर नहीं पहुंचा पाती। हां, पुस्तक की एक खासियत यह है कि आजाद के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें और उपलब्ध आधे-अधूरे प्रमाण एक ही छतरी (पुस्तक) के नीचे मिल जाते हैं। इससे और कुछ नहीं तो आपको अपना मत निर्धारित करने में मदद जरूर मिलती है।

गौरव अवस्थी
रायबरेली

कोई आजाद का जन्म स्थान भाबरा मानता है तो कोई बदरका। किसी को भरोसा है कि आजाद का जन्म लखनऊ के काकोरी के पास ईटगांव में हुआ था और कोई ब्रिटिश हुकूमत के दौरान चले मुकदमों में खुद आजाद द्वारा लिखाए गए तथ्यों को ही प्रमाण मानकर उनका जन्म बनारस के बैजनाथ मोहल्ले का मानता है। कुछ विद्वान और आजाद के अधिकतर साथी आजाद का जन्म मध्य प्रदेश के भाबरा में ही मानते हैं। प्रामाणिक जानकारी के अभाव में आज तक यह तक तय कर पाना मुश्किल है कि आजाद के पिता कहां के रहने वाले थे? कई इतिहासकार उनके पिता पंडित सीताराम तिवारी को भौंती-प्रतापपुर (कानपुर) का मानते हैं और कोई कोई उन्हें बदरका का। कहीं-कहीं उनके पिता का नाम पंडित बैजनाथ या स्वतंत्र शर्मा भी मिलता है। हालांकि लेखक प्रताप गोपेंद्र अपने एक अध्याय में आजाद की जन्म तिथि मां स्व. जगरानी देवी द्वारा झांसी प्रवास के दौरान भगवान दास माहौर को बताई गई हिंदी तिथि (सावन सुदी दूज सोमवार) के आधार पर 23 जुलाई 1906 मानने पर ही जोर देते हैं। इसके प्रमाण में अपनी वह खोज पुस्तक में प्रस्तुत करते हैं जो उन्होंने गूगल पर प्रोकेरला (prokerala.com) के माध्यम से जुटाई है। इस पुस्तक में ऐसी खोज का एक चार्ट भी प्रकाशित किया गया है। हालांकि उन्नाव वाले आजाद की जन्म तिथि 7 जनवरी मानते हैं। इसके लिए उनके अपने तर्क और आधार हैं। बदरका में आजाद की जयंती मनाने की परंपरा 1943 से चली आ रही है। यह आज भी कायम है और वृहत मेले का रूप ले चुकी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रताप गोपेंद्र की पुस्तक नए तथ्यों की ओर पाठक का ध्यान आकृष्ट करती है लेकिन असल सवाल फिर वहीं अटक जाता है कि आखिर चंद्रशेखर आजाद का जन्म कहां का माना जाए और उनकी जन्मतिथि क्या है? यह तो सभी को पता है कि 27 फरवरी 1931 को प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क (अब आजाद पार्क) में ब्रिटिश हुकूमत के हाथ आने के पहले चंद्रशेखर आजाद ने कनपटी पर गोली मार कर अपना प्राणांत करके अपने उस प्रण को पूरा किया था, जो अक्सर वह अपने साथियों के समक्ष इन शब्दों में व्यक्त किया करते थे- 'मेरी रिवाल्वर में आठ गोली हैं। एक मैगजीन अतिरिक्त। 15 गोली अंग्रेज आततायियों पर दागूंगा और सोलहवीं खुद पर।' इसे उन्होंने आखिरी सांस में पूरा भी किया। सवाल है कि आजाद भारत की सरकारें आज तक आजाद का जन्मस्थान और जन्म तारीख प्रमाणित करने की कोशिश तक क्यों शुरू नहीं कर पाईं? जब नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मृत्यु के रहस्योद्घाटन के लिए आयोग बन सकते हैं तो चंद्रशेखर आजाद की जन्मतिथि और जन्मस्थान पता करने के लिए क्यों नहीं? केवल 'शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले..' से ही शहीदों के प्रति श्रद्धा प्रकट नहीं की जा सकती। आजाद के जीवन से जुड़े सही तथ्यों को जानना आजाद भारत के हर नागरिक का अधिकार है और सरकारों का कर्तव्य।

प्रभावित होती सरकार की छवि

डॉ. अजय कुमार मिश्रा
लखनऊ

पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन की परीक्षा से ही युवा पेपर लीक होने का आरोप लगा रहे थे परन्तु सरकारी तंत्र इस बात को स्वीकार नहीं कर रहा था।

उत्तर प्रदेश पुलिस दुनिया की सबसे बड़ी संख्या बल वाली पुलिस है, जिसमें 2.25 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत है। विभाग में चल रही भर्ती को सरकार ने रद करके आगामी छह माह में पुनः परीक्षा की घोषणा की है। निसंदेह पुनः परीक्षा में सजगता देखने को मिलेगी, जिससे पेपर लीक को रोका जा सकेगा। पर इस विषय पर कुछ अधिक कहने और लिखने से पहले कुछ मूल तत्वों को भी जानना जरुरी है। कुल 60244 पदों की भर्ती के लिए परीक्षा 16 से 18 के फरवरी मध्य उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में 2385 केंद्र बनाकर आयोजित हुई थी। इस भर्ती के लिए दिसंबर 2023 में विज्ञापन निकाला गया था। 48.17 लाख ऑनलाइन आवेदन 27 दिसंबर 2023 से 16 जनवरी 2024 के मध्य प्राप्त हुए थे। किन्ही कारणों से लगभग 5.03 लाख आवेदक परीक्षा में शामिल नहीं हुए। परीक्षा का निरस्त होना कई प्रश्नों को इक साथ जन्म देता है।

पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन की परीक्षा से ही युवा पेपर लीक होने का आरोप लगा रहे थे परन्तु सरकारी तंत्र इस बात को स्वीकार नहीं कर रहा था। 1500 से अधिक शिकायत साक्ष्यों के साथ अलग-अलग जगहों से भेजी गईं। भारी संख्या में युवाओं का दल लखनऊ में भी धरने पर रहा। अत्यधिक विरोध के पश्चात सरकार ने परीक्षा को रद करने और पुनः परीक्षा कराने की घोषणा की। जिसके पश्चात् अभ्यर्थी उत्साहित भी दिखे, परन्तु यह सोचने और समझने का विषय है की जिस भर्ती में चयन के पश्चात अवसर प्राप्त होता उसी भर्ती को रद कराने के लिए युवाओं को लड़ना पड़ा। क्या यह पूरे प्रदेश के भर्ती प्रणाली पर बड़ा प्रश्न नहीं है? उत्तर प्रदेश में नई भर्ती होने की परीक्षा का पेपर लीक होना अब आम बात बन गया है। इसके पूर्व भी कई बार पेपर लीक हुआ है। सरकार कड़ी कार्यवाही करके या करने का भरोसा देकर अपना पल्ला झाड़ लेती है। यह कितना अनुचित और अव्यवहारिक है कि सरकार अपनी ही गलतियों से नही सीख रही और कड़े प्रबंधन करने में विफल है जिसका खामियाजा लाखों लोगों को उठाना पड़ रहा है। अनेक लोगों का एक साथ सपना टूटना कितना भयावह है इसका अनुभव आर्थिक, सामाजिक, और परिवारिक दबाव झेल रहा बेरोजगार युवा ही समझ सकता है।

अव्यवस्था का आलम अक्सर देखने को मिलता रहता है। दो लाख से अधिक युवाओं का परीक्षा केंद्र लखनऊ बनाया गया था जिससे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सभी जगह अव्यवस्था देखने को मिली। अव्यवस्था का आलम यह था की अधिकांश युवाओं को अगले दिन वापस जाने का इंतेजार करना पड़ा। पिछले वर्ष सरकार ने दो करोड़ लोगों को आगामी वर्षों में रोजगार देने की बात कही थी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक घर में एक सरकारी नौकरी देने की भी बात सामने आई थी। प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की भी सबसे नाजुक नब्ज रोजगार की है जिसके लिए प्रतिदिन धरना प्रदर्शन हो रहा है। यदि उत्तर प्रदेश की बात करें तो कई अलग-अलग भर्तियों के अभ्यर्थी न केवल केस लड़ रहे हैं बल्कि कुछ के पक्ष में न्याय होने के बावजूद रोजगार नहीं प्राप्त कर सकें। निजी क्षेत्रों में अवसर की कमी और नौकरी की असुरक्षा, भुगतान कम होना, और बढ़ती ठेका प्रणाली लोगों को सरकारी नौकरी के प्रति प्रेरित करती है। हाल के वर्षों में आई कोरोना आपदा ने इसमें आग में घी डालने जैसा कार्य किया है। राज्य सरकार को कई अन्य विकल्पों पर विचार करना चाहिए इसके लिए वह ऑनलाइन परीक्षा आयोजित कर सकती है, क्योंकि अधिकांश युवा आज कंप्यूटर के बेसिक ज्ञान से पूर्ण है। प्रश्नों के एक दो नहीं कई सेट तैयार किए जाए और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का प्रयोग कर परीक्षा शुरू होने के कुछ सेकंड पहले प्रश्न पत्र लाइव किए जाए। राज्य सरकार भर्ती बोर्ड के सभी उच्च अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करें जिससे परीक्षा सफलतापूर्वक कराई जा सके। केंद्र सरकर की कई इकाई है जो बिना दाग के वर्षों से सफल परीक्षा करा रही है उनका सहयोग भी लिया जा सकता है। परीक्षा में भागीदारी कम हो और राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए उत्पादन क्षेत्र में कार्यरत कंपनियों को राज्य में अनुदान देकर आमंत्रित किया जाना चाहिए। निजी क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए रोजगार सुरक्षा और योग्यता अनुरूप न्यूनतम भुगतान नियमावली बनाने से सरकार को रोजगार के क्षेत्र में लाभ होगा। कई गंभीर मुद्दों में से रोजगार का मुद्दा अहम् है ऐसे में सरकार प्रत्येक घर के एक सदस्य को रोजगार देकर भी अपना प्रभाव कायम रख सकती है। सरकार यदि समग्र रूप से इस विषय पर नहीं सोचेगी तो आगामी चुनाव में ये युवा कई लोकसभा क्षेत्र में न केवल गणित बिगाड़ सकते है बल्कि एक ऐसी छवि का निर्माण भी कर सकते है जो चल रहे विकास के पहियों को अवरुद्ध कर सकता है।

सोशल फोरम

इतिहास में अफवाह

इतिहास को मिथकों ने ढक लिया है। इतिहास में अफवाहें घूम रही हैं। ये लोगों के विश्वास का अंग बन गई हैं। इतिहासकार भी अतीत के बारे में उतना नहीं जानते, जितना आज आम आदमी दावे के साथ बताता है। इतिहास को विषय बनाकर हाल के कई उपन्यासों ने साहित्य से ज्यादा अफवाहों की सेवा की। इस काम में राजनीति प्रेरित अधपढ़ विद्वानों, मीडिया और तकनीकी क्रांतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। अफवाह के प्रचार में भाषा यथार्थ का साथ छोड़ देती है और पेट्रोल की आग होती है।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

इन दिनों कई कवि भी इतिहासकार हैं। उपन्यासकार भी इतिहासकार हैं। फिल्म बनाने वाले तो सबसे बड़े इतिहासकार बने हुए हैं। राजनीतिज्ञ इतिहासकार होते ही हैं। इतिहास कभी इतना असहाय न था। वर्तमान दौर में सबसे विध्वस्त इतिहास है। यह मानव भविष्य पर आक्रमण है!

इसमें कुछ भी आश्चर्य नहीं है, यदि 'एलीट बुद्धिजीवी' और 'लोक' आज विपरीत ध्रुव पर हैं। लोकतंत्र के दुरुपयोग और अति-राजनीतिकरण का इससे भिन्न नतीजा नहीं हो सकता था कि लोग बड़े पैमाने पर 'आधुनिक प्रिमिटिविज्म' के शिकार हों।

समाज में 'संवेदनशीलता का संकट' आज चरम पर है। यह उत्तर-आधुनिक वैचारिक खोखलेपन की देन है। अब वे क्षमतावान हैं जो उदार न होकर पोस्ट मार्डन हैं। सभी रंग के उत्तर-आधुनिक विमर्श, जिनमें नव-धार्मिक विमर्श भी हैं, कट्टर पोस्ट मार्डन हैं। इनमें आधुनिकता के प्रमुख तत्वों- बुद्धिपरकता, समावेशी राष्ट्रीयता, लोकतांत्रिक चेतना और प्रगतिशील सोच का ही विरोध नहीं है, मानवीय मूल्यों से भी किनारकशी है।

दृष्टि में आधुनिक हुए बगैर उत्तर-आधुनिक होने का अर्थ समाज को पुरानी कट्टरताओं के अखाड़े में बदलना है। ऐसी घड़ियों में 'बहुलता' की प्रतिष्ठा न्यायपूर्ण सामंजस्य में न होकर निर्बुद्धिपरक अंतर्शत्रुताओं में होती है और एक सांस्कृतिक गृहयुद्ध की स्थिति आ जाती है, जिसकी कोई भी परिणति हो सकती है।

-फेसबुक वॉल से

महिलाओं को जोड़ने की नई पहल

सोनी मिश्रा
कानपुर

उत्तर प्रदेश में महिलाओं के वोट का प्रतिशत बढ़ाने के लिए भाजपा की नजर स्वयं सहायता समूहों पर है। इसके लिए एनजीओ के बीच नेटवर्क मजबूत किया जा रहा है। पिछले चुनावो में महिलाओं का भाजपा की ओर बढ़ता रुझान देखकर इन महिलाओं को पार्टी में जोड़ने का कार्य शुरू भी कर दिया गया है।

बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में महिलाओं की जबरदस्त वोटिंग ने राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने में खासी भूमिका निभायी थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में 36 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा को वोट किया था बाकी पार्टियों को 41 प्रतिशत मिला था।

महिलाओं के स्वयं सहायता समूह (सेल्फ हेल्प ग्रुप) के माध्यम से लाने का प्रयोग ओडिशा में बीजू जनता दल ने किया है। नतीजतन ओडिशा में पांच बार से नवीन पटनायक सत्ता में हैं। इन समूहों से जुड़ी सभी जातिवर्ग की महिलाओं में भाजपा की तरफ झुकाव भी देखा गया है। एक स्वयं सहायता समूह में न्यूनतम 10 और अधिकतम 20 महिलाएं होती हैं। उत्तर प्रदेश में 80 हजार के करीब ऐसे समूह है, जो महिला सशक्तिकरण का कारगर माध्यम हैं। केंद्र की मोदी सरकार इन्हें प्रोत्साहित करने की ओर पूरी तत्परता से लगी है। महिलाओं के कल्याण के लिए आरक्षण कानून के साथ ही लगभग दो दर्जन योजनाएं प्रभावी तौर पर चलाई जा रही हैं। योजनाओं के ही चलते देश में एक करोड़ लखपति दीदी बन चुकी हैं। सरकार का लक्ष्य इनकी संख्या तीन करोड़ करने का है।

बीते दस साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने नारी सशक्तिकरण को प्राथमिकता पर रखा है। घर, शौचालय, रसोई गैस जैसी योजनाएं तो महिलाओं के जीवन परिवर्तन का कारण हैं। अब उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सरकार ने राष्ट्रीय शहरी व ग्रामीण आजीविका मिशन भी शुरू किया है। सरकार ने सबसे अधिक ध्यान स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाकर उनसे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को जोड़ने पर शुरू किया है। इनमें जुड़ी महिलाओं के चेहरे पर आत्मनिर्भरता का भाव देखा जा सकता है।

अब जरा तुलनात्मक आंकड़ा देखिए। यूपीए सरकार में भी स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने की योजना स्वर्ण जयंती ग्राम योजना के नाम से संचालित थी, लेकिन उसका दायरा सीमित था। यूपीए शासन काल में सिर्फ 2.37 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी थीं, जबकि मोदी सरकार में यह संख्या 10 करोड़ पहुंच चुकी है। तब बैंक लिंकेज मात्र 22.9 हजार करोड़ रुपये का था, जबकि मोदी सरकार ने इसे 8.28 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा दिया गया। मोदी सरकार ने सिर्फ स्वयं सहायता समूहों और उससे जुड़ी महिलाओं की संख्या ही नहीं बढ़ाई, बल्कि आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा भी उन्हें उपलब्ध कराई। 7.4 करोड़ महिलाओं को पीएम सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ा। महिलाओं के सहयोग के लिए बैंकिंग सखी और बीसी सखी बनाई गईं। इससे आर्थिक प्रबंधन के परिणाम भी मिले और स्वयं सहायता समूहों ने भाजपा सरकार के प्रति महिलाओं में भरोसा बढ़ाया है।

अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं से ठगी

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

पिछले दिनों केंद्र की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने उद्घोष कर दिया है कि 'हम राम को लाए हैं' और प्रधानमंत्री ने श्रीराम की नई मूर्ति की यजमान बनकर प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी है। एतत्पश्चात् भारी संख्या में श्रद्धालु-राम-भक्तों के वहां आने का सिलसिला जारी है। हालांकि त्रेता युग वाले राम के समय वाली सुचारु व्यवस्था इस कलियुग में संभवन नहीं हो पा रही है। तब अपराध मुक्त साम्राज्य था। उस समय "सब मिलि करहिं परस्पर प्रीती'था। मलिनता के नाम पर केवल हवन के धुवें से होने वाली कालिमा ही थी,(मूलन ही की जहां अधोगति केशव गाइय। होम हुताशन धूम नगर एकै मलिनाइय) बाकी सब स्वच्छ ही था। इस समय आने वाले श्रद्धालु साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। आगंतुकों को कहीं न कहीं ठहरना भी होता है। जालसाजों ने फर्जी वेबसाइटें बना रखी हैं और उन पर होटल,धर्मशालाओं के कमरों की बुकिंग हो रही है। श्रद्धालुओं से मोटी रकमें आन लाइन लेकर,उन्हें कमरे बुक कर दिए जाते हैं। अयोध्या पहुंचने पर भक्तगण पाते हैं कि या तो उस नाम का होटल,धर्मशाला वहां है ही नहीं या है तो उनके नाम की कोई बुकिंग उसमें नहीं है। वे मन मसोस कर रह जाते हैं। अब वे पुलिस थानों के चक्कर लगावें या दर्शन,पूजन करें!

असली राम के समय भूले भटके यदि कोई अपराध घटित हो जाता था,तो त्वरित दंड व्यवस्था होती थी। चाहे कार्यार्थी कुत्ते को न्याय देना रहा हो या शम्बूक वध। वर्तमान में सरकार डींगें चाहे जितनी मारे, साइबर ठगों से निपटने की उनके तंत्र में यथेष्ठ क्षमता नहीं है। या फिर पुलिस की मिलीभगत रहती है। मैं एक ठोस उदाहरण दे रहा हूं। वह मेरा अपना है। अयोध्या का तो नहीं किंतु अवध क्षेत्रांतर्गत लखनऊका है,जो प्रदेश की राजधानीहै। गत 22 दिसंबर,2022 को मैं एक छोटी साइबर ठगी का शिकार हुआ। पुलिस कमिश्नर को तत्काल ई-मेल किया। उनके आदेश पर नगर के थाना सुशांत गोल्फ सिटी में 2;जनवरी,2023 को मुकदमा दर्ज कर लिया गया। एक वर्ष से ऊपर हो गया है,कोई ठोस कार्यवाही सामने नहीं आई। इसे क्या कहा जाएगा; जब कि मैं स्वयं मजिस्ट्रेट रहा हूं। ऐसे में ऊपर संदर्भित सामान्य श्रद्धालुओं को न्याय मिलना दुष्कर ही प्रतीत हो रहा है।

एक नजर

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

गौरीगंज, अमेठी। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत दयालापुर मोड़ के पास ट्रक बाइक की जोरदार टक्कर में युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पीएम को भेज दिया है। दुर्घटना गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत दयालापुर मोड़ के पास की है जहां जामों थानाक्षेत्र के अन्तर्गत पूरे रामदीन भगत का पुरवा मजरे लोरिकपुर सुरेश चंद्र 30 वर्ष निवासी बाइक से गौरीगंज से घर जा रहे थे कि दयालापुर मोड़ के पास ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आस पास के लोगों की सहायता से जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

भागवत कथा उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन

जगदीशपुर, अमेठी। सात दिवसीय चल रही श्रीमद् भागवत कथा उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज के पधारे भक्तगणों ने प्रसाद पान कर अपने को धन्य किया विकासखंड के अंतर्गत स्थित अयोध्या रोड सिंह मार्केट के निकट मौर्य की बाग में अयोध्या धाम से पधारे पंडित बृजेशाचार्य महाराज द्वारा चल रही अमृत कथा का भक्तों ने रक्त पान किया इसके उपरांत पूर्ण आहुति के पश्चात एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने होने प्रसाद ग्रहण किया कथा आयोजक मुख्य यजमान चंद्रभूषण त्रिपाठी पूर्व अध्यापक ए एच इंटर कॉलेज जगदीशपुर आनंद प्रकाश त्रिपाठी, मानसिंह राठौर, सजन बहादुर सिंह, हरबबन सिंह, राजेंद्र तिवारी, बृजेंद्र कुमार, हरिशंकर राम कृपाल आदि लोग मौजूद रहे।

जगदीशपुर : करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

खेत में छुट्टा मवेशियों को खदेड़ने के चक्कर में हुआ हादसा

जगदीशपुर, अमेठी

▸▸ **पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह का होगा खुलासा**

अमृत विचार। खेत की रखवाली कर रहे किसान की करेंट की चपेट मे आने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी।

थानाक्षेत्र के अंतर्गत जायस जगदीशपुर रोड पर स्थित आनंद नगर चौराहे के समीप उस समय हडकंप मच गया। जब बाबूपुर सरैंया निवासी जाहिद पुत्र कल्लू उम्र लगभग 60 वर्ष जो खेतों की रखवाली कर रहा था। इसी दौरान छुट्टा मवेशी आकर खेतों की फसल खाने लगे। यह देख जाहिद उन्हें खदेड़ने के लिए दौड़े। इसी दौरान वह अचानक विद्युत लाइन के ढीले तार की चपेट मे आकर गंभीर रूप से झुलस गये। जब तक आसपास के लोग उसकी मदद के लिए पहुंचते तब तक वह दम तोड़ चुका था। जिसकी जानकारी होने पर परिजन व ग्रामीण काफी संख्या में इकट्ठा होकर विद्युत विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई।

वहीं, सूचना पर पहुंची पुलिस ने बातचीत कर मामले को शांत कराते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग ने बताया कि किसी ने स्टे का तार खोल दिया था। जिसके कारण विद्युत तार ढीला जरूर था। परंतु ऐसा लग नहीं रहा कि तार के संपर्क में आ जाए। हो सकता है किसी जानवर ने काट लिया हो मामला संदिग्ध है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार करेंट की चपेट में आने से मौत बताई जा रही है। फिलहाल पीएम रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा हो जाएगा।

भादर में राज्य स्तरीय डे नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

भादर, अमेठी

▸▸ **प्रतियोगिता में प्रदेश के कई जिलों से 16 टीमों ने कराया पंजीकरण**

अमृत विचार। ग्रामीण मिनी स्टेडियम घोरहा में तीसवीं बाबा भीष्म शाह राज्य स्तरीय डे नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता मंगलवार को शुरू हुई। विधायक प्रतिनिधि अरूण प्रजापति, वरिष्ठ पत्रकार राजेश मिश्रा और पूर्व मा.शि.संघ के जिला उपाध्यक्ष संजीव भारती ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

पूरब द्वारा के खेल प्रेमी अशोक सिंह ने भी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और आयोजन समिति को दस हजार रुपए की आर्थिक प्रोत्साहन धनराशि भी प्रदान की। खेल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से 16 टीमों ने पंजीकरण कराया है। मंगलवार को दोपहर बाद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। अरुण प्रजापति, उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने खेलों के आयोजन और खेल प्रतिभाओं के विकास को लेकर घोरहा और भादर के लोगों के प्रयास की मुक्त कंठ से सराहना की। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच कानपुर और लखनऊ की टीमों के बीच खेला गया। वरिष्ठ नागरिक गंगा राम सिंह, लल्लन सिंह मांझी, डा आनंद सिंह, कपिल देव सिंह, विनोद मिश्रा, अमित सिंह, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, विपिन सिंह, रोहित सिंह, मनोज सिंह, भोला सिंह आदि ने खेल मैदान में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

शब ए बारात में दुआएं कबूल करता है अल्लाह

पैंतेपुर सीतापुर

अमृत विचार। शब ए बारात की रात अल्लाह की रहमत बरसती है। मुसलमानों के लिए यह अहम रात होती है। इस रात अल्लाह से अपने द्वारा किए गए गुनाहों की माफी मांगते हुए हमें मुल्क की तरक्की के लिए दुआ करनी चाहिए।

कस्बा पैंतेपुर के माह नगर वार्ड में शब ए बारात के अवसर पर आयोजित जलसे को संबोधित करते हुए मौलाना शाहिद कासमी ने यह बात कहीं। उन्होंने कहा कि इस पर्व के दौरान बंदों की दुआ अल्लाह कबूल अवश्य करते हैं। इस रात अल्लाह की तरफ से बेहिसाब मगफिरत देता है। यह गुनाहों से तौबा करने की रात है। इसे यूं बरबाद न करें बल्कि अल्लाह की इबादत में ज्यादा से ज्यादा वक्त दें। नमाज पढ़ें और कुरान की तिलावत करें। इस अवसर पर फहीम, साहबे आलम, गुड्डू, मोहम्मद शमी, मोहम्मद जुनैद, मोहम्मद असलम सहित तमाम लोग मौजूद थे।

जलसे को संबोधित करते मौलाना। अमृत विचार

विद्युत झालरों से सजाये गये कब्रिस्तान

शब ए बरात के पर्व पर कस्बे के सभी कब्रिस्तानों, मस्जिदों को विद्युत झालरों से सजाया गया। पूर्वजों की याद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रोजा रखा। चने की दाल, बेसन व सूजी मैदा से मिष्ठान्न एवम हलवा बनाया गया। शाम होते ही लोग कब्रिस्तान गए। अपने पूर्वजों की याद में फातिहा पढ़ी और दुवाखवानी की। कस्बे के माह नगर, पूर्वी, पट्टी सहित अन्य वार्डों के कब्रिस्तानों को झालरों से सजाया गया।

चौपाल में बताई सरकारी योजनाएं

सीतापुर, अमृत विचार। भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर युवा चौपाल कार्यक्रम महमूदाबाद देहात मण्डल के सेखवापुर गांव में सम्पन्न हुआ। जहां मण्डल प्रवासी के रूप में जिला कार्यसमिति सदस्य एवं डायरेक्टर अखिलेश शर्मा उपस्थित रहे। चौपाल में पार्टी के कार्यों की समीक्षा और विचार विमर्श कर पीएम मोदी द्वारा आम जनमानस के लिए चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही उनके क्रियान्वयन पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर चंद्र प्रकाश, जगन बाबू छोटेलाल, रोहित, शोभित, बेचेलाल, केदार, शिवम, सुरेश, अमन सोनकर, पिंटू, शुभम, सुनील, धनीराम, शिवा व हरिओम सहित सैकड़ों युवा उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

विवाह योजना के तहत 328 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

सामूहिक विवाह में शामिल हुए लोग। अमृत विचार

अमेठी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जनपद में पीयूष उत्सव वाटिका (मैरिज लॉन) निकट राजीव गांधी साइंस कालेज, गौरीगंज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 328 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके शर्मा ने बताया कि आज 7 विकास खंडों क्रमश: भेटुआ, अमेठी, भादर, संग्रामपुर, गौरीगंज, जामों व शाहगढ़ 328 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। जिसमें 293 हिंदू तथा 35 जोड़ों का मुस्लिम रीति-रिवाज से विवाह संपन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत राजेश अग्रहरि, पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र, जिला पंचायत सदस्य बब्लू सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), उपजिलाधिकारी गौरीगंज, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज, खण्ड विकास अधिकारी अमेठी, भेटुआ, भादर, संग्रामपुर व गौरीगंज तथा प्रबन्धक पीयूष उत्सव वाटिका अनूप पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिधि उपस्थित रहे।

मेराज मेहबूब समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष मनोनीत

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा निर्देशन पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल व जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव की संतुति पर नगर के मोहल्ला चिक्की टोला निवासी मेराज मेहबूब को समाजवादी पार्टी का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अपने मनोनयन पर मेराज मेहबूब ने कहा है कि मुझे पार्टी में जो दायित्व दिया गया है उसका पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निर्वहन करूंगा। सामाजवादी नीतियों व विचारधारा को जन-जन तक पहुचाने के साथ-साथ समाजवादी पार्टी को और अधिक संगठित करने का प्रयास करूंगा। मेराज मेहबूब के नगर अध्यक्ष बनने पर बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से लहरपुर सपा विधायक अनिल वर्मा, समाजवादी विधान परिषद सदस्य जासमीर अंसारी, सपा छात्रसभा प्रदेश सचिव एडवोकेट शोभित मिश्र, विधानसभा अध्यक्ष राजेश गिरी राजू, जहीर अब्बास, सपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गीता सिंह, डॉक्टर सद्दन खान, वीरेन्द्र रस्तोगी, भागीरथ मौर्य, एडवोकेट फिरोज खान, राधे वर्मा, मनोज गुप्ता, ओमेंद्र वर्मा, स्वप्निल तिवारी, हर्षित तिवारी आदि प्रमुख थे।

हादसों का सबब बना बल्लियों पर फैला तारों का मकड़जाल

बांस बल्लियों पर फैले विद्युत तार। अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार। शहर के मोहल्ला आदर्श नगर राम धर्म कांटा के पीछे की संकरी गलियों में बिजली के केबिलों का जाल बिछा है। विद्युत पोल न होने की वजह से बांस बल्लियों से घरों के आगे से सटाकर ले जाए गए तार नीचे तक झूल रहे हैं। जिसके नीचे अक्सर बच्चे खेलते रहते हैं। इतना ही नहीं विद्युत पोल न होने के कारण मजबूरन लोगों को बल्ली का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। उक्त मोहल्ले में विद्युत पोल न होने के कारण बल्ली के सहारे संकरी गलियों के मकानों में बिजली सप्लाई के लिए केबिल घरों तक ले जाए गये हैं। बीच में सपोर्ट न होने के कारण केबिल नीचे तक झूल रहे हैं या लोगों के घरों के छज्जे पर खुले आम चादर के समान बिछे हुए हैं। एक-एक गली में कई-कई कनेक्शन होने के कारण केबिल के तारों का जाल घना हो गया है। इस अव्यवस्था से अंजान मासूम बच्चे अधिकांश दिनभर संकरी गलियों में मौत बनकर झूल रहे बिजली के तारों के नीचे खेलते रहते हैं। जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। आदर्श नगर निवासी अखिल रस्तोगी का कहना है कि विद्युत पोल न होने के कारण काफी समस्या का सामना करना पड़ता है और घर के बाहर खड़े होने से भी डर लगता है। वहीं पीएन रस्तोगी का कहना है कि उनके घर के ऊपर ही सारे बिजली के तारों का मकड़जाल फैला हुआ है। जिससे उनके परिवार को छत पर जाने से हमेशा डर रहता है कि कहीं कोई अनहोनी न हो जाये।

मूक बधिर बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में लाने के लिए दिया प्रशिक्षण

ब्लॉक संसाधन केंद्र में शिक्षकों को प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ।

सीतापुर, अमृत विचार। लहरपुर ब्लाक संसाधन केंद्र पर समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत, समेकित शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूल के नोडल शिक्षकों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर विशेषज्ञों ने विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को, शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ कर उनको सीखने में सहयोग प्रदान करने की तकनीकी जानकारी दी। विशेषज्ञ राजीव कुमार ने श्रवण बाधित बच्चों की पहचान उनकी समस्या और सीखने में आने वाली कठिनाईयों पर चर्चा करते हुए उनको सहयोगी उपकरणों के माध्यम से सिखाने की तकनीकी जानकारी दी। प्रशिक्षक दुर्गेश कुमार ने मानसिक मंदता एवं बौद्धिक रूप से दिव्यांग बच्चों की पहचान उनकी समस्या के बारे में विस्तार से जानकारी दी। द्रष्टि बाधित बच्चों की शिक्षा की विशेषज्ञ इंदू देवी ने ऐसे बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने और उनको सीखने में मदद करने वाले कारक के बारे में जानकारी दी। संकुल शिक्षक अनवर अली ने दिव्यांग बच्चों और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को, कक्षा शिक्षण करते समय सहायक उपकरणों और शिक्षण अधिगम सामग्री के सुचारू रूप से प्रयोग करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

महिला स्वयं सहायता समूहों को मिले पांच लाख का अनुदान

▸▸ **सिधौली के अंबेडकर पार्क में एजेंडा यूपी के सम्मेलन का किया गया आयोजन**

सिधौली, सीतापुर

अमृत विचार। केंद्र सरकार द्वारा देश में एक करोड़ लखपति दीदी बनाने की बजट में की गई घोषणा महज प्रोपेगेंडा है। सच्चाई यह है कि अभी भी महिलाओं के स्वयं सहायता समूह आत्मनिर्भर नहीं बन सके हैं और महिलाओं की आजीविका उनसे पूरी नहीं हो रही है। इसलिए सरकार को तत्काल महिला स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख का अनुदान और उनके पैदा किए हुए उत्पाद के लिए बाजार की व्यवस्था करनी चाहिए। यह मांग आज सिधौली के अंबेडकर पार्क में एजेंडा यूपी के सम्मेलन में उठी। सम्मेलन के बाद तहसीलदार आलोक कुमार ने ज्ञापन लिया और आश्वासन दिया कि मनरेगा, स्वयं सहायता समूह, पेंशन, आधार सत्यापन आदि कामों में जो शिकायतें हैं उसको तत्काल हल किया जाएगा।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री ददू प्रसाद ने कहा कि एजेंडा यूपी के तहत प्रदेश के विभिन्न विचार समूहों के लोगों ने हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, दलित-अति पिछड़े भूमिहीनों को एक एकड़ आजीविका के लिए जमीन व आवासीय भूमि देने, शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च बढ़ाने, 12 घंटे काम के करने वाले लेबर कोड वापस लेने की मांग को उठाया है। ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रदेश महासचिव दिनकर कपूर ने कहा कि मोदी की सरकार कॉर्पोरेट की एजेंट बनी हुई है। सीतापुर समेत तमाम इलाकों से लोगों का पलायन हो रहा है और बेहद कम मजदूरी में 12 घंटा काम करने में लोग मजबूर हो रहे हैं। मजदूर किसान मंच के प्रदेश महामंत्री डॉ. बृज बिहारी ने कहा कि मनरेगा में लगातार बजट में कटौती की गई है। सीतापुर में ही तमाम गांव में काम के आवेदन डाले गए, लेकिन आवेदन पर कार्यवाही नहीं हुई। मजदूर किसान मंच की प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीला रावत ने कहा कि सीतापुर में बहुत बड़े पैमाने पर ग्राम सभा में बंजर परती की जमीन है जिसे गरीबों में वितरित किया जाना चाहिए।

भाकियू अध्यक्ष मनीष यादव ने कहा कि सरकार को किसानों की एमएसपी पर खरीद की गारंटी के लिए कानून बनाने के अपने वादे को पूरा करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईपीएफ संयोजक गया प्रसाद व संचालन संतराम रावत ने किया। इस मौके पर आरपी गौतम, रामबली, इरफान आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

वरिष्ठ साहित्यकार भगवती प्रसाद अग्निहोत्री हुये सम्मानित

आयोजन में वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार भगवती प्रसाद अग्निहोत्री को उनके जनसरोकारों से जुड़े लेखन और निरन्तर सक्रियता के लिए सम्मानित किया गया। पूर्व मंत्री ददू प्रसाद एवं डा. बृजबिहारी ने शॉल ओढ़ाकर व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया।

वरिष्ठ साहित्यकार को सम्मानित करते पूर्व मंत्री।

प्रयागराज को हरा रायबरेली की टीम बनी चैंपियन

▸▸ **कटसारी में आयोजित की गई डे-नाइट राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता**

कादीपुर, सुलतानपुर

अमृत विचार: क्षेत्र के कटसारी गांव में आयोजित डे नाइट राज्य स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में रायबरेली ने बाजी मारी। प्रतियोगिता का फाइनल मैच पांच सेट का हुआ। जिसमें रायबरेली की टीम ने तीन सेट लगातार जीत कर मुकाबला को एक तरफा बना दिया। इस प्रकार रायबरेली के टीम ने प्रयागराज को शिकस्त देकर विजय श्री को अपने नाम कर लिया।

प्रथम पुरस्कार के रूप में रायबरेली की टीम को 21000 रुपए नकद व द्वितीय पुरस्कार के रूप में प्रयागराज टीम को 15000 रुपये नगद धनराशि प्रदान की गई। मुख्य अतिथि रणवीर राजकुमार इंटर कॉलेज बरवारीपुर के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र यादव ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। संचालन बांके सिंह व विजय प्रताप सिंह ने किया। मौके पर पूर्व प्रधान जितेन्द्र सिंह, प्रधान अरुण कुमार मिश्र, सुरेंद्र पाल, भाजपा नेता सर्वेश सिंह आदि रहे।

कादीपुर में राज्यस्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गोल करने का प्रयास करते खिलाड़ी। अमृत विचार

द्रौपदी चीर हरण नाटक का किया गया मंचन

पैंतेपुर, सीतापुर

अमृत विचार। श्री राम जानकी बजरंगबली धाम गुडियापुर परिसर में ओम जय श्री सिद्धेश्वर धार्मिक पार्टी ने रामलीला का आयोजन किया। जिसमें पार्टी कलाकारों ने आकर्षक वेशभूषा एवं बेहतर प्रस्तुतीकरण के जरिए देर रात तक श्रद्धालुओं को आनंदित किया। कलाकारों ने द्रौपदी चीरहरण नाटक का मनोहारी मंचन भी किया गया।

विकासखंड रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत मितौरा के अंतर्गत गुडियापुर स्थित राम जानकी बाबा बजरंगबली धाम में आयोजित वार्षिक समारोह के दूसरे दिन रामलीला पार्टी द्वारा भक्तिमय नाटकों के मंचन की श्रंखला में द्रौपदी चीर हरण नाटक का मंचन किया गया। पार्टी के डायरेक्टर संदीप यादव ने नाटक का शुभारंभ गणेश, भगवान शिव जी विष्णु जी एवम हनुमान जी की आरती उतारकर मंदिर के महंत बाल ब्रह्मचारी बाबा तपसीदास ने किया। प्रथम दृश्य में दर्शाया गया जिस समय महाराज युधिष्ठिर के राज्याभिषेक का कार्यक्रम की तैयारिया इंद्रप्रस्थ में हो रही थीं, उसमें सभी राजाओं को आमंत्रित किया गया। दुर्योधन के पंहुचने पर जल को थल और थल को जल अचंभा हुआ और अंततः जल से परिपूर्ण स्थान पर वह गिर गया। द्रौपदी उसे देखकर हंस दी बोली अंधे के अंधे ही होते है। दुर्योधन इस बात से नाराज हो गया और द्रौपदी को अपमानित करने का उपाय सोचने लगा। इधर राज्याभिषेक का कार्यक्रम संपन्न हुआ। एक दिन दुर्योधन ने अपने मामा शकुनि के जरिए युधिष्ठिर को भाइयों सहित जुआ खेलने के लिए आमंत्रित किया। सभी भाइयों सहित वह हस्तिनापुर आ गए। खेल प्रारंभ हुआ। मामा शकुनि की चाल के आगे किसी की न चली। अंततः युधिष्ठिर सब कुछ हार गए। अंत में दुर्योधन ने पूछा कि अब क्या दांव पर लगाओगे। युधिष्ठिर ने अपनी पत्नी द्रौपदी को ही दांव पर लगा दिया, उसे भी हार गए। द्रौपदी ने भगवान कृष्ण को याद किया और भगवान ने उनकी मदद की। इस अवसर पर अवधराम यादव, पंकज यादव, छोटेलाल, प्रदीप यादव, जितेंद्र कुमार दीपू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। संचालन संदीप यादव ने किया।

रामलीला में द्रौपदी के चीरहरण का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

अटकलें संजय गांधी ने अमेठी से बनाया था पारिवारिक रिश्ता

पिता की कर्मभूमि में वरुण गांधी के चुनाव लड़ने की अटकलें तेज

अमेठी

अमृत विचार। एक मई 1976 को संजय गांधी पहली बार मुख्यमंत्री एनडी तिवारी सहित तमाम नेताओं के साथ अमेठी आये और सत्ता के सफर के लिए अमेठी लोकसभा का चुनाव किया। सफलता के पांच सूत्रों के साथ संजय गांधी ने अमेठी को अपना चुनावी प्रयोगशाला बनाया। युवाओं को छोड़ो अब आराम जवानों का नारा देते हुए मई 1976 से एक महीने का युवक कांग्रेस का श्रमदान शिविर लगाया।

देश के विभिन्न प्रान्तों के सैकड़ों युवा अमेठी पहुंचे और रणवीर रणंजय डिग्री कालेज को अपना रैन बसेरा बनाया। युवाओं के साथ श्रमदान करके खेरौना, विराहिनपुर और मालिक मोहम्मद जायसी की मजार के कच्चे रास्ते बनाने के लिए फावड़े-कुदाल चलाते हुए अमेठी के युवाओं के दिल में जगह बनाते हुए संजय गांधी ने अमेठी से पारिवारिक रिश्ता बनाया। अमेठी के शिल्पीकार कहे जाने वाले संजय गांधी की 23 जून 1980 को विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई। 45 साल पहले अमेठी से संजय गांधी ने परिवार का नाता जोड़ा था जिसके फलस्वरूप उनके आकस्मिक मृत्यु के बाद उनके अग्रज राजीव गांधी ने अमेठी को अपना कर्मभूमि बनाया फिर सोनिया गांधी और बाद में राहुल गांधी को अमेठी वासी चुनाव जीताकर संसद भेजते रहे। 2019 लोकसभा चुनाव में यह रिश्ता पूरी तरह कमजोर पड़ चुका था। अमेठी ने राहुल गांधी को ठुकराकर भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी को संसद भेजा। 2024 लोकसभा चुनाव पास आया गया है। उम्मीदें लगाई जा रही हैं गांधी परिवार का कोई न कोई सदस्य यहाँ से चुनाव जरूर लड़ेगा। ऐसे में अगर राहुल गांधी यहाँ से चुनाव नही लड़ेंगे तो वरुण गांधी के यहाँ से चुनाव लड़ने की अटकलें तेज हो गयी है। फिलहाल अमेठी के चहुमुखी विकास के पिता संजय गांधी के सपनों को पूरा करने के लिए अमेठी की रणभूमि में वरुण गांधी उतरेगें यह सिर्फ अटकलें लगाई जा रही हैं। वहीं वरुण गांधी के एक करीबी सूत्र की माने तो वरुण इस बार अमेठी से निर्दलीय चुनाव लड़ सकते हैं। जबकि उनकी मां मेनका गांधी वापस पीलीभीत जा सकती हैं। जहां उनका पहले से मजबूत आधार बना हुआ है। वरुण के निर्दलीय चुनाव लड़ने की ज्यादा संभावना है कांग्रेस और समाजवादी पार्टी उन्हें समर्थन दे रही है। वरुण के अखिलेश यादव के साथ अच्छे संबंध हैं। वही वरुण गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने की अटकलों लेकर जहां एक ओर कांग्रेसी खासा उत्साहित हैं तो वहीं अमेठी की जनता को भी उनके यहां से चुनाव लड़ने के फैसले का इंतजार है।

क्रिकेट में जौनपुर ने अमेठी को हराया

अमेठी

अमृत विचार। जिला क्रिकेट संघ अमेठी द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय स्वामी परमहंस महाराज स्मारक क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार पांचवा दिन है। जिसमें मैच में अथिति के रूप में विधायक प्रतिनिधि अरुण प्रजापति, प्रोफेसर डॉ. अर्जुन प्रसाद, राकेश प्रताप सिंह, एक्सिस बैंक के मैनेजर वरुण प्रताप सिंह, मुथूट बैंक के मैनेजर मृगेंद्र प्रताप सिंह रहे। जौनपुर बनाम अमेठी क्रिकेट एसोसिएशन का मैच रहा। अमेठी क्रिकेट एसोसिशन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 132 रन बनाए। जिसमें टीम के लिए सर्वाधिक रन शोएब ने 66 रन बनाए। जवाब में उतरी जौनपुर की टीम ने 18.5 ओवर में 138 रन बना कर मैच जीत लिया। जिसमें जौनपुर टीम के गेजबाज पवन राजपूत ने 3 विवेक लिए और नरेंद्र यादव ने टूर्नामेंट की पहले हैट्रिक ली। जौनपुर के बल्लेबाज अरुण कुमार और यश की शानदार बल्लेबाजी रही। इस मैच के मन ऑफ द मैच अरुण कुमार, बेस्ट बोलर पवन राजपूत, फाइटर ऑफ़ द मैच शोएब खान, सर्वाधिक छक्का शोएब, बेस्ट बैट्समैन यश साहू रहे, अगले मैच चल रहा है। सभी अतिथिगण ने सफल आयोजन के साथ साथ सभी खिलाड़ियों को शुभकामना प्रेषित की है। उक्त अवसर पर निदेशक प्रांजल तिवारी उपाध्यक्ष मुकेश यादव, गोविंद मौर्य नरसिंह यादव, अवधि कलाकार रंजीत यादव, मुख्य फिजियो डॉ. आलोक श्रीवास्तव के साथ सभी पधाधिकारी मौजूद रहे। यह जानकारी संघ निदेशक प्रांजल तिवारी ने प्रदान की।



विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर किया गया सम्मानित। अमृत विचार

एक नजर

डीएम ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

प्रतापगढ़ अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजीव रंजन, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने पूरेकेशवराय गायघाट स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। डीएम ने निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था को देखा एवं सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आयोग की गाइडलाइन का शत प्रतिशत पालन का निर्देश दिया। कहा कि किसी तरह की लापरवाही न हो, सभी मूलभूत आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त- दुरूस्त बनायें रखे। एडीएम त्रिभवन विश्वकर्मा, एसडीएम सदर आदि मौजूद रहे।

आयुध अधिनियम में दो लोग गिरफ्तार

अयोध्या। नगर कोतवाली पुलिस ने आयुध अधिनियम में दो लोगों को गिरफ्तार कर चालान किया है। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने सोमवार को बताया कि चौकी प्रभारी चौक विवेक राय ने परिक्रमा मार्ग स्थित अफीम कोठी के पास से विवेक कुमार निवासी नक्खास गली सुभाष नगर व चौकी प्रभारी रिकाबगंज राम प्रकाश ने जिला महिला अस्पताल के पीछे डॉक्टर/चिकित्सक कर्मचारी कॉलोनी के पास से अहमद इकबाल निवासी जिला रिकाबगंज को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से एक-एक तमंचा-कारतूस बरामद होने के चलते आयुध अधिनियम में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जिला सैनिक बंधु की बैठक कल

अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को शाम 4 बजे होगी। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में समस्त नामित सरकारी/गैर सरकारी सदस्य प्रतिभाग करेंगे। सेवारत व भूतपूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों की समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान व निस्तारण की व्यवस्था की जायेगी।

कौशाम्बी सांसद ने 190 करोड़ की चार परियोजनाओं का किया शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल संबोधन में कहा-भारत अब बड़े सपने देख रहा है

संवाददाता, कुण्डा प्रतापगढ़

अमृत विचार : कौशाम्बी सांसद ने सोमवार को 190 करोड़ की चार परियोजनाओं का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने वर्चुअल सम्बोधन में कहा कि अब भारत बड़े सपने देख रहा है। अमृत भारत योजना से अब रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प हो रहा है।

कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर ने कुण्डा हरनामगंज रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपके आशीर्वाद व स्नेह के रूप में दिया गया समर्थन ही कार्य करने की प्रेरणा देता है। कुण्डा का रेलवे स्टेशन 2014 में उपेक्षित दिख रहा था, आज स्टेशन का कायाकल्प हुआ। अब 10 करोड़ की लागत से इसकी दशा और बदलेगी। करेंटी रोड, बाबूगंज, मवई रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बन जाने के बाद लोगों को यात्रा करने में सुगमता होगी। इसके बाद बाबूगंज बाजार में ओवरब्रिज एवं मवई में सड़क ओवरब्रिज का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में रेलवे के नोडल निखिल तिवारी, भाजपा नेता पूर्व प्रत्याशी शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, कमलेश सोनकर, वरिष्ठ भाजपा नेता ठाकुर प्रकाश सिंह, योगेन्द्र नाथ मिश्र, पवन गौतम, मानिकपुर चेयरमैन प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल, अखिलेश द्विवेदी, उदय शंकर पाण्डेय, गोलू शुक्ल, विनीत पाण्डेय, आंनद मिश्र, सुमन साहू, रूपा गौतम, मंडल अध्यक्ष अमर जीत सिंह, मीडिया प्रभारी भूपेंद्र पांडेय आदि रहे।

ओवरब्रिज का शिलान्यास करते कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर।

बीएसए ने नोटिस जारी कर 10 एआरपी से मांगा जवाब

प्रतापगढ़। अमृत विचार : निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन में रुचि नहीं लेने वाले 10 ब्लॉक के एआरपी को नोटिस जारी कर बीएसए ने जवाब मांगा है। नोटिस में कहा गया है कि तीन दिवस के अंदर स्पष्ट आख्या नहीं देने पर सम्बंधित एआरपी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्रवाई कर दी जाएगी। निपुण लक्ष्य एप के जिले के शिक्षक बच्चों के आकलन और अभ्यास कराने में रुचि नहीं ले रहे हैं। इसे लेकर एआरपी भी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से इसकी ऑनलाइन समीक्षा कर डाटा बेसिक शिक्षा अधिकारी को मुहैया कराया। बीएसए भूपेन्द्र सिंह ने जिले के विकास खंड सदर, आसपुर देवसरा, कुंडा, मंगरौरा, मानधाता, पट्टी, बिहार, बाबा बेलखरनाथ धाम, शिवगढ़ और गौरा में तैनात एआरपी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।

अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, कुंडा प्रतापगढ़

अमृत विचार : मानिकपुर थाना क्षेत्र क भिटहा पाटीहार निवासी आशीष कुमार यादव (20) पुत्र माता दीन यादव रविवार को अपने मौसेरी बहन को छोड़ने मंसूराबाद गया था। वहां से लौटते समय रात करीब नौ बजे कुंडा कोतवाली के अंतर्गत मवई बाईपास स्थित राधे-राधे रेस्टोरेंट के पास अनियंत्रित ट्रक ने आशीष की बाइक में सामने से टक्कर मार दी। जिससे आशीष गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक ट्रक लेकर भाग निकला। आस - पास के लोगों ने हादसे की सूचना कुंडा पुलिस को दी। एसआई योगेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सीएचसी भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस की सूचना पर रोते बिलखते परिजन सीएचसी पहुंचे। मृतक तीन बहनों में इकलौता भाई था।

आशीष कुमार यादव (फाइल फोटो)

कोतवाल कुण्डा कमलेश पाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। मृतक आशीष इकलौता था जो तीन बहनों में सबसे छोटा था। बड़ी बहन सुनीता 30, नीता 25, वंदना 22 घर के इकलौते चिराग के बुझजाने से परिजनों में मातम छाया हुआ है। कोतवाल ने बताया मृतक के तरफ से अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है।

संस्कृत बोर्ड की पूर्व मध्यमा द्वितीय गणित में 705 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार : संस्कृत बोर्ड की परीक्षा में सोमवार को पूर्व मध्यमा द्वितीय गणित में पंजीकृत 900 परीक्षार्थियों में से 705 ने परीक्षा दी तथा 195 अनुपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक में चार परीक्षा केदो का निरीक्षण किया। सोमवार को दो पाली में हुई परीक्षा में पहली पाली में पूर्व मध्यमा द्वितीय गणित के साथ ही पूर्व मध्यमा द्वितीय कंप्यूटर में दो परीक्षार्थियों तथा पूर्व मध्यमा द्वितीय व्यवसाय में एक परीक्षार्थी ने परीक्षा दी। पहली पाली में ही उत्तर मध्यमा प्रथम रसायन विज्ञान में 176 में से 174 ने परीक्षा दी तथा दो अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में उत्तर मध्यमा द्वितीय अर्थशास्त्र की परीक्षा में 39 में से 34 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी तथा पांच अनुपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह ने राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, अजीत सोमवंशी संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजबाग सिटी, सरजू प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज शीतल मऊ तथा राजगुरु सांगवेद संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शास्त्री नगर बेलहा का निरीक्षण किया उन्होंने बताया कि परीक्षाएं सकुशल संपन्न हुईं।

हाईवे से मिलने वाली ग्रामीण सड़कों पर बनवाएं स्पीड ब्रेकर

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि हादसों को नियंत्रित एवं कम करने के लिये सड़क सुरक्षा नियमों का सभी से सख्ती से अनुपालन करायें एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। ग्रामीण सड़के जो हाईवे से मिलती है वहां पर स्पीड ब्रेकर बनवाये जाये जिससे दुर्घटनायें न होने पाये। शहर की ट्रैकिफ व्यवस्था को लेकर ईओ नगर पालिका परिषद के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि शहर के पार्किंग स्थल को सुदृढ़ और चालू करायें। डीएम ने कहा कि विकास भवन रोड पर फिर से दुकानदारों द्वारा कब्जा किया जा रहा है। ईओ नगर पालिका के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि दुबारा अभियान चलाकर कब्जा हटाया जाये। 631 बिना फिटनेस स्कूल वाहन चल रहे हैं, इसके लिये डीआईओएस के प्रतिनिधि विन्ध्याचल सिंह को निर्देशित किया कि वे स्कूल के वाहन स्वामियों से वार्ता कर एक माह में वाहनों का फिटनेस एवं वाहन भी फिट कराये जाये। चौक घंटाघर, सदर मोड़ पर बने गड्ढे ठीक न कराये जाने पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए चार दिन के अन्दर ठीक कराकर सूचित करने का निर्देशित दिया। बैठक में सीडीओ नवनीत सेहारा, एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा, प्रान्तीय खण्ड के अधिशाषी अभियन्ता ओपी चौरसिया, एआरटीओ दिलीप गुप्ता, बीके सिंह सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक को सम्बोधित डीएम संजीव रंजन। अमृत विचार

अंतिम संस्कार से पहले 5 लाख मुआवजे की मांग पर अड़े ग्रामीण

प्रयागराज कौशांबी। अमृत विचार : कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे के वार्ड नंबर 23 में रविवार सुबह 11:30 बजे एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट के बाद फैक्ट्री में भीषण आग लग गयी। जिसमें फैक्ट्री मालिक शराफत समेत कुल आठ लोगों की मौके पर मौत हो गयी थी। जबकि एक दर्जन से ज्यादा मजूदर झुलस गये थे। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पटाखा फैक्ट्री विस्फोट मामला

वहीं मृतको के परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे को लेकर के शवो का अंतिम संस्कार करने से रोक दिया। एसपी कौशांबी बृजेश श्रीवास्तव ने फैक्ट्री में विस्फोट के बाद हादसे में मृतकों के परिजनों को पांच लाख मुआवजे का आश्वासन दिया गया है। इस आश्वासन में शासन को पत्र भेजकर संतुति ली जाएगी। फिलहाल सभी मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया है। घटना की जांच के लिए एक टीम गठित की गयी है। जांच के बाद पता चलेगा कि विस्फोट का कारण क्या है। एडीजी जोन प्रयागराज भानु भाष्कर ने का विस्तृत जांच के लिए एडिशनल एसपी की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई है।

हिन्दुत्व और देश, इस पर वोट दो : आलोक कुमार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : हिन्दुत्व और देश, इस पर वोट दो और निर्वाचन के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करो। लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के संचालन के लिए मतदान बहुत जरूरी है। ये बातें सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने कहीं। वो कारसेवकपुरम में चल रही विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल और प्रबंध समिति की बैठक के दूसरे दिन सोमवार को पारित हुए दो महत्वपूर्ण प्रस्तावों की जानकारी दे रहे थे। उन्होंने बताया कि आज शत-प्रतिशत मतदान और श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद अब रामराज्य की ओर विषय से संबंधित प्रस्ताव पारित हुए हैं। बैठक में अभी और कई बड़े प्रस्ताव और पारित किए जाने हैं जिन पर चर्चा जारी है।

उन्होंने कहा कि आज की बैठक में राष्ट्रहित में मतदान करें, मतदान शत प्रतिशत हो विषय से पारित प्रस्ताव को दरभंगा के जीवेश्वर मिश्रा ने रखा। जिसका अनुमोदन अजमेर की स्नेहलता पवार ने किया। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि विश्व हिंदू परिषद का प्रन्यासी मण्डल हिंदू समाज का आह्वान करता है कि अपने निजी स्वार्थ, जातिगत अभिनिवेश, भाषावाद, सम्प्रदायवाद व क्षेत्रवाद आदि को छोड़कर राष्ट्रहित में मतदान जरूर करें। नोटा का प्रयोग कदापि न करें और यह सुनिश्चित करें कि मतदाता सूची में नाम हो।

विहिप की प्रन्यासी मंडल व प्रबंध समिति की बैठक में पारित हुए प्रस्तावों की जानकारी देते विहिप के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार।

▸▸ विहिप की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल और प्रबंध समिति की बैठक में मतदान और अब रामराज्य की ओर प्रस्ताव पारित

इतना ही नहीं पहले मतदान फिर कुछ और काम का सभी संकल्प भी लें। कार्याध्यक्ष ने बताया कि दूसरे प्रस्ताव को पटना के कामेश्वर चौपाल ने बैठक में प्रस्तुत किया। जिसका अनुमोदन कटक की प्रज्ञा महाला की ओर से किया गया। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण - अब रामराज्य की ओर शीर्षक से पारित इस प्रस्ताव में प्राण प्रतिष्ठा तिथि 22 जनवरी को इतिहास में एक स्वणिम तिथि बताया गया है। कहा गया है कि पूज्य संतों के नेतृत्व में 1984 में शुरु हुए राम मंदिर निर्माण आन्दोलन विश्व का सबसे बड़ा आन्दोलन बन गया। प्रन्यासी मण्डल आह्वान करता है कि रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के बाद अब प्रत्येक हिन्दू अपने जीवन में रामलला के आदर्शों की प्राणप्रतिष्ठा करें। अपने जीवन को रामलला की मर्यादा का दर्पण बनाए। तभी इस महान कार्य को और अधिक सार्थक बना पाएंगे।

आतंकवाद व जिहाद के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाएगी विहिप

विहिप के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि विहिप आतंकवाद, नक्सलवाद व जिहाद के खिलाफ समाज मे जनजागरण अभियान चलाएगी। देश मतदाता शत-प्रतिशत मतदान करें। इसके लिए विहिप के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों का आह्वान करेंगे। जाति-धर्म के आधार पर वोट न करने की अपील की जाएगी। वहीं दूसरी ओर रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने वाली व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद समाज में ऊंच-नीच को खत्म करने के लिए काम करेगी।

पीएचडी प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 मार्च तक

अयोध्या, अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देश पर पीएचडी सत्र 2023-24 के लिए कुल 29 विषयों में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई। पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो. फर्रुख जमाल ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा ऑनलाइन आवेदन व शुल्क के साथ अंतिम तिथि 15 मार्च तक निर्धारित की गई है। वहीं अभ्यर्थी विलम्ब शुल्क के साथ 23 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे।विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 20 अप्रैल को पीएचडी प्रवेश परीक्षा कराई जायेगी। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश संबंधी सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

सार-संक्षेप

महिला व छात्र ने फंदे से लटक कर की खुदकुशी

कुण्डा/रानीगंज प्रतापगढ़। अमृत विचार : महिला एवं छात्र ने फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया। हथिगवां बिसहिया सुबेदार का पुरवा गांव निवासी पूजा सरोज (23) की शादी साजा गांव निवासी कस्तूरी सरोज के साथ दो वर्ष पूर्व हुई थी। इन दिनों पूजा मायके में थी। रविवार की शाम कस्तूरी पत्नी को लिवा जाने आया था। रविवार की सुबह पूजा संदिग्ध दशा में कमरे में फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। जानकारी पर परिजन व पुलिस मौके पर पहुंची। पूजा के परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त थी, जिसने फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ हथिगवां नंदलाल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, कोई तहरीर नहीं मिली है। दूसरी घटना रानीगंज में हुई। थाना क्षेत्र के उगईपुर निवासी राम सजीवन पटेल रानीगंज तहसील में नाजिर के पद पर कार्यरत हैं। उनका बेटा कार्तिकेय पटेल उर्फ धोनी (17) ने सोमवार को दोपहर में करीब तीन बजे घर के कमरे में किसी बात को लेकर पंखे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर लिया। कार्तिकेय को फंदे पर लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। कार्तिकेय तीन बहनों में अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। वह इंटर का छात्र था। सूचना पर रानीगंज पुलिस मौके पर पहुंची।

अमृत भारत स्टेशन वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम सम्पन्न

फाफामऊ प्रयागराज। अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत भारत स्टेशनो का नवीनीकरण का वर्चुअल शिलान्यास कायर्क्रम को लेकर फाफामऊ रेलवे स्टेशन परिसर में सोमवार को प्रधानमंत्री का शिलान्यास देखा सुना गया। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा गंगा नगर की अध्यक्ष कविता पटेल व विशिष्ट अतिथि यूपी कोअपरेटीव बैंक डारेक्टर उपेंद्र सिंह रहे।भाजपा शिवकुटी मंडल के अध्यक्ष भोलासिंह के अगुवाई मे सैकड़ों कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से उमेश तिवारी, आर.डी.वर्मा, धीरेंद्र केशरवानी, मणिशंकर शुक्ला, अभिषेक सिंह, गौरव अग्रवाल, मो. युनुस, गोपीचंद केशरवानी, पार्षद तारा देवी, निशा गुप्ता, श्याम बाबू गुप्ता, शेखर गुप्ता, रामनारायण मिश्र व स्टेशन मास्टर अर्जुन तिवारी मौजूद रहे।

दुल्हन को हेलीकाप्टर से उड़ाकर ले गया दूल्हा

नैनी, प्रयागराज। अमृत विचार : नैनी क्षेत्र मे सोमवार को एक अनोखी विदाई हुई, जो चर्चा का विषय बनी रही। दूल्हा अपनी दुल्हन को लेकर उड़ गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। नैनी का छोटा सा मोहल्ला सोनई का पूरा, डभांव निवासी विजय बहादुर सिंह की पुत्री पूनम पटेल का विवाह मुरादपुर उर्फ खिदिरपुर, इस्माइलपुर, सोरांव निवासी व्यवसाई प्रभाकर पटेल पुत्र स्व. छोटेलाल के साथ तय हुई थी। दूल्हे ने अपनी इच्छा जताई थी कि वह चाहते हैं दुल्हन की विदाई हेलीकाप्टर से हो। पहले तो कन्या पक्ष को हैरानी हुई लेकिन बाद में वह मान गए। बारात धूमधाम से आई। विवाह हुआ और विदाई पहले कार में हुई। फिर दूल्हा और दुल्हन को हेलीपैड तक लाया गया। यहां पर दूल्हा और दुल्हन हेलीकाप्टर पर सवार होकर उड़ गए। यह मंजर देखने को बड़ी संख्या में आसपास गांव के लोग मौजूद रहे।

कुलपति डॉ. बिजेंद्र चुने गए भारतीय सब्जी विज्ञान समिति के अध्यक्ष

वैज्ञानिकों को अवॉर्ड देकर सम्मानित करते कुलपति।

कुमारगंज (अयोध्या)। अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में चल रही स्वर्ण जंयती राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के सभी कृषि वैज्ञानिकों ने एकमत से विवि के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह को (आईएसवीएस) भारतीय सब्जी विज्ञान समिति का अध्यक्ष चुना है। इसके साथ ही संगोष्ठी का सोमवार को समापन हो गया। इस अवसर पर कृषि जगत में सब्जी विज्ञान के क्षेत्र को गौरवान्वित करने वाले वैज्ञानिकों को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व संगोष्ठी में वैज्ञानिकों ने सब्जी विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे नवाचार, नवीन तकनीक, किसानों की दोगुनी आय, बंजर जमीनों के प्रयोग के बारे में बताया। कृषि महाविद्यालय आजमगढ़ के एसोसिएट डीन डॉ. डीके सिंह व वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संजय पाठक के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। दिल्ली के पूर्व सहायक महानिदेशक डॉ. बीएस धनखड़, आईएआरआई नई दिल्ली के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सुबोध जोशी, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. एनसी गौतम, आईसीएआर नई दिल्ली के सहायक महानिदेशक डॉ. सुधाकर पांडेय, आयोजन सचिव डॉ. सीएन राम, डॉ. संजीत कुमार व डॉ. डीके उपाध्याय समेत देश-विदेश के करीब 500 वैज्ञानिक शामिल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के समस्त अध्यक्ष, सह अध्यक्ष एवं सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

खाना बनाते समय ब्लास्ट हुआ सिलेंडर, लगी आग

संवाददाता, नैनी प्रयागराज

▸▸ आसपास के कई मकानों में आई दरार, एक झुलसा

अमृत विचार: नैनी कोतवाली क्षेत्र के शंकरढाल स्थित जय गुरुदेव मार्केट में सोमवार की सुबह अचानक बड़ा सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। खाना बनाते समय सिलेंडर फटने से आग लग गई। धमाके की आवाज इतनी तेज हुई कि कई सौ मीटर तक उसकी धमक से लोग दहशत में आ गए और आसपास के मकानों में दरार आ गई। हलांकि मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने काफी मशक्क्त के बाद आग पर काबू पाया। आग में एक व्यक्ति झुलस गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

मुंडेरा थाना क्षेत्र का रहने वाला रिंकू (25) पेशे से ड्राइवर है। वह नैनी शंकरढाल स्थित जय गुरुदेव मार्केट के ऊपरी हिस्से में शटर लगे कमरे को किराए पर लेकर रहता है। उंसके साथ कई और ड्राइवर भी रहा करते हैं। सोमवार की सुबह लगभग 9:30 बजे रिंकू बड़े सिलेंडर और चूल्हे पर खाना बना रहा था। उसी दौरान सिलेंडर में आग लग गई। रिंकू ने आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग नही बुझी और कुछ देर बाद तेज धमाके में साथ सिलेंडर फट गया। सिलेंडर फटने से दुकान की शटर के परखच्चे उड़ गए। सड़क पर गई केबिल में आग पकड़ने के साथ ही उस मकान समेत आसपास के कई मकान में दरार आ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर बिग्रेड की मदद से ग पर काबू पाया।

बरात से लौट रहे युवक की गोली मारकर हत्या

अयोध्या कार्यालय

▸▸ अयोध्या के पूराकलंदर थाना क्षेत्र का था निवासी, कैंट थाना क्षेत्र में हुई वारदात

अमृत विचार : कैंट थाना क्षेत्र में रविवार मध्य रात्रि बाद एक युवक की ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या कर दी गई। मृतक पूराकालंदर थाना क्षेत्र निवासी था और मिट्टी खनन व प्रॉपर्टी के व्यवसाय से जुड़ा था। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है। दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है और पुलिस टीमों को लगाया है। पिता ने वारदात में कांग्रेस जिलाध्यक्ष के भाई समेत अन्य पर भी शक जताया है।

विशाल यादव (फाइल फोटो)

पूराकलंदर थाना क्षेत्र के ग्राम टोनिया, मउयदुवंशपुर निवासी विशाल यादव (25) रविवार देर शाम गांव निवासी मनीष यादव के वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के मक्खापुर गांव जा रहा था। उसके साथ गांव का एक अन्य युवक भी था। रात लगभग साढ़े 11 बजे उसके पिता रामबली यादव ने फोन मिलाया तो विशाल का मोबाइल स्विच ऑफ मिला। इसी बीच बारात से लौट रहे एक व्यक्ति ने विशाल को घायल अवस्था में कैंट थाना क्षेत्र के ग्राम मसिनिया स्थित कृष्णा नगर कॉलोनी में राम करन यादव के घर के पास पड़ा देखा। सूचना पर रात करीब 12.30 बजे रामबली, भाई संतोष और परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और विशाल को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने परीक्षण के बाद विशाल को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पीठ, कमर, हाथ आदि पर पांच गोली लगने के घाव मिले है। मृतक युवक के पिता रामवली ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कैंट पुलिस को दी तहरीर में उनका कहना है कि रात में सूचना मिली कि पुत्र विशाल का ग्राम मसिनिया कृष्णा नगर कॉलोनी के पास एक्सीडेंट हो गया है। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने बताया कि मृत्यु गोली लगने से हुई है। हालांकि बाद में आरोप लगाया कि मिटटी खनन को लेकर विवाद में बेटे को नउवा कुंआ निवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष के भाई और महावा निवासी व्यक्ति आदि ने मारापीटा था। आशंका है कि चचेरे भाई की मुखबिरी पर इन्हीं लोगों ने हत्या कर दी। एसएसपी राजकरन नय्यर ने सीओ सिटी कार्यालय में परिवार से घटनाक्रम की जानकारी ली है। एसपी सिटी मधुबन सिंह ने बताया कि दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

आयोग गेट पर पहुंचने से पहले ही छात्रों को खदेड़ा

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार: समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी पेपर लीक आउट मामले में सोमवार को छात्रों द्वारा छात्र महाकुंभ आयोजन पर प्रयागराज पहुंचे छात्र और पुलिस प्रशासन आमने सामने आ गए है। आयोग गेट पर पहुंचने से पहले ही छात्रों को खदेड दिया गया। वहीं छात्र बड़ी तादात में सिविल लाइन्स पत्थर गिरजाघर धरना स्थल पर पहुंचकर हंगामा करने लगे। मौके पर पहुंचे एसीपी श्वेताभ पाण्डेय, एसीपी सत्येंद्र और भारी संख्या में कई थानों की फोर्स पहुंच गयी। छात्रों को समझाने का प्रयास किया गया। लेकिन छात्र अपनी मांग पर अड़े रहे। देर शाम तक आंदोलन जारी रहा।

मालूम हो कि समीक्षा अधिकारी (आरओ)/ सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा पेपर लीक का मामला थमने का नाम नहीं के रहा है। पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त किये जाने के बाद छात्रों ने इस परीक्षा को भी निरस्त कराते हुए दोबारा कराने की मांग को लेकर आंदोलनरत है। रविवार को सोशल मीडिया में बड़ी तादाद में कोचिंग संस्थानों और एजुकेशनल मोटीवेटर की तरफ से छात्र महाकुंभ के लिए छात्रों को लोक सेवा आयोग के गेट के बाहर जमात होने की अपील की गई थी। जिसके बाद प्रशासन ने पूरी मुस्तैदी दिखाते हुए लोक सेवा आयोग के आसपास के इलाकों को रात में ही छावनी में तब्दील कर दिया है। सुबह से देर शाम तक चले हंगामे और प्रदर्शन के बाद पांच छात्रों को कमिश्नर रमित शर्मा के साथ मुलाक़ात कर वार्ता कराने का आश्वासन दिया गया। जिसके बाद छात्र शान्त हुए।

छात्रों से बातचीत करती पुलिस। अमृत विचार

सिविल लाइंस में छात्रों को खदेड़ा

आंदोलन कर रहे छात्रों को समझा पाने में नाक़ामयाब पुलिसकर्मियों ने छात्रों को खदेड़ना शुरु कर दिया। इस दौरान सड़क पर छात्र धक्का मुक्की कर भागने लगे। मौके पर दर्जन भर छात्रों को हिरासत में भी लिया गया और थाने भेज दिया गया।

आप ने छात्रों का किया समर्थन

समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा पेपर लीक मामले में सोमवार आंदोलन करने वाले छात्रों के समर्थन में आम आदमी पार्टी भी कूद गई है। आप पार्टी के जिला अध्यक्ष सर्वेश यादव ने कहा कि अगर छात्रों की मांग पर परीक्षा दोबारा नहीं कराई गई तो आप भी सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी।

एमएसएमई ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना कार्यशाला का किया आयोजन

प्रयागराज। अमृत विचार : एमएसएमई विकास कार्यालय ने सोमवार को संगम सभागार में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में पांच जिले अंबेडकरनगर, कौशांबी, प्रतापगढ़, जौनपुर और प्रयागराज के जिला उद्योग केंद्र, पंचायतीराज विभाग, शहरी स्थानीय निकाय के अधिशाषी अधिकारीगण, प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक, राष्ट्रीय लघु उद्योग बैंक, कौशल एवं उद्यमिता विकास मंत्रालय, सी एस सी एवं अन्य विभागों से आए अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अथिति गौरव कुमार, आईएएस, मुख्य विकास अधिकारी एवं सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। सर्वप्रथम सभी व्यक्तियों को साल, गमला देकर स्वागत किया गया। एलबी एस यादव, संयुक्त निदेशक, एमएसएमई विकास कार्यालय ने अपने स्वागत संबोधन में उद्यम एवं उद्यमियों के उन्नयन हेतु एमएसएमई मंत्रालय ने संचालित सभी योजनाओं को विस्तार से बताया। वैभव खरे, सहायक निदेशक, ने एमएसएमई विकास कार्यालय द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर प्रकाश डाला गया। जयदीप त्रिपाठी, उपनिदेशक, पंचायतीराज विभाग, प्रयागराज मंडल, ने विभाग द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में कार्यों के बारे में बताया और ऐसे कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में लगभग 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

धर्म दर्शन

भारत भाव रूप श्रीकृष्ण

श्रीकृष्ण भारत के लोकजीवन में वर्तमान हैं। देश में हजारों-हजारों ही सांस्कृतिक-समूह हैं और वे अपने-अपने भाव के साथ श्रीकृष्ण के पास रहते हैं, उपासना अर्थात् पास बैठना या यों कहें कि श्रीकृष्ण उनके भावों में प्रत्यक्ष ही रहते हैं। भारत में जितनी भी सांस्कृतिक-धाराएं हैं, वे लगभग सभी किसी न किसी रूप में श्रीकृष्ण में समाहित हो गईं हैं और वे सब वर्तमान हैं, किताब की बात नहीं, जीवन की बात है, इसलिए अब किताब का भी क्या काम?

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

चित्रकार इन भाव भावनाओं के आधार पर चित्र बना रहे हैं, मूर्तिकार मूर्तियां गढ़ रहे हैं, गवैए गीत गा रहे हैं, नर्तक नृत्य कर रहे हैं, कवि कविता रच रहे हैं, कथाकार कथा सुना रहे हैं। कीर्तनकार कीर्तन कर रहे हैं। नर नारी भांति-भांति के लोकगीत गा रहे हैं। कोटि कोटि जन कृष्ण भाव को लेकर ब्रज भूमि, द्वारिका, कुरुक्षेत्र आदि की यात्रा करते हैं। कृष्ण चेतना का आंदोलन इस्कॉन तो अब विश्वव्यापी बन चुका है। अमेरिका में वृंदावन की प्रतिष्ठा हो चुकी है। बंगाल की कहावत है धान बिना खेत नहीं, कान्हा बिन गीत नहीं। श्रीकृष्ण हरि भी हैं न, हरिमन्दिर साहब में भी हरि के रूप से विराजमान हैं।

यदुकुलः द्वारकानाथ : वृष्णिवीर देवकीनन्दन, वसुदेवनन्दन, वासुदेव, यदुनन्दन, यदुकुलनन्दन, अन्धक-वृष्णिनाथ, दाशार्हनन्दन, जदुनाथ, जदुराई, यदुवीर, यदुवंश-विवर्धन, यदुसुखावह, यदु-कुलश्रेष्ठ, शौरि, यादवेश्वर, यादवनन्दन। वृष्णिशार्दूल, वृष्णिकुलोद्वह, वृष्णिनन्दन, वृष्णिसत्तम। इस बात के अनेक सन्दर्भ मिलते हैं कि कृष्ण यदुवंशियों के कुलदेवता के रूप में पूज्य थे। वज्रनाभ कृष्ण की वंश-परम्परा में था और उसने कृष्ण की स्मृति में मन्दिरों का निर्माण कराया। पाञ्चरात्र-परंपरा में वृष्णिवीरों की पूजा तथा वृष्णिवीरों का तात्त्विक-विवेचन है।

श्रीकृष्णः महाभारत-संदर्भ महाभारत-संदर्भ से जुड़े हुए कृष्ण के नाम हैं- पार्थसारथि, पार्थमित्र, गीतागायक, द्रौपदी की लाज राखी, साग विदुरघर खाई, पांचौ पंडा छठे नारायन, कौन्तेयप्रियवन्धु, पाण्डुरर्जुन-वल्लभः ।

गोप-संस्कृतिपरक- "आभीरेन्द्रसूनुः। कढ़िगौ अंबीर पै 'अहीर कौं' कढ़ें नहीं। सूरदासजी का एक पद है-हम तौ नन्द-घोष के बासी। नाम गुपाल जाति कुल गोपक, गोप-गुपाल उपासी। गोविन्द और गोपाल नाम बहुत व्यापक हैं तंत्रशास्त्र में गोपालसुंदरी की आराधना है। गोपाल-चूड़ामणि, गो-गोप संघावृत, गोपस्त्री-परिवेष्टितो जैसे नाम गोपाल-सहस्रनाम में हैं। 'आगें गाय पाछें गाय इत गाय उत गाय गोविंद को गायन में बसिबौ ही भावै। 'गोपी ग्वाल गाय गोसुत-हित सात दिवस गिरि लीन्हों।' गाय और गाय की विभूति से संबंधित सभी नाम गोप-संस्कृति के सन्दर्भ-सूत्र हैं, जैसे-नवनीतप्रिय, छाछपिबइया, माखनचोर। 'सोभित कर नवनीत लिये।' गोकुलनाथ, गोकुलचन्द्रमा, गोकुलेश, गोवर्धननाथ, गोलोकनाथ। श्रीकृष्ण को गोविन्द गोपाल नाम ही प्रिय हैं, द्वारकानाथ, त्रिलोकीनाथ नाम उन्हें नीरस प्रतीत होता है -प्यारौ नाम गोबिंद गुपाल कों बिहाय हाय, ठाकुर त्रिलोक के कहाय करि हैं कहा? (रत्नाकर)-संस्कृति लोक-जीवन में प्रवाहित होती है। उपासक-समूह उपास्य-तत्त्व की रचना करता है। इस दृष्टि से गोप, आभीर, गूजर जनजातीय-तत्त्व महत्त्वपूर्ण हैं।

तमिलनाडु में आयर कहलाने वाले ग्वाल लोग मुल्लै वन-प्रान्त में गाय चराते और कण्णन के गीत गाते थे। क्या ये वे ही लोग हैं, जो यादवों के साथ दक्षिण-मथुरा चले गए थे? आगे चलकर हमें यादव-गोप और आभीर जातियां एक-दूसरे में समाहित होती हुई दृष्टिगत होती हैं, जिनका देवता 'गोपाल' है। रांगेयराघव ने आभीरों को गोपालदेवता का उपासक बताया है, जो ई.पू. 1500 में आक्रमण करते हैं। अर्जुन पर आभीरों के आक्रमण का उल्लेख भागवत में भी है। रांगेयराघव के अनुसार ई.पू.800के लगभग 'कृष्ण' आभीर देवता-गोपाल में अन्तर्भुक्त हुए थे। अहीर की छोहरियां छछिया भर छाछ पै नाच नचावें। (रसखान) तथा 'हम तौ निपट अहीर बाबरी जोग दीजिये जानन' (सूरदास)। गोप-संस्कृति के सन्दर्भ में डॉ.चन्द्रभान रावत का यह मत ध्यान देने योग्य है कि -कृष्ण का व्यक्तित्व कुछ दिन के लिए यादवों, वृष्णियों और सात्वतों के हाथ से छूट गया और उसका विकास कुछ ऐसी घूमन्तू पशुपालक-जातियों में हुआ, जो भारत में बहुत पहले ही आ गई थीं, जो बौद्धिक अनुष्ठानों से अधिक महत्त्व अपनी स्वच्छन्द भावात्मक संस्कृति को देती थी, जिनका लोक-साहित्य सरस और प्रेमपरक था। एक गोप के रूप में कृष्ण का विकास हुआ। अपने घूमन्तू-जीवन में कृष्ण ब्रजभूमि में पलती-पनपती अन्य संस्कृतियों के सम्पर्क में भी आए और धीरे-धीरे उन सबका विलयन गोपसंस्कृति में हो गया।

श्रीकृष्णः परब्रह्मः रस

परब्रह्म श्रीकृष्ण के नाम हैं-अव्यय, अधिदेव, अच्युत, अनन्त, अनादि, अखण्ड, अव्यक्त, भूतेश्वर, भूतपति, सनातन, विश्वतोमुखी, आदिकर्ता निर्गुणोनित्यो, आनन्दकन्द सच्चिदानन्द। अप्रकट-परब्रह्म पुरुषोत्तम हैं और प्रकट-परब्रह्म श्रीकृष्ण हैं। ब्रह्म की अवधारणा कृष्ण-अवतार में समाहित होती हैं। श्रीकृष्ण परब्रह्म के पर्याय बन जाते हैं - "परब्रह्म तु कृष्णोहि सच्चिदानंदकं बृहत्।" (वल्लभाचार्य)

कृष्ण में नारायण तथा विष्णु की अन्तर्भुक्ति

भगवान नारायण, जनार्दन, मधुसूदन, मुकुन्द, गरुड़गोविन्द, शेषशायी, मुरारि, केशव, गरुड़ध्वज, माधव, पुरुषोत्तम, श्रीनाथ, दीनानाथ, बैकुण्ठनाथ, पुण्डरीकाक्ष, कमलनाभ, पद्मनाभ, चक्रधर, चक्रपाणि, चक्रगदाधर, शंखचक्र-गदापाणि, गदाधर, उपेन्द्र, दामोदर, श्रीपति, श्रीधर, श्रीनिधि, शार्ङ्गधनुर्धर, शार्ङ्गी, सत्य, सुपर्णकेतु, मधुपति, त्रिविक्रम, जगतपिता, जगदीश, जगद्गुरु, क्षीराब्धिशयन:, पुण्यश्लोक आदि कृष्ण के ऐसे नाम हैं, जो कृष्ण में नारायण तथा विष्णु की अन्तर्भुक्ति के प्रतीक हैं।

भक्ति ही मुक्ति का सर्वश्रेष्ट साधन

रामानुजम् के अनुसार अपने अराध्य अथवा भगवान के दासत्वव की प्राप्ति ही भक्ति है। श्रीहरि विष्णु के लोक वैकुण्ठ में श्री, भू, लीला देवियों के साथ नारायण की सेवा करना ही परम पुरूषार्थ है। मुक्ति की प्राप्ति उपासना (भक्ति या आराधना) से ही होती है। सकर्मक क्रिया या उपासनात्मक भक्ति ही मुक्ति का सर्वश्रेष्ट साधन है। मुक्ति का दूसरा साधन आराध्य के प्रति गहन ध्यान के साथ भगवान के प्रति पूर्ण शरणागति है। नारायण, विभु (सर्वव्यापक) तथा 'भूमा' (ऐश्वर्य)हैं, उनके चरणों में आत्म समर्पण से ही जीव को शांति मिलती है। उनकी प्रसन्नता से ही मुक्ति की प्राप्ति संभव है। अतः सब कुछ त्याग कर उनकी शरण लेनी चाहिए। वैष्णव संप्रदाय के सर्वसम्मानित आचार्य, वेदान्त दर्शन में "विशिष्टा द्वैतवाद" के प्रवर्तक, सगुणों पासक रामानुजम्, छूआछूत और जातिवाद के घोर विरोधी थे। उनके अनुसार "व्यक्ति की पहिचान जाति नहीं, उसके गुणों के आधार पर होनी चाहिए।" शंकराचार्य जी के "ब्रह्मं सत्यं जगन्मिथ्या"(ब्रह्म सत्य है और जगत मिथ्या है) का खंडन करते हुए उनका तर्क था कि यदि ब्रह्म या ईश्वर सत्य है तो उसी की निर्मिति (निर्माण) जगत असत्य कैसे हो सकता है? शंकराचार्यजी के 'मायावाद' का खंडन के उनके प्रमुख तर्क "सप्तानुपत्ति" कहलाते हैं। सगुण ब्रह्म के उपासक आचार्य रामानुज "आत्मा" और "ब्रह्म" में अंतर स्पष्ट करते हुए कहते हैः- (क)=आत्मा अणु है और ब्रह्म विभु (सर्वव्यापक) है। (ख)=ब्रह्म जहां पूर्ण और अनन्त हैं, आत्मा ब्रह्म पर पूरी तरह निर्भर उनका अंश मात्र है। (3)=जैसे अंश, सदैव अंश ही रहता है, कभी पूर्ण नहीं हो सकता है, गुण, गुण ही रहता है कभी द्रव्य नहीं हो सकता है, उसी प्रकार आत्मा भी कभी ब्रह्म या ईश्वर भी नहीं हो सकता है। उनका स्पष्ट मत है कि मोक्ष प्राप्ति के बाद, आत्मा सर्वसत्तात्मक सर्वोच्च परमेश्वर में विलीन न होकर ब्रह्मवत् या ब्रह्म के समान हो जाने पर भी अपना पृथक् अस्तित्व बनाये रखता है।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

तृप्तिदायक हे दिव्य सोम

तृप्तिदायक हे दिव्य सोम! मित्र, वरुण, इन्द्र, अग्नि, बृहस्पति एवं विष्णु आदि देवताओं को संतुष्ट करने के लिए, यज्ञों की निर्विघ्न सफलता एवं उनके विस्तार के लिए हम आपको यज्ञशाला में स्थापित करते हैं। नियम पूर्वक ग्रहण किए गए हे सोमदेव! अपने स्थान से कभी विचलित न होने वाले, स्थिर रहने वालों में अग्रगण्य, आप स्थिर निवास वाले "ध्रुव" नाम से विख्यात हैं। स्थिर चित्त वाले हम याजक, आपको कल्याणकारी देवताओं की संतुष्टि के लिए यज्ञशाला में स्थापित करते हैं। इंद्रदेव शत्रुओं का विनाश करते हुए हमारी संतानों को सद्बुद्धि प्रदान करें।

हे पात्र! आप दिव्य प्रकाश को धारण करने वाले वर्चस्वी हैं। हमारे प्राण वायु, उदान वायु एवं व्यान वायु को तेज प्रदान करें। आप हमारे मन, वाणी एवं कर्म में तेजस्विता की स्थापना करें। हमारे नेत्रों एवं कर्ण इंद्रियों को दिव्य शक्ति से संपन्न बनाएं। हे तेजस्विता प्रदान करने वाले! हमारी आत्मा में वर्चस् जागृत करें, हमारे ओज में वर्चस् जागृत करें, हमारे आयुष्य में वर्चस् जागृत करें। पृथ्वी के समस्त प्राणियों एवं प्रजाओं को तेज प्रदान करने की कृपा करें। साधकगण अपनी रक्षा के निमित्त, दिव्यशक्ति से संपन्न, ऐश्वर्य एवं पराक्रम प्रदान करने वाले, जल की वर्षा करने वाले इंद्रदेव का मरुदगणों के साथ आवाहन करते हैं।

हे ग्रहों (पात्रों) आपको मरुदगणों सहित इंद्रदेव की तृप्ति के लिए नियमानुसार ग्रहण किया गया है। यह आपका मूल स्थान है। मरुतों को बल एवं प्रसन्नता प्रदान करने के लिए आपको यहां स्थापित करते हैं। हे मरुत् वान इंद्रदेव! अपनी प्रसन्नता के लिए आप तृप्तिदायक सोम का पान करें और दुराचारियों से युद्ध करें। इस पोषक मधुर सोमरस को पेट भरकर पिएं। अद्वितीय शौर्यवान्, यज्ञों का विस्तार करने वाले हे इंद्र! प्रजा की मनोकामनाएं पूर्ण करने वाले राजा की भांति, आप याजकों को ऐश्वर्य प्रदान कर, उनकी इच्छाएं पूर्ण करें। याजकों द्वारा सम्मानित हे इंद्र! आप उन्हें बलवान बनाएं। हे ग्रह (पात्र) नियमपूर्वक ग्रहण किए गए आपको महान इंद्रदेव की तृप्ति तथा प्रसन्नता के लिए नियुक्त करते हैं। यही आपका स्थान है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

प्रेमपंथ ऐसो कठिन

रवींद्रनाथ के एक उपन्यास में एक युवती अपने प्रेमी से कहती है कि मैं विवाह करने को तो राजी हूं, लेकिन तुम झील के उस तरफ रहोगे और मैं झील के इस तरफ। प्रेमी की बात समझ के बाहर है। वह कहता हैः तू पागल हो गई है? प्रेम करने के बाद लोग एक ही घर में रहते हैं। उसने कहा कि प्रेम करने के पहले भला एक घर में रहें, प्रेम करने के बाद एक घर में रहना ठीक नहीं, खतरे से खाली नहीं। एक-दूसरे के आकाश में बाधाएं पड़नी शुरू हो जाती हैं। मैं झील के उस पार, तुम झील के इस पार। यह शर्त है तो विवाह होगा। हां, कभी तुम निमंत्रण भेज देना तो मैं आऊंगी। या मैं निमंत्रण भेजूंगी तो तुम आना। या कभी झील पर नौका-विहार करते अचानक मिलना हो जाएगा। या झील के पास खड़े वृक्षों के पास सुबह के भ्रमण के लिए निकले हुए अचानक हम मिल जाएंगे, चौंक कर, तो प्रीतिकर होगा। लेकिन गुलामी नहीं होगी। तुम्हारे बिना बुलाए मैं न आऊंगी, मेरे बिना बुलाए तुम न आना। तुम आना चाहो तो ही आना, मेरे बुलाने से मत आना। मैं आना चाहूं तो ही आऊंगी, तुम्हारे बुलाने भर से न आऊंगी।

इतनी स्वतंत्रता हमारे बीच रहे, तो स्वतंत्रता के इस आकाश में ही प्रेम का फूल खिल सकता है। एक तो साधारण प्रेम है जिसको तुम जानते हो। इस प्रेम ने तुम्हारे जीवन को नरक बना दिया है। इस प्रेम की बात नहीं कर रहा प्रेम-पंथ ऐसो कठिन! यह तो कठिन है ही नहीं। यह तो बड़ा सरल है। दुनिया में सभी इसको सम्हाल लेते हैं। इसमें कठिनाई क्या होगी? हर घर में चल रहा है, हर परिवार में चल रहा है, हर व्यक्ति में चल रहा है। यह तो बड़ा सरल है। इससे ऊंचा एक प्रेम होता है। उसको प्रेम में गिरना नहीं कह सकते। उसको हम कहेंगेः प्रेम में होना, बीइंग इन लव। वह बड़ी और बात है। उसका स्वभाव मैत्री का है। खलील जिब्रान ने ठीक कहा है कि सच्चे प्रेमी मंदिर के दो स्तंभों की भांति होते हैं। बहुत पास भी नहीं, क्योंकि बहुत पास हों तो मंदिर गिर जाए। बहुत दूर भी नहीं, क्योंकि बहुत दूर हों तो भी मंदिर गिर जाए।...देखते हो ये स्तंभ, जिन्होंने च्वांग्त्सु-मंडप को सम्हाला हुआ है? ये बहुत पास भी नहीं हैं, बहुत दूर भी नहीं हैं। थोड़ी दूरी, थोड़े पास। तो ही छप्पर सम्हला रह सकता है। एकदम पास आ जाएं तो छप्पर गिर जाए; बहुत दूर हो जाएं तो छप्पर गिर जाए। एक संतुलन चाहिए। असली प्रेमी न तो एक-दूसरे के बहुत पास होते हैं, न बहुत दूर होते हैं। थोड़ा सा फासला रखते हैं, ताकि एक-दूसरे की स्वतंत्रता जीवित रहे। ताकि एक-दूसरे की स्वतंत्रता में व्याघात न हो, अतिक्रमण न हो। ताकि एक-दूसरे की सीमा में अकारण हस्तक्षेप न हो। प्रेम में होने का अर्थ होता हैः हम पास भी होंगे इतने कि हमें एक-दूसरे से कोई भय का कारण नहीं, और हम इतने दूर भी होंगे कि हम एक-दूसरे को रौंद भी न डालेंगे, हमारे बीच आकाश होगा। और तुम्हारा निमंत्रण होगा तो मैं आऊंगा, और मेरा निमंत्रण होगा तो तुम मेरे भीतर आओगे। मगर निमंत्रण पर। यह हक न होगा, अधिकार न होगा।

-ओशो

प्रदेश

धारा 17 के तहत अधिग्रहित भूमि पर भूस्वामी माना जाएगा अतिक्रमणकर्ता

▸▸ याचिका खारिज करते हुए हाई कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

विधि संवाददता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भूमि अधिग्रहण से संबंधित एक मामले में अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी देते हुए कहा कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम,1894 की धारा 17 के तहत अधिगृहित भूमि अधिसूचना की तारीख से 15 दिनों के बाद बिना किसी बाधा के सरकार में निहित हो जाती है। अधिनियम के तहत अवार्ड पारित करना भी आवश्यक नहीं है। ऐसी भूमि पर कुछ वर्षों के बाद कब्जा करना संविधान के अनुच्छेद 300-ए के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं माना जाएगा।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति सैयद कमर हसन रिजवी की खंडपीठ ने दीपक शर्मा की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है। कोर्ट ने आगे सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि जिस भूस्वामी की भूमि धारा 17 के तहत अधिगृहित की गई है, वह सरकार द्वारा अर्जित भूमि पर अतिक्रमणकर्ता होगा। ऐसे में उस भूमि के संबंध में राज्य को परमादेश जारी नहीं किया जा सकता। मालूम हो कि वर्ष 2006 में उत्तर प्रदेश सरकार ने उक्त अधिनियम के तहत अधिसूचना जारी कर याची की भूमि अधिग्रहित कर ली थी। वर्ष 2010 में जिला मजिस्ट्रेट, गौतमबुद्ध नगर द्वारा अवार्ड भी पारित कर दिया गया था। उसके बाद याची ने भूमि के एक हिस्से की लीज वापसी के अधिकार का दावा किया। याची के अधिवक्ता ने यह प्रस्तुत किया कि उसके दावों पर विचार किए बिना अधिकारियों द्वारा भूमि पर कब्जा कर लिया गया।

देरी के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति का दावा किया खारिज

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित एक मामले का निस्तारण करते हुए कहा कि अनुकंपा नियुक्ति का दायरा तत्काल वित्तीय संकट से निपटने के लिए माना गया है। परिवार के कमाऊ सदस्य की मृत्यु के बाद आर्थिक संकट झेल रहे परिवार को उबारने के लिए सरकार की ओर से अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान किया गया है। यह सत्य है कि संबंधित नियमों में संशोधन के अनुसार मृतक का पोता अनुकंपा नियुक्ति का हकदार है, लेकिन तत्कालिकता के प्रश्न पर सुनिश्चित सीमा अवधि बीत जाने पर ऐसी नियुक्ति के लिए दावे पर विचार नहीं किया जा सकता है। मामले के अनुसार याची की दादी श्रीमती मृदुला पांडेय की वर्ष 2012 में नौकरी के दौरान मृत्यु हो गई थी। याची के अधिवक्ता का कहना है कि उसके पिता चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ नहीं है, इसलिए संबंधित नियमों में संशोधन के आधार पर उनका पुत्र यानी मृतक का पोता अनुकंपा नियुक्ति का पात्र है। इस पर कोर्ट ने कहा कि दादी की मृत्यु वर्ष 2012 में हुई थी। मृत्यु के लगभग 6 साल बाद वर्ष 2017 में याची ने पहली बार अनुकंपा नियुक्ति के लिए दावा किया। उसके बाद फिर 2023 में नियुक्ति के लिए अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत किया। याची की ओर से नियुक्ति के लिए दावा करने में हुई एक दशक की देरी के विषय में कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण भी प्रस्तुत नहीं किया गया, इसलिए याची को मांगी गई राहत ना देते हुए याचिका खारिज कर दी गई।

पति नहीं लाता मोमोज नाराज पत्नी पहुंची थाने

▸▸ परिवार परामर्श केंद्र ने कराई पति-पत्नी के बीच सुलह

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : मोमोज खाने की शौकीन महिला अपने पति से इतना नाराज हो गई कि वह घर छोड़ आई। उसका गुस्सा यहीं नहीं थमा। उसने अपने पति के खिलाफ थाने में शिकायत भी दर्ज कराई। महिला का आरोप था कि उसने अपने पति को पहले ही बता दिया था कि उसे मोमोज बहुत पसंद हैं। बार-बार कहने के बावजूद उसका पति उसके लिए मोमोज नहीं लाता था। मामला परिवार परामर्श केंद्र पहुंचा।

मलपुरा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की शादी 6 माह पूर्व पिनाहट के युवक से हुई। युवक पिनाहट में पत्थरों का कार्य करता है। युवक की पत्नी ने पुलिस से शिकायत की उसका पति उसके खाने-पीने का ख्याल नहीं रखता है। उसे खाने में मोमोज बहुत पसंद है, लेकिन उसका पति उसके लिए मोमोज लेकर नहीं आता है। इस बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। इससे नाराज होकर वह अपने मायके चली आई। पिछले 2 महीने से वह अपने मायके में रह रही थी। इस बीच महिला ने थाना मलपुरा में अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद मामला परिवार परामर्श केंद्र में पहुंच गया। रविवार को दोनों पक्षों को परामर्श केंद्र पर बुलाया गया। जहां दोनों पक्षों में आपसी सुलह कराई गई।

हफ्ते में दो बार लाएगा मोमोज

परिवार परामर्श के काउंसलर अमित गौर ने बताया कि दोनों पति-पत्नी की शादी को ज्यादा समय नहीं हुआ था। पत्नी गर्भवती थी। इसलिए पत्नी खाने-पीने की चीजों की फरमाइश करती थी। दोनों पति पत्नियों के बीच आपसी समझौता करा दिया गया है। पति ने वायदा किया है कि वह अब सप्ताह में दो बार मोमोज लेकर आएगा। हालांकि उसने यह भी कहा कि वह काम से लौटते समय इतना थक जाता था कि उसे मोमोज खरीद कर ले जाने का ध्यान नहीं रहता था। आगे वह इस बात का ख्याल रखेगा।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 फरवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 01.53 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद नक्षत्र-हस्त पूर्ण रात्रि तक।

मेष — आज आपको घुटनों में पीड़ा हो सकती है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। जॉब को लेकर कुछ तनाव में रहेंगे। शरीर में आलस्य की अधिकता रहेगी। परिवार में आपका प्रभाव मजबूत होगा। आज आपको सिर्फ अपनी मेहनत पर ध्यान देना चाहिए।

वृष — नए संबंध बनने के योग बन रहे हैं। पुराने मित्रों से कई दिनों बाद मिलाप होगा। बॉस आप पर जिम्मेदारियों का बोझ डाल सकता है। अन्तरंग संबंधों में वृद्धि होगी। प्रेम विवाह के विषय में परिवार से सहमति ले सकते हैं। घर का माहौल शान्त रहेगा।

मिथुन — आज चलते हुए कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। प्रियजनों का व्यवहार आपको व्यथित कर सकता है। दिनचर्या को अनुशासित रखने का प्रयास करें। घर-बाहर तनाव होने की आशंका है। व्यापार में सफलता मिलेगी।

कर्क — आज सरकारी कार्यों में आ रही रुकावट दूर होगी। कार्यक्षेत्र का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। विरोधी अपने षड्यंत्र में विफल होंगे। वरिष्ठ अधिकारियों आपकी प्रशंसा करेंगे। आपके नए मित्र बन सकते हैं। मन काफी शांत रहेगा और आपकी ऊर्जा बढ़ेगी।

सिंह — आज परिजनों का व्यवहार अशांत कर सकता है। सहकर्मियों पर विश्वास कम होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मेहनत करने की आवश्यकता है। फार्मा सेक्टर से जुड़े लोगों को धन लाभ मिल सकता है। लोगों से बहुत अपेक्षायें न रखे।

कन्या — आज नया कार्य शुरू करने के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। जॉब में आपको तरक्की मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा।

तुला — आज अनैतिक कार्यों में सन्लिप्तता नुकसानदेह साबित होगी। दिनभर कोई न कोई परेशानी भरा माहौल रहेगा। अधीनस्थ लोगों का अच्छा खासा समर्थन और सहयोग मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में तनाव रहने वाला है। सेहत नरम रहने वाली है।

वृश्चिक — नए व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं। दूसरों की भावनाओं का सम्मान करेंगे। प्रेमी जन को मनाने के लिए कोई उपहार देने का विचार करेंगे। आपका आत्मबल और ऊर्जा स्तर बढ़ेगा। प्रियजनों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे।

धनु — आज घर के माहौल को शांत रखने की कोशिश करेंगे। आज कार्यों में ज्यादा व्यस्तता रहेगी। जीवनसाथी आपसे अतिरिक्त देखभाल की उम्मीद करेगा। भूमि-भवन से जुड़े मामले अटक सकते हैं। करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है।

मकर — आज अपने रुके हुए कार्यों को आसानी से पूरा कर लेंगे। छात्र उच्च शिक्षा के लिए किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं। जॉब इन्टरव्यू में सफलता मिलने की पूरी संभावना है। सामयिक विषयों पर चर्चाओं में शामिल हो सकते हैं।

कुंभ — आज अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। पुराना अनुभव आपके लिए हितकारी होगा। अनावश्यक धन खर्च होने से थोड़े क्रुद्ध हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में तालमेल की कमी रहेगी। कोई मशीन खराब हो सकती है।

मीन — जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। मन में कई दिनों से जो शंका थी उसका आज समाधान हो सकता है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। समय का सदुपयोग करें। समस्त योजनाएं सफल होंगी। व्यापार में अपेक्षित प्रगति होगी।

वर्ग पहेली-355

बाएं से दाएं
2. सबसे छोटी उंगली, कनिष्ठिका, कनिष्ठा, कानी उंगली।
4.1. राशि, ढेर 2. वह स्थान जहां जलाने की लकड़ी बिकती हो, टाल।
5.1. वह जिसने जंभाई ली हो 2. प्रसारित 3. प्रस्फुटित 4. चेष्टित।
8. सम्मन तामील करने वाला कर्मचारी या चपरासी।

ऊपर से नीचे
1.1. किसी वस्तु, जैसे- कंकड़, धूल आदि का बहुत छोटा टुकड़ा या कण
2. अप्रिय अनुभव, हेठी, अपमान।
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक राज्य।
4.1. किसी के पास जाना, पहुंच 2. प्रवेश।
6.1. घरेलू काम-काज तथा सेवा करने वाली नौकरानी, बाई 2. ग्वालिन नामक पक्षी।
7. यूरोपीय संघ के सत्ताईस में से सोलह राष्ट्रों की आधिकारिक मुद्रा।



वर्ग पहेली - 354 का हल

1 अ	क	थ	■	2 कृ
व	■	3 पै	■	पा
4 डे	ढ़ी	■	5 गं	धा	लु
र	■	ब	■	■
■	6 झिं	गा	र	7 ना
8 पू	■	■	जु	■
ती	■	9 रे	खां	क	न

सुडोकू-72

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			8	7			1	
8	2			1		3		
	4					9		
5		7			3			1
	6		9		7		2	
9			6			4		8
		3		6			5	
		8		9			4	6
	1				2			

सुडोकू - 71 का हल

5	4	1	2	7	6	9	3	8
7	6	9	5	3	8	4	1	2
3	2	8	4	1	9	6	7	5
2	9	7	1	8	5	3	6	4
4	3	5	7	6	2	1	8	9
1	8	6	3	9	2	2	5	7
9	5	3	8	2	1	7	4	6
8	7	2	6	4	3	5	9	1
6	1	4	9	5	7	8	2	3

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जो बोले सो निहाल — सुबह : 09.43
- कुली नंबर वन — शाम : 06.57

SONY SMAX
- दिल तो बच्चा है — सुबह : 08.00
- झूम बराबर झूम — रात : 07.00

Utsav Gold
- घराना — दोपहर : 01.30
- प्यार के साइड इफेक्ट्स — रात : 07.30

ZEE CINEMA
- वटवारा — सुबह : 10.25
- क्रांतिवीर — शाम : 04.15

colors CINEPLEX
- चलते चलते — सुबह : 08.03
- देवदास — शाम : 04.58

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टीटू- यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है
शीटू- सिरदर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात करो
टीटू- क्यों?
शीटू- तुमने सुना नहीं है, जहर ही जहर को मारता है।

डॉक्टर- आपका लड़का पागल कैसे हो गया?
पिता- वो पहले जनरल बोगी में सफर करता था।
डॉक्टर- तो इससे क्या?
पिता- लोग बोलते थे थोड़ा खिसको, थोड़ा खिसको, तभी से खिसक गया।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	72,790.13	22,122.05
गिरावट	352.67	90.65
प्रतिशत में	0.48	0.41

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, मंगलवार, 27 फरवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूँ (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000

चावल प्रति कुन्तल

चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मंसूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500

दाल दलहन

चना देसी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राजमा सफेद	13000-14000
राजमा काला	11500-12500

तेल तिलहन

अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800
तेल सरसों (15 ली)	1475-1900।

विकसित भारत लक्ष्य में कपड़ा क्षेत्र अहम

प्रधानमंत्री ने भारत टेक्स-2024 का किया उद्घाटन, कहा- इस क्षेत्र का योगदान बढ़ाने का प्रयास कर रही है सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कपड़ा क्षेत्र को पूरा सहयोग देने का वादा किया और साथ ही इस बात पर बल दिया कि यह क्षेत्र 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत 2047 में आजादी के सौ साल पूरे करेगा। मोदी ने 'भारत टेक्स-2024' का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में कपड़ा क्षेत्र के योगदान को और बढ़ाने के लिए सरकार बहुत व्यापक स्तर पर काम कर रही है। 'भारत टेक्स' देश में आयोजित सबसे बड़े वैश्विक कपड़ा कार्यक्रमों में से एक है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "हमने अगले 25 साल में भारत को विकसित राष्ट्र में बदलने का संकल्प लिया है। विकसित भारत के चार महत्वपूर्ण स्तंभ- गरीब, युवा, किसान और महिलाएं हैं। विशेष रूप से भारत का कपड़ा क्षेत्र इन सभी स्तंभों से जुड़ा हुआ है। इसलिए 'भारत टेक्स' जैसा आयोजन हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है।" उन्होंने कहा कि 2014 में भारत के कपड़ा बाजार का मूल्यांकन सात लाख करोड़ रुपये से भी कम था, जबकि अब यह 12 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में धागे, कपड़े और परिधान के उत्पादन में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार का कपड़ा क्षेत्र में गुणवत्ता नियंत्रण पर पूरा ध्यान है। कपड़ा क्षेत्रों में रोजगार की संभावना, ग्रामीण आबादी और महिलाओं की भागीदारी पर उन्होंने कहा कि परिधान निर्माताओं में दस में से सात महिलाएं हैं और हथकरघा में तो यह संख्या और भी अधिक है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि पिछले 10 साल में उठाए गए कदमों ने खादी को विकास और नौकरियों का एक मजबूत माध्यम बना दिया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह पिछले दशक की कल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने से कपड़ा क्षेत्र को भी फायदा हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार कपास किसानों का समर्थन कर रही है और उनसे कपास खरीद रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पेश किया गया 'कस्तूरी कॉटन' वैश्विक स्तर पर भारत का 'ब्रांड मूल्य' बनाने में एक बड़ा कदम होगा।

ऐसे समाज का निर्माण करेंगे, जहां सरकारी दखल कम से कम हो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनका लक्ष्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है, जहां सरकार का हस्तक्षेप कम से कम हो और वह लोगों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करे। 'भारत टेक्स 2024' के उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार गरीबों के लिए होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'हमें ऐसा समाज बनाना होगा, जिसमें सरकार का हस्तक्षेप कम से कम हो। मैं विशेष रूप से मध्यम वर्ग के जीवन में हस्तक्षेप को पसंद नहीं करता हूं।' मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से वह न्यूनतम सरकारी हस्तक्षेप वाले समाज के निर्माण के लिए लड़ रहे हैं और अगले पांच वर्षों में भी ऐसा करना जारी रखेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सरकार को उत्प्रेरक एजेंट के रूप में कार्य करना चाहिए।

भारत की आर्थिक वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में 7% रहेगी

मुंबई, एजेंसी

● जर्मन ब्रोकरेज कंपनी डॉयचे बैंक ने लगाया अनुमान

देश की आर्थिक वृद्धि दर दिसंबर तिमाही में उम्मीद से अधिक 7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जर्मनी की ब्रोकरेज कंपनी डॉयचे बैंक ने सोमवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, 'हमारा अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर स्थिर मूल्य पर जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहेगी। यह पूर्व में जताए गए अनुमान से अधिक है।'

तिमाही वृद्धि का आधिकारिक आंकड़ा 29 फरवरी को जारी किया जाएगा। चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही थी। ब्रोकरेज कंपनी के विश्लेषकों के अनुसार, उसका अनुमान औद्योगिक उत्पादन, निर्यात, आयात (तेल और सोने को छोड़कर), बैंक कर्ज और उपभोक्ता वस्तुओं सहित पांच महत्वपूर्ण संकेतकों के सूचकांक पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 65 उच्च-आवृत्ति वाले संकेतकों से जुड़ा एक अन्य संकेतक भी दिसंबर तिमाही में 7 प्रतिशत वृद्धि का संकेत दे रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'पिछले साल रूस-यूक्रेन युद्ध और उससे पहले कोविड महामारी के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है। आर्थिक वृद्धि की गति अनुमान से कहीं बेहतर रही है।'

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	71,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति नग)	47,650-47,850

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,200
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,050
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42,500
चांदी (999)	72,200
चांदी तैयार	72,300
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	64,000
सोना जेवरात गिन्नी	63,000
चांदी पक्की	715 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	64,100
चांदी आभूषण	72,200।

बीते साल विलय-अधिग्रहण सौदों का मूल्य 27 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली, एजेंसी

● पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में 793 रही संख्या

भारत में विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) सौदों का मूल्य पिछले साल यानी 2023 में 27 प्रतिशत घटकर 136 अरब डॉलर रह गया। डेलॉयट इंडिया की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, विलय एवं अधिग्रहण बाजार के इस साल स्थिर रहने की संभावना है।

रिपोर्ट 'इंडिया एमएंडए ट्रेंड्स' के अनुसार, "ऊंची ब्याज दरों, व्यापक आर्थिक अनिश्चितता, नियामकीय जांच और भू-राजनीतिक जोखिमों से उत्पन्न महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत का विलय एवं अधिग्रहण बाजार 2023 में मजबूत रहा।" रिपोर्ट में कहा गया, "वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद भारतीय बाजार में सौदे स्थिर रहने की उम्मीद है जो वैश्विक आर्थिक मंदी के बीच कंपनियों और निवेशकों के मजबूत विश्वास को दर्शाता है।"

पंजीकरण के बाद पीली मटर के आयात की अनुमति: डीजीएफटी

नई दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि आयात निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकरण के बाद पीली मटर के आयात की तत्काल प्रभाव से अनुमति है। यह अनुमति उन खेपों के लिए है, जिन्हें 30 अप्रैल या उससे पहले जहाज पर लदान से जुड़े बिल जारी किए गए हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा कि एमआईपी (न्यूनतम आयात मूल्य) और बंदरगाह प्रतिबंध शर्तों के बिना आयात की अनुमति है। डीजीएफटी अधिसूचना में कहा गया है कि हालांकि इसके लिए आयात निगरानी प्रणाली के तहत पंजीकरण की जरूरत है।

भारतीय होटल उद्योग सात से नौ फीसदी राजस्व वृद्धि दर्ज करेगा

कोलकाता, एजेंसी

भारतीय होटल उद्योग को अगले वित्त वर्ष (2024-25) में सात से नौ प्रतिशत की राजस्व वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा की एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है। इक्रा ने कहा कि घरेलू अवकाश यात्रा का निर्वाह, बैठकों, सम्मेलन और प्रदर्शनियों (एमआईसीई) की मांग ऐसे कारक हैं, जो आगामी आम चुनावों के दौरान अस्थायी शांति के बावजूद अगले वित्त वर्ष में मांग को बढ़ाएंगे।

शोध कंपनी ने कहा कि अगले वित्त वर्ष में आध्यात्मिक पर्यटन और दूसरी श्रेणी के शहरों से समग्र मांग में सार्थक योगदान मिल सकता है। इक्रा के अनुसार, चालू वित्त वर्ष और अगले वित्त वर्ष में अखिल भारतीय होटल अधिभोग का अनुमान दशक के उच्चतम स्तर 70 प्रतिशत से 72 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि 2022-23 में यह 68 प्रतिशत से 70 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में देशभर में कमरों का औसत शुल्क 7,200 से 7,400 रुपये रह सकता है, जिसके अगले वित्त वर्ष में बढ़कर 7,800 से 8,000 होने की संभावना है। रिपोर्ट के अनुसार, क्रेडिट रेटिंग में सुधार के साथ इक्रा का भारतीय होटल उद्योग के लिए दृष्टिकोण सकारात्मक है।

एसबीआई समेत 3 बैंकों पर आरबीआई ने लगाया 3 करोड़ का जुर्माना

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने नियामकीय मानदंडों के उल्लंघन को लेकर भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक और सिटी यूनियन बैंक पर लगभग तीन करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने सोमवार को बयान में कहा कि जमाकर्ता शिक्षा जागरूकता कोष योजना, 2014 से संबंधित कुछ मानदंडों के उल्लंघन के लिए एसबीआई पर दो करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा आय पहचान, फंसे कर्ज को लेकर कुछ निर्देशों का अनुपालन न करने को लेकर सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड पर 66 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

राष्ट्रीय

संदेशखालि: शाहजहां को हर हाल में गिरफ्तार करे पुलिस

कलकत्ता हाईकोर्ट ने दूसरी बार पश्चिम बंगाल सरकार को लगाई फटकार, कहा- गिरफ्तारी पर कोर्ट की रोक नहीं

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को फटकारते हुए निर्देश दिया कि संदेशखालि में यौन उत्पीड़न के आरोपी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। इसके साथ कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शाहजहां शेख की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है।

अदालत ने कहा कि यह जानकर आश्चर्य हुआ कि संदेशखालि में उत्पीड़न की घटनाओं की सूचना राज्य पुलिस को चार साल पहले ही दे दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा, 'यह और भी आश्चर्यजनक है कि 42 मामलों को आरोपपत्र का रूप लेने में चार साल लग गए।' मामले में पेश अधिवक्ताओं ने कहा कि एक गलत धारणा बनाई गई कि अदालत ने शेख की गिरफ्तारी पर रोक लगाई है। इस पर पीठ ने कहा कि संदेशखालि में घटनाओं के संबंध में ऐसा कोई मामला रिकॉर्ड में नहीं है कि शेख की गिरफ्तारी पर रोक लगाई गई है। अदालत ने कहा, 'अतः संबंधित पुलिस प्राधिकारी उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार करें।'

अदालत ने निर्देश दिया कि महिलाओं के यौन उत्पीड़न और आदिवासी लोगों की जमीन हड़पने के आरोपों का स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किए गए मामले में शेख प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और राज्य के गृह सचिव को पक्षकार बनाया जाए। पीठ ने निर्देश दिया कि हाईकोर्ट रजिस्ट्री द्वारा समाचार पत्रों में एक सार्वजनिक नोटिस दिया जाए, जिसमें यह कहा गया हो कि शेख को मामले में पक्षकार बनाया गया है, क्योंकि वह फरार है और उसे 5 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय पर भीड़ के हमले के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है।

गत 5 जनवरी को संदेशखालि में शाहजहां के आवास पर छापेमारी के लिए गई ईडी टीम पर भीड़ द्वारा हमला किया गया था। शेख तब से फरार है। शाहजहां व उसके समर्थकों के खिलाफ जमीन पर कब्जा करने और यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर संदेशखालि में प्रदर्शन हो रहे हैं।

सात दिनों में गिरफ्तार किया जाएगा शाहजहां: टीएमसी

कोलकाता। टीएमसी के वरिष्ठ नेता कुणाल घोष ने सोमवार को कहा कि शाहजहां शेख को सात दिन में गिरफ्तार कर लिया जाएगा। टीएमसी नेता का यह बयान कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा यह स्पष्ट किए जाने के तुरंत बाद आया है कि शाहजहां की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है। घोष ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'शेख शाहजहां की गिरफ्तारी के बारे में अभिषेक बनर्जी की बात सही है। मामला अदालत के कानूनी पचड़े में फंसा हुआ था। विपक्ष इस मौके का फायदा उठाकर राजनीति कर रहा था। मामले को स्पष्ट करने और पुलिस को कार्रवाई की आज इजाजत देने के लिए उच्च न्यायालय को धन्यवाद। शाहजहां को सात दिनों के भीतर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।'

आरोपी तृणमूल नेताओं के घरों में तोड़फोड़

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के अशांत क्षेत्र संदेशखालि में सोमवार को एक बार फिर प्रदर्शन हुआ और लोगों के एक समूह ने टीएमसी के स्थानीय नेताओं के घरों में तोड़फोड़ की। इन नेताओं पर क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रताड़ित करने का आरोप है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि लाठी-डंडों से लैस स्थानीय लोगों ने टीएमसी के पंचायत नेता शंकर सरदार के खिलाफ अपनी नाराजगी जताते हुए संदेशखालि के बरमाजुर इलाके में कुछ घरों पर हमला किया। उन्होंने कहा कि भूमि हड़पने का आरोपी शंकर घर में मौजूद नहीं था और ग्रामीणों ने घर में मौजूद परिवार के सदस्यों के साथ मार-पीट की। पुलिस बाद में वहां पहुंची और प्रदर्शनकारियों को शांत कराने की कोशिश की।

जवानों-किसानों का शोषण कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने मोदी सरकार को जवान और किसान विरोधी करार देते हुए कहा कि उसकी नीतियों के कारण देश का किसान तथा जवान पीड़ित है और इन दोनों का जमकर शोषण किया जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट, संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा तथा वरिष्ठ नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में आज जवान और किसान दोनों का शोषण हो रहा है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा, "आज देश के नौजवानों में सेना भर्ती को लेकर रुचि कम हो गई है। इसका जिम्मेदार कौन है। आप फौज पर राजनीति करके राष्ट्रहित की बात नहीं कर सकते। इसलिए सरकार अग्निपथ योजना वापस ले और सेना में पक्की भर्ती दोबारा शुरू करे। सेना द्वारा करीब दो लाख युवकों का पूरी प्रक्रिया के बाद चयन हुआ है, उन सभी नौजवानों को जॉइनिंग दी जाए।" कांग्रेस नेताओं ने कहा "सरकार जी-20 के आयोजन, प्रधानमंत्री के हवाई जहाज, सेंट्रल विस्टा जैसे प्रोजेक्ट और अपने प्रचार पर करोड़ों रुपये खर्च कर सकती है, लेकिन पैसा बचाने के लिए सेना भर्ती प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ कर रही है, जो देश की सुरक्षा के लिए चुनौती बन सकता है। हमारा आग्रह है कि चयनित युवाओं को नौकरी दी जाए। पार्टी देश के उन सभी लाखों युवाओं के साथ खड़ी है जो सेना में अपना भविष्य देखते हैं।"

उन्होंने कहा, "देश में कोविड के दौरान और उससे पहले सेना की कई भर्तियां पूरी हो चुकी थी और चयनित युवकों की सिर्फ जॉइनिंग बाकी थी, लेकिन अग्निपथ योजना आने के बाद चयनित इन नौजवानों को जॉइनिंग नहीं दी गई। इन नौजवानों ने राहुल गांधी जी से मिलकर अपना दर्द साझा किया था।"

कांग्रेस नेताओं ने लगाए आरोप

पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते कांग्रेस नेता पवन खेड़ा।

एक नजर

तमिलनाडु सरकार ईडी की मदद करे: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु सरकार से कहा कि राज्य मशीनरी को यह पता लगाने में ईडी की मदद करनी चाहिए। इसमें कोई नुकसान नहीं है। शीर्ष अदालत ने पिछले हफ्ते धनशोधन के एक मामले में ईडी की जांच के खिलाफ मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने को लेकर तमिलनाडु सरकार से सवाल किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अवैध रेत खनन से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर और अरियालुर के जिला कलेक्टर को तलब किया था।

दुष्कर्म के आरोपी ने युवती को गोली मारी, गिरफ्तार

जयपुर। कोटपूतली-बहरोड़ जिले में दुष्कर्म के एक आरोपी और उसके दो साथियों ने 25 वर्षीय पीड़िता को कथित तौर पर गोली मारी और उस पर गंडासे से हमला कर दिया। हमले मे पीड़िता का भाई भी घायल हो गया। दोनों का जयपुर में उपचार चल रहा है। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस महानिदेशक यूआर साहू ने बताया कि मामले के मुख्य आरोपी राजेंद्र यादव का सोमवार को जयपुर में ट्रेन की चपेट में आने से पैर कट गया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया गया है।

क्रिकेट खेलने के दौरान बेहोश होकर गिरा युवक, मौत

गुना। मध्य प्रदेश के गुना जिले में क्रिकेट खेलते समय 28 वर्षीय एक युवक बेहोश होकर गिर गया और उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन एसओ भोला ने कहा कि एक क्रिकेट मैच के दौरान गिरने के बाद दीपक खांडेकर को अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि एम्बुलेंस प्रभारी ने कहा कि अस्पताल ले जाने के दौरान खांडेकर की नब्ज नहीं चल रही थी।

मोदी के दौरे से पहले आईएस सदस्य गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केरल की राजधानी के दौरे से एक दिन पहले यहां वट्टियूरकावु थाना की सीमा से आईएसआईएस से संबंध रखने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि तमिलनाडु के मूल निवासी सादिक बाशा को रविवार को उनकी कार पर नकली पुलिस स्टिकर के साथ गिरफ्तार किया गया। गौरतलब है कि सितंबर 2022 में, उसे आईएसआईएस के लिए धन जुटाने के मामले में एनआईए ने वट्टियूरकावु में उसकी पत्नी के घर से गिरफ्तार किया था। जिसके बाद उसे राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए 24 महीने जेल की सजा मिली थी। खबरें थीं कि जेल से रिहा होने के बाद उसने कई बार वट्टियूरकावु का दौरा किया। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को पार्टी 'पदयात्रा' के समापन समारोह में भी शामिल होंगे।

कश्मीर-लद्दाख के बीच में फंसे 260 सैलानियों को एयर लिफ्ट किया

जम्मू। वायुसेना ने सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के बीच फंसे लगभग 260 यात्रियों को हवाई मार्ग से एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाया। एक अधिकारी ने कहा कि इसके साथ ही भारी बर्फबारी के कारण 434 किलोमीटर लंबे श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग के बंद होने पर 22 जनवरी को सेवा शुरू होने के बाद से एएन-32 विमान से अब तक कुल 1,551 यात्रियों को 'एयरलिफ्ट' किया गया है। एएन-32 विमान को करगिल कूरियर भी कहा जाता है।

झारखंड से कांग्रेस सांसद भाजपा में शामिल

रांची। झारखंड के सिंहभूम (एसटी) निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा सोमवार को यहां भाजपा में शामिल हो गईं। कोड़ा भाजपा मुख्यालय में पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुईं। उन्होंने यह कदम ऐसे समय में उठाया है, जब देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने कहा, 'मैं आज भाजपा में शामिल हो गई। कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति करके देश को संकट में डाल दिया है। पार्टी कहती है कि वह सभी को साथ लेकर चलेगी, लेकिन वह केवल अपने परिवार को साथ लेकर चलती है।' भाजपा-आजसू (अखिल झारखंड छात्र संघ) गठबंधन ने 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड की 14 संसदीय सीट में से 12 पर जीत हासिल की थी।

मराठा आरक्षण: प्रदर्शन के बीच महाराष्ट्र के अंबड में कर्फ्यू लागू

छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी

● जिला प्रशासन ने एहतियातन उठाया कदम

कार्यकर्ता मनोज जरांगे द्वारा मराठा आरक्षण के लिए चलाए जा रहे आंदोलन के मद्देनजर कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए महाराष्ट्र के जालना जिले के अंबड तालुका में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

जालना के जिलाधिकारी श्रीकृष्ण पांचाल ने आदेश में कहा कि जरांगे ने रविवार को घोषणा की कि वह मुंबई जाएंगे और मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की अपनी मांग को लेकर आंदोलन करेंगे। इसमें कहा गया है कि ऐसी आशंका है कि लोग उन्हें (मुंबई जाने से) रोकने के लिए जालना के अंतरवाली सरती गांव में आ सकते हैं, जहां कार्यकर्ता भूख हड़ताल कर रहे हैं। आदेश में कहा गया है कि भारी भीड़ के कारण धुले-मुंबई राजमार्ग और आसपास के अन्य इलाकों पर यातायात प्रभावित होने की आशंका है। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवाजाही, दूध वितरण, मीडिया और अस्पतालों को इस आदेश से छूट दी गई है। जरांगे रविवार की रात अंतरवाली सरती से रवाना होकर पास के भांबेरी गांव पहुंचे।

जरांगे ने 17 दिन बाद अनशन वापस लिया

मुंबई। आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने सोमवार को घोषणा की कि वह मराठा आरक्षण मुद्दे पर अपना 17 दिन से जारी अनशन वापस ले रहे हैं। जरांगे ने हालांकि कहा कि वह अपना आंदोलन तब तक जारी रखेंगे, जब तक कि महाराष्ट्र सरकार उन लोगों के विस्तारित परिवार के सदस्यों को कुनबी जाति प्रमाणपत्र जारी करना शुरू नहीं कर देती, जिनके पास पहले से ही ऐसे दस्तावेज हैं।

जरांगे का यह फैसला मराठा समुदाय के लिए नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण से संबंधित अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए मुंबई तक मार्च की घोषणा के एक दिन बाद आया है, जबकि मुंबई में राज्य विधानमंडल का बजट सत्र भी शुरू होने जा रहा है।

चुनावी बॉण्ड रद करने से अधिक पारदर्शिता आएगी : सेन

कोलकाता, एजेंसी

● प्रख्यात अर्थशास्त्री ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

प्रख्यात अर्थशास्त्री एवं नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने चुनावी बॉण्ड योजना को रद करने के सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले का सोमवार को स्वागत किया और इस योजना को घोटाला बताकर इसकी निंदा की। सेन ने अमेरिका के मैसाचुसेट्स से बात की और कहा कि इस कदम से चुनाव के संदर्भ में लोगों के बीच अधिक पारदर्शिता आएगी। उन्होंने कहा, 'चुनावी बॉण्ड एक घोटाला था और मुझे खुशी है कि अब उसे हटा दिया गया है।'

उच्चतम न्यायालय ने इस महीने की शुरुआत में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए राजनीति के वित्तपोषण के लिए लाई गई चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया था और चंदा देने वालों, बॉण्ड के मूल्यों और उनके प्राप्तकर्ताओं की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने 2018 की इस योजना को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सूचना के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। शीर्ष अदालत केंद्र की इस दलील से सहमत नहीं थी कि इस योजना का उद्देश्य राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाना और काले धन पर अंकुश लगाना था।

लोकसभा चुनाव से पहले आए इस फैसले में न्यायालय ने इस योजना को तत्काल बंद करने तथा इस योजना के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 12 अप्रैल, 2019 से अब तक खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विस्तृत ब्योरा 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया। सेन ने कहा, 'भारत में चुनावी प्रणाली दलगत राजनीति की प्रकृति से काफी प्रभावित है, जिससे आम लोगों के लिए यह सुनना बहुत कठिन हो जाता है कि उन्हें चुनाव में भाग लेना चाहिए।'

अर्थशास्त्री ने कहा कि देश की चुनावी प्रणाली इस बात से प्रभावित होती है कि सरकार विपक्षी दलों के साथ कैसा व्यवहार करती है। उन्होंने कहा, 'यह विपक्षी दलों और उन लोगों के साथ व्यवहार से प्रभावित होती है, जिन्हें सरकार प्रतिबंधों के तहत रखना चाहती है। हम नागरिकों की अभिव्यक्ति और कार्य करने की स्वतंत्रता के अलावा यथासंभव स्वतंत्र चुनावी प्रणाली चाहते हैं।'

जिन्हें भूख है, हम उन्हीं लोगों को मौका देंगे : रोहित

सरफराज, ध्रुव, यशस्वी और आकाशदीप ने जीत में अहम भूमिका निभाई

रांची, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मेहनत किए बिना राष्ट्रीय टेस्ट टीम में जगह बनाने का सपना देखने वालों से कहा कि मौका केवल उन्हीं को दिया जाएगा जो 'सबसे कड़े' प्रारूप में 'सफलता की भूख' दिखाएंगे। भारत ने सोमवार को चौथे टेस्ट में इंग्लैंड को हराकर श्रृंखला जीत ली है। सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल और आकाश दीप जैसे खिलाड़ियों ने टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई जिससे रोहित खुश दिखे। रोहित ने कहा कि जिन लोगों को भूख है हम उन्हीं लोगों को मौका देंगे। अगर भूख नहीं है तो उनको टीम में खिलाने का मतलब नहीं है।

रोहित की यह प्रतिक्रिया बीसीसीआई के उस आदेश के बाद आई, जिसमें इशान किशन और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी में खेलने के लिए कहा गया था लेकिन इन दोनों ने इसे नजरअंदाज कर दिया था। भारतीय कप्तान ने कहा कि मैंने टीम में कोई भी ऐसा खिलाड़ी नहीं देखा जो भूखा नहीं हो। सभी लड़के जो यहां हैं और जो नहीं हैं, वे सभी खेलना चाहते हैं, लेकिन टेस्ट टीम में बहुत ही कम मौके मिलते हैं। अगर आप उन मौकों का फायदा नहीं उठाते तो वह चले जाते हैं। इशान किशन झारखंड के लिए रणजी ट्रॉफी में नहीं खेले, लेकिन आईपीएल के लिए उन्हें मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ बड़ौदा में ट्रेनिंग करते हुए देखा गया। रोहित ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट सबसे कठिन प्रारूप है। यदि आप इस प्रारूप में उत्कृष्टता और सफलता हासिल करना चाहते हैं तो आपको अपनी भूख दिखानी होगी।

युवाओं को अच्छे प्रदर्शन के लिए माहौल देना जरूरी

रांची। युवा ब्रिगेड के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड को टेस्ट श्रृंखला में हराने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि टीम में आए युवाओं को सलाह की जरूरत नहीं है बल्कि अच्छे प्रदर्शन के लिए सहयोगी माहौल चाहिए। अपना दूसरा टेस्ट खेल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने दोनों पारियों में शानदार प्रदर्शन किया। यशस्वी जायसवाल, आकाश दीप और सरफराज खान ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। रोहित ने कहा कि यह काफी कठिन श्रृंखला है और जीतने के बाद अच्छा लग रहा है। ये युवा खिलाड़ी घरेलू सर्किट, स्थानीय क्लब क्रिकेट से यहां आए हैं। यह बड़ी चुनौती थी लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि हमें उन्हें अनुकूल माहौल देना होगा। प्रमुख खिलाड़ियों का नहीं होना अच्छा नहीं होता लेकिन इसमें कुछ किया नहीं जा सकता।

सेना से निर्भीक तेवर मिले जुरेल को: रैना

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी

भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना का मानना है कि विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को सेना की पृष्ठभूमि के कारण निर्भीक तेवर मिले और यहां तक पहुंचने के लिए उसने काफी मेहनत की है। जुरेल ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 और दूसरी पारी में नाबाद 39 रन बनाकर भारत की 5 विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई।

रैना ने कहा कि मैं जुरेल की विकेटकीपिंग से काफी प्रभावित हूं। उसने काफी मेहनत की है। उसके पिता सेना में थे लिहाजा उसमें वह हार नहीं मानने का निर्भीक तेवर है। जुरेल की पारी की सुनील गावस्कर ने भी तारीफ की, जिन्होंने उसे अगला महेंद्र सिंह धोनी कहा था। रैना ने कहा कि जुरेल शानदार खिलाड़ी है। मैने उसके साथ उत्तर प्रदेश के लिए कुछ मैच खेले हैं। रोहित शर्मा बधाई के पात्र हैं जिस तरह से उन्होंने पहले सरफराज खान को और फिर जुरेल को मौका दिया। टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करके लगातार अर्धशतक बनाना आसान नहीं है खासकर इतने महत्वपूर्ण मैच में जहां विकेट टर्न ले रहा हो। चेन्नई सुपर किंग्स का अहम हिस्सा रहे रैना ने कहा कि वह चाहते हैं कि विराट कोहली और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर इस बार आईपीएल खिताब जीते। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि विराट और आरसीबी खिताब जीते। लंबा इंतजार हो गया। चेन्नई ने पिछली बार जीता था लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि इस बार वह टीम जीते जिसने अब तक ट्रॉफी नहीं जीती है। विराट मेहनत कर रहा है और जीत का हकदार है।

खेल डायरी

दक्षिण अफ्रीका में टीम से जुड़ी गतिविधियों ने हमें मजबूत बनाया: हरमनप्रीत

राउरकेला, एजेंसी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के हालिया दौरे में टीम से जुड़ी गतिविधियों ने उन्हें मजबूत बनाया। भारत ने चार देशों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया था जहां मेजबान टीम के खिलाफ उसने जीत दर्ज की। फ्रांस के खिलाफ टीम को एक जीत मिली और एक मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि नीदरलैंड के खिलाफ टीम को हार का सामना करना पड़ा। रविवार को भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग के घरेलू चरण के अपने अंतिम मैच में आयरलैंड को 4-0 से हरा दिया था। भारत फिलहाल अंक तालिका में नीदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बाद तीसरे स्थान पर है। हरमनप्रीत ने रविवार की जीत के बाद कहा कि मुझे लगता है कि हम दक्षिण अफ्रीका दौरे से मानसिक और शारीरिक रूप से तरोताजा होकर वापस आए हैं। हमने वहां टीम से जुड़ी कई गतिविधियों में हिस्सा लिया जिससे हम एक मजबूत इकाई बन गए। मुझे लगता है कि हमने यहां अच्छा प्रदर्शन किया और दुनिया की शीर्ष टीमों की चुनौती का सामना किया।

आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत ने दिया इस्तीफा

जयपुर। राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के अध्यक्ष वैभव गहलोत ने अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद सोमवार को पद से इस्तीफा दे दिया। गहलोत ने ऐसे समय में पद छोड़ा है जब राजस्थान राज्य खेल परिषद (आरएसएससी) ने बकाए का भुगतान न करने पर सवाई मान सिंह स्टेडियम और आरसीए कार्यालय को शुक्रवार को सील कर दिया था। सवाई मानसिंह स्टेडियम को अगले महीने से आईपीएल की मेजबानी करनी है। गहलोत ने कहा कि आरसीए कार्यालय में जल्दबाजी में ताला लगाया गया। मुझे निशाना बनाकर आरसीए में अविश्वास का माहौल पैदा किया जा रहा है। मैं राज्य की क्रिकेट और खिलाड़ियों को बचाने के लिए स्वेच्छा से आरसीए अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीतने उतरेगी भारतीय टीम

अलान्या (तुर्की), एजेंसी। भारतीय महिला फुटबॉल टीम मंगलवार को तुर्की महिला कप में अपने अंतिम राउंड रोबिन मैच में जब कोसोवो से भिड़ेगी तो उसकी नजरें दक्षिण एशिया के बाहर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीतने पर होंगी। भारतीय टीम को खिताब के लिए मंगलवार को हर हाल में कोसोवा को हराना होगा। भारतीय टीम अभी लीग तालिका में कोसोवो के बाद दूसरे स्थान पर है। दोनों टीम के समान अंक हैं लेकिन बेहतर गोल अंतर से कोसोवो शीर्ष पर है। 4 टीम की राउंड रोबिन लीग में भारतीय टीम ने एस्टोनिया (4-3) और हांगकांग (2-0) के खिलाफ जीत से 6 अंक जुटाए हैं। कोसोवो ने भी हांगकांग और एस्टोनिया के खिलाफ जीत से 6 अंक जुटाए हैं लेकिन भारत के प्लस 3 के मुकाबले उसका गोल अंतर प्लस चार है जिससे वह शीर्ष पर चल रहा है।

भारत ने सैफ अंडर 16 महिला चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम का किया ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी। मुख्य कोच बिबी थॉमस मुत्ताह ने सोमवार को एक से 10 मार्च तक नेपाल में होने वाली सैफ अंडर 16 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान किया है। भारत ने 2018 और 2019 में अंडर 15 प्रारूप में जीत दर्ज की थी। दोनों बार भारत ने फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। पहली बार टूर्नामेंट अंडर 16 प्रारूप में खेला जा रहा है। अंतिम टीम का चयन संभावितों में से किया गया जो गोवा में अभ्यास कर रहे हैं। भारतीय टीम मंगलवार को नेपाल रवाना होगी। उसे एक मार्च को भूटान से, पांच मार्च को बांग्लादेश और सात मार्च को नेपाल से खेलना है। राउंड राबिन चरण की शीर्ष दो टीमें फाइनल खेलेंगी। सारे मैच ललितपुर में खेले जाएंगे। **भारतीय टीम : गोलकीपर :** केटी देवी, मुन्नी, सूरजमुनी कुमारी **डिफेंडर :** अमृता घोष, बोनिफिला शुलाइ, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेथ लाकड़ा, गौरी, रिआना लिज जैकब, रूपश्री मुंडा, एस अलेना देवी **मिडफील्डर :** अनिता डुंगडुंग, अनुष्का कुमारी, अन्विता रघुरामन, एच यशिका, एल नीरा चानू, रितु बडाइक, श्वेता रानी, टी मोनी बास्के **फॉरवर्ड :** गुरलीन कौर, गुरनाज कौर, नेहा साजी, पर्ल फर्नांडिस।

नहीं चला बैजबॉल, श्रृंखला भारत के नाम

इंग्लैंड को चौथा टेस्ट 5 विकेट से हराकर भारत ने लगातार 17वीं टेस्ट श्रृंखला जीती

रांची, एजेंसी

अपनी सरजमीं पर बादशाहत एक बार फिर साबित करते हुए भारतीय टीम ने 'बैजबॉल' को बेअसर साबित कर दिया और चौथे टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड को चौथे ही दिन पांच विकेट से हराकर अपनी मेजबानी में लगातार 17वीं श्रृंखला जीत ली।

जीत के लिए 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने कल के स्कोर पर बिना किसी नुकसान के 40 रन से आगे खेलना शुरू किया था। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (44 गेंद में 37 रन) और कप्तान रोहित शर्मा (81 गेंद में 55 रन) ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। दोनों के विकेट गिरने के बाद रजत पाटीदार और रविंद्र जडेजा भी सस्ते में आउट हो गए, लेकिन शुभमन गिल (नाबाद 52) और ध्रुव जुरेल (नाबाद 39) ने 72 रन की साझेदारी करके टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने श्रृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली जबकि पांचवां और आखिरी मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा।

भारतीय टीम अपनी धरती पर आखिरी बार 2012-13 में एलेस्टेयर कुक की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम से हारी थी। उसके बाद से अपनी मेजबानी में खेले गए भारत ने 50 में से 39 टेस्ट जीते हैं। इस जीत के साथ ही भारत ने इंग्लैंड की आक्रामक खेल की 'बैजबॉल' शैली को भी नाकाम साबित कर दिया। पिछले दो साल से इंग्लैंड की जीत का मंत्र साबित हुई इस शैली की अब काफी आलोचना हो रही है। ब्रेंडन मैकुलम के कोच और बेन स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद से हर हालात में आक्रामक खेल की इंग्लैंड की रणनीति को 'बैजबॉल' कहा जाता है। भारत ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया है और इसकी सूत्रधार भारत की युवा ब्रिगेड रही।

निजी कारणों से श्रृंखला से बाहर विराट कोहली और चोटिल केएल राहुल के बिना भारत ने श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करते हुए हैदराबाद में पहले टेस्ट में मिली हार के बाद लगातार 3 जीत दर्ज की। भारत के युवा खिलाड़ियों सरफराज खान, जुरेल और तेज गेंदबाज आकाश दीप ने मौके को बखूबी भुनाया। जुरेल ने चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 और दूसरी में नाबाद 39 रन बनाए। चौथे दिन सोमवार को रोहित ने (81 गेंद में 55 रन) ने यशस्वी जायसवाल के साथ 84 रन की बड़ी साझेदारी की। जायसवाल ने 44 गेंद में 37 रन जोड़े। आफ स्पिनर जो रूट ने जायसवाल को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। बाए हाथ के स्पिनर टॉम हार्टल ने रोहित का विकेट लिया। स्पिनर शोएब बशीर ने रजत पाटीदार (0) को पवेलियन भेजा। अपने कल के स्कोर बिना किसी नुकसान के 40 रन से आगे खेलते हुए भारत ने शुरूआत की। रोहित ने जेम्स एंडरसन की गेंद पर लांग आन में छक्का जड़ा। दूसरे छोर पर बशीर ने गेंद संभाली। रोहित और जायसवाल ने सहज होकर स्पिनरों और तेज गेंदबाजों को रन बनाए। रोहित ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 9000 रन भी पूरे कर लिए। दोनों को आसानी से खेलते देख बेन स्टोक्स ने जो रूट को गेंद सौंपी, जिन्होंने कप्तान के भरोसे पर खरे उतरते हुए जायसवाल को आउट किया।

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

- भारत ने 3-1 की विजयी बढ़त बनाई, पांचवां और आखिरी मैच 7 मार्च से धर्मशाला में होगा
- श्रृंखला से बाहर विराट और चोटिल राहुल के बिना भारत ने लगातार 3 जीत की दर्ज

50 में से 39 टेस्ट मैच भारत ने देख में जीते

09 हजार रन रोहित ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में किए पूरे

स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड (पहली पारी-353) (दूसरी पारी-145)

भारत (पहली पारी-307) दूसरी पारी 192/5 (61 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
रोहित शर्मा का फोक्स बो हार्टली	55	81	5/1
यशस्वी जायसवाल का एंडरसन बो रूट	37	44	5/0
शुभमन गिल नाबाद	52	124	0/2
रजत पाटीदार का पोप बो बशीर	00	06	0/0
रविंद्र जडेजा का बेयरस्टो बो बशीर	04	33	0/0
सरफराज खान का पोप बो बशीर	00	01	0/0
ध्रुव जुरेल नाबाद	39	77	2/0

अतिरिक्त : 05, **विकेट पतन :** 1-84, 2-99, 3-100, 4-120, 5-120, **गेंदबाजी :** रूट 7-0-26-1, हार्टली 25-2-70-1, बशीर 26-4-79-3, एंडरसन 3-1-12-0

जीत पर टीम को कोहली ने दी बधाई

नई दिल्ली। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने भारत की जीत को शानदार बताते हुए 'युवा' टीम के धैर्य, दृढ़ता और लचीलेपन की तारीफ की। निजी कारणों से श्रृंखला से बाहर होने के बाद अपने पहले ट्वीट में कोहली ने कहा, यस (तिरंगा)। हमारी युवा टीम की शानदार जीत। धैर्य, दृढ़ता और लचीलापन दिखाया। कोहली और अनुष्का शर्मा के घर 15 फरवरी को बेटे ने जन्म लिया। सचिन तेंदुलकर ने टीम की जीत पर एक्स पर लिखा, भारत ने दबाव के हालात से निकलकर वापसी की और मैच जीता। इससे हमारे खिलाड़ियों की मानसिक ताकत का पता चलता है। आकाशदीप ने टेस्ट में शानदार स्पेल डाला। ध्रुव ने दोनों पारियों में गेंद की लैंग्थ को भांपा और उसका फुटवर्क बेहतरीन था। कुलदीप यादव के साथ उसकी साझेदारी अहम थी। दूसरी पारी में कुलदीप का स्पेल महत्वपूर्ण था। रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और रोहित शर्मा जैसे सीनियर्स ने अपना काम बखूबी किया।

दिल्ली ने यूपी को नौ विकेट से रौंदा

बेंगलुरू, एजेंसी

राधा यादव और मारिजेन कैप की धारदार गेंदबाजी के बाद शेफाली वर्मा और कप्तान मेग लेनिंग के अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग में सोमवार को यूपी वारियर्स को नौ विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की। यूपी की दो मैच में यह लगातार दूसरी हार है।

यूपी के 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम ने शेफाली (43 गेंद में नाबाद 64 रन, 6 चौके, 4 छक्के) और कप्तान मेग लेनिंग (43 गेंद में 51 रन, 6 चौके) के बीच पहले विकेट की 119 रन की साझेदारी से सिर्फ 14.3 ओवर में 1 विकेट पर 123 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। यूपी की टीम बाएं हाथ की स्पिनर राधा (20 रन पर 4 विकेट) और मारिजेन (पांच रन पर 3 विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 9 विकेट पर 119 रन ही बना सकी। श्वेता सहरावत (42 गेंद में 5 चौके और 1 छक्के) 45 रन बनाकर टीम की शीर्ष स्कोरर रहीं। वहीं यूपी की कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू सकी। लक्ष्य पाने उतरी दिल्ली को कप्तान मेग लेनिंग और शेफाली वर्मा की जोड़ी ने तेज शुरुआत दिलाई।

शेफाली ने सोफी एक्लेस्टोन पर चौके के साथ खाता खोला और फिर गौहर सुल्ताना पर पहला छक्का जड़ा। सुल्ताना के ओवर में लेनिंग भाग्यशाली रहीं जब वृंदा ने शॉर्ट फाइन लेग पर उनका कैच टपका दिया। शेफाली ने ताहलिया मैकग्रा के ओवर में दो चौके और 1 छक्के के साथ पावर प्ले में टीम का स्कोर बिना विकेट खोए 57 रन पहुंचाया।

डब्ल्यूटीसी तालिका में भारत की मजबूत स्थिति

दुबई। भारत ने रांची में चौथे टेस्ट में इंग्लैंड की टीम के खिलाफ 5 विकेट की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। रोहित शर्मा की टीम ने श्रृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली है। भारत का अंक 59.52% से बढ़कर 64.58% हो गया है। भारत ने क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया (55%) और बांग्लादेश (50%) पर मजबूत बढ़त बना ली है। इंग्लैंड 19.44% अंक के साथ आठवें स्थान पर है। भारत ने मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में अब तक 8 टेस्ट खेले हैं जिनमें से 5 में उसे जीत और दो में हार मिली जबकि 1 ड्रॉ रहा। ऐसा लगता है कि इंग्लैंड को 'बैजबॉल' (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की रणनीति) रवैये से फायदा नहीं हो रहा है।

बॉलीवुड हलचल

एटली ने की शाहरूख खान की तारीफ

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एटली ने वूमेन्स प्रीमियर लीग में बॉलीवुड अभिनेता शाहरूख खान के परफॉर्मेंस की तारीफ की है। वूमेन्स प्रीमियर लीग में बॉलीवुड के कई सेलेब्स ने परफॉर्म किया। इस अवसर पर शाहरुख खान ने भी अपनी परफॉर्मेंस दी। शाहरुख खान ने पठान के गाने पर डांस किया। शाहरूख खान को लेकर सुपरहिट फिल्म जवान बना चुके एटली ने शाहरुख खान की परफॉर्मेंस की एक फोटो के साथ स्टोरी शेयर की। स्टोरी शेयर करते हुए एटली ने लिखा, 'बॉस मैन इन मॉस मोड'। इसके बाद शाहरुख खान के फैन पेज ने ट्वीट करते हुए उनकी स्टोरी शेयर की और लिखा, 'एटली कभी भी शाहरुख के चार्म से उबर नहीं पाते और हम भी'। शाहरुख खान ने एटली कुमार की स्टोरी पर रिप्लाई देते हुए लिखा कि, सर आपसे ही सीखा है।

देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीर जारी



मुंबई, एजेंसी। निर्देशक रोशन एंड्रयूज ने फिल्म देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है। शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'देवा' के निर्देशक रोशन एंड्रयूज ने शाहिद कपूर को जन्मदिन की बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म देवा के सेट से शाहिद कपूर की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, मेरे सबसे प्यारे भाई शाहिद कपूर को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ। ...हंसी...मस्ती... आप उन बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं जिनके साथ मैंने कभी काम किया है और मेरे देवा के रूप में आपको निर्देशित करना मेरे लिए सम्मान की बात है! बहुत सारे प्यार और सम्मान के साथ मैं आपको एक शानदार वर्ष की शुभकामनाएं देता हूं! शाहिद कपूर ने जवाब में लिखा, धन्यवाद, रोशन। 'देवा' के सेट पर वापस आने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकता। 'देवा' रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित और ज़ी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 11 अक्टूबर, 2024 को दशहरा के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

फिल्म 'बोले चूड़ियां बोले कंगना' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता प्रिंस सिंह राजपूत, अभिनेत्री पायस पंडित और डिंपल सिंह की भोजपुरी फिल्म बोले चूड़ियां बोले कंगना का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कमला फिल्म्स क्रिएशन्स, डिजिटेक प्रोडक्शन प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म बोले चूड़ियां बोले कंगना का ट्रेलर ईगल होम एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। प्रिंस सिंह राजपूत ने कहा कि यह फिल्म उनकी सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक है। फिल्म में उनका किरदार स्वच्छंद भ्रमण करने वाले लड़के की है। फिल्म में एक गुंजा नाम की लड़की गांव में रहती हैं, जहां उसके माँ बाप की बचपन में मृत्यु हो जाती हैं और वो अपने काका काकी के घर पर रहती हैं, जहाँ उसकी काकी उससे घर का हर काम कराती हैं और उसे ताना मारती हैं, वही काका काकी की बेटी नीलम शहर से गांव आती हैं। फिल्म के निर्माता गौतम कुमार, मनु भाई शाह और लोकेश मिश्रा हैं, जबकि निर्देशक मनोज ओझा हैं। गीतकार प्रकाश बारूद हैं। संगीतकार सर्विन्द मल्हार हैं। छायांकन फ़िरोज़ खान का है। संकलन गोविन्द दुबे और कोरियोग्राफी कानु मुखर्जी का है। कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। फिल्म में प्रिंस सिंह राजपूत, पायस पंडित, डिंपल सिंह, जे नीलम, सोनिया मिश्रा, जय प्रकाश, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, प्रिया, अंकुश कहार, आरती निगम, प्राची सिंह मुख्य भूमिका में हैं।

12 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर फिल्म 'चमकीला'

मुंबई, एजेंसी। दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'चमकीला' 12 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगीद्य। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की आने फिल्म चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका निभा रहे हैं। 'चमकीला' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट आउट की है। नेटफ्लिक्स ने लिखा, माहौल बन जाता था जब वह छेड़ता था साज, कुछ ऐसा ही था चमकीला का अंदाज। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर यह फिल्म 12 अप्रैल से स्ट्रीम होगी।

'झलक दिखला जा' को मिले 5 फाइनलिस्टस

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' के टॉप 5 फाइनलिस्ट्स मिल गए हैं। एफएएम तिकड़ी - फराह खान, अरशद वारसी और मलाइका अरोड़ा द्वारा प्रेरित और जज किए गए शो झलक दिखा जा को अपने टॉप 5 फाइनलिस्ट्स मिल गए हैं। इनमें कोरियोग्राफर अनुराधा अयंगर के साथ शोएब इब्राहिम, कोरियोग्राफर आकाश थापा के साथ सेलिब्रिटी टीन एक्टर अद्रिजा सिन्हा, कोरियोग्राफर सोनाली कर के साथ श्रीराम चंद्रा, कोरियोग्राफर आशुतोष पवार के साथ मनीषा रानी और कोरियोग्राफर सागर बोरा के साथ डॉक्टर एवं एक्टर धनश्री वर्मा हैं। शोएब ने कहा, झलक दिखला जा एक परिवर्तनकारी अनुभव रहा है, जो मुझे अपनी सीमाओं से आगे ले गया और एक डांसर और एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने की चुनौती दी। हर परफॉर्मेंस आत्म-खोज का सफर रहा है, जिससे मुझे खुद को उन तरीकों से अभिव्यक्त करने की इजाजत मिली है जिनके बारे में मैंने कभी सोचा भी नहीं था। फाइनल में जीतना या हारना मेरे लिए अंतिम लक्ष्य नहीं है। श्रीराम ने साझा किया, गायन पृष्ठभूमि से आने से डांस फ्लोर पर कदम रखना मेरे लिए कठिन काम था। चुनौतियों, सीखने के अनुभवों और यादगार पलों से भरा यह सफर किसी रोलरकोस्टर राइड से कम नहीं है। अद्रिजा सिन्हा ने कहा, झलक दिखला जा के टॉप 5 में रहना एक सपना था जो हकीकत बन गया है! मेरे परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के अटूट समर्थन के साथ, जो मेरी ताकत बनाकर मेरे साथ रहे हैं, हर परफॉर्मेंस सीखने का एक खास अनुभव रहा है, जिसने मुझे खुद को चुनौती देने और एक डांसर के रूप में विकसित होने के लिए प्रेरित किया है।

काजल का रोमांटिक गाना डोली जब कमरिया रिलीज

मुंबई, एजेंसी। अभिनेता कुणाल तिवारी और अभिनेत्री काजल यादव का भोजपुरी गाना 'डोली जब कमरिया' रिलीज हो गया है। डोली जब कमरिया गाने को विजय चौहान और अलका झा ने गाया है। इस गाने में कुणाल तिवारी रोमांटिक मूड में काजल से कहते हैं कि धड़के करेजा रानी धक धक, अइसन सिंगार पर लागेलु कड़क, करेला मन धरी दाबी अकवरिया तब काजल यादव कहती हैं कि मूड में जब आईब हम डोले जे कमरिया, तबे नु आईब हम तोहरा पजरिया यह रोमांटिक गाना भोजपुरी फिल्म 'पपुआ के पप्पी' का है। मधु मंजुल आर्ट्स एंड गीता तिवारी प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म के निर्माता धीरेंद्र कुमार झा एवं कुणाल कुमार तिवारी हैं। निर्देशक धीरेंद्र कुमार झा हैं। मुख्य कलाकार कुणाल तिवारी, विराज भट्ट, काजल यादव, ऋचा दीक्षित, अमित शुक्ला, प्रकाश जैस, प्रियांशु सिंह, अनूप अरोरा, साहिल शेख हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

शीर्ष कोर्ट ने संजय की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब मांगा

नई दिल्ली, एजेंसी

● मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद आप नेता ने हाईकोर्ट के आदेश को दी थी चुनौती

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाला के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने उस याचिका पर जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया, जिसमें संजय सिंह ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। पीठ ने जमानत याचिका को संजय सिंह की एक अन्य याचिका के साथ टैग कर दिया, जिसमें उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी है। संजय सिंह की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने जमानत याचिका पर नोटिस जारी करने की मांग की और याचिका को लंबित मामले के साथ टैग करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि लंबित मामले की सुनवाई 5 मार्च को होनी है और इसलिए दोनों मामलों पर एक साथ सुनवाई की जानी चाहिए। पीठ ने सिंघवी के अनुरोध पर सहमति व्यक्त की और कहा कि दोनों याचिकाओं पर एक साथ विचार किया जाएगा। बता दें, दिल्ली हाईकोर्ट ने 7 फरवरी को सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

अन्नामलाई को राहत हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने रोका

नई दिल्ली। शीर्ष अदालत ने सोमवार को तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई को राहत दी। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने नफरती बयान देने के मामले में उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले में उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी।

अन्नामलाई ने अक्तूबर 2022 में एक यूट्यूब चैनल को इंटरव्यू दिया था। जिसमें उन्होंने पटाखे फोड़ने को लेकर कथित तौर पर ईसाई समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ मामले में सुनवाई कर रही थी। पीठ ने इंटरव्यू में दिए गए बयानों की ट्रांसक्रिप्ट को देखा और कहा कि पहली नजर में यह कोई नफरत फैलाने वाला बयान नहीं है।

आप कौन होते हैं आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाले

नई दिल्ली, एजेंसी

● सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जनहित याचिका, कहा- आपको याचिका दायर करने का कोई अधिकार नहीं

तीन नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो गई है। तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य कानून 1 जुलाई से देश में लागू हो जाएंगे।

जनहित याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने याचिका से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'आप कौन होते हैं नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाले?' मुख्य न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 'आपके पास इस मामले में हस्तक्षेप करने का ही अधिकार नहीं है। जनहित याचिका में गृह और कानून मंत्रालय को पक्षकार बनाने की मांग की गई थी। तीनों नए आपराधिक कानून देश में न्याय व्यवस्था में बड़े बदलाव लेकर आएंगे और एक जुलाई से देशभर में लागू हो जाएंगे। सरकार ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। तीनों नए आपराधिक कानून अंग्रेजी शासन काल के आईपीसी (इंडियन पीनल कोड), सीआरपीसी (कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर) और इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 की जगह लेंगे। बीते साल 21 दिसंबर को इन नए कानूनों को संसद की मंजूरी मिली थी और 25 दिसंबर को राष्ट्रपति ने इन्हें मंजूरी दी थी। हालांकि अभी हिट एंड रन मामले से जुड़े प्रावधान पर अमल नहीं होगा। दरअसल बीते दिनों देशभर में ड्राइवरों ने हड़ताल कर हिट एंड रन मामले में नए प्रावधानों का विरोध किया था। जिस पर सरकार ने आश्वासन दिया था कि इस कानून को ड्राइर यूनियन से चर्चा के बाद अमल में लाया जाएगा। सरकार ने नोटिफिकेशन में बताया है कि अभी भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(2) को अमल में नहीं लाया जाएगा। भारतीय न्याय संहिता में कुल 358 धाराएं हैं, जिसमें 20 नए अपराधों को परिभाषित किया गया है।

कोर्ट में स्वीकारी गलती, केजरीवाल बोले- वीडियो रिट्वीट करना मेरी गलती

मानहानि मामला

दिल्ली हाईकोर्ट के एक आदेश को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। इस दौरान केजरीवाल ने अदालत के सामने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। दरअसल, ये मामला मई 2018 का है। अरविंद केजरीवाल ने 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी की एक पोस्ट को रीट्वीट किया था। इसी को लेकर उन पर मानहानि का आरोप लगा और मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया था। अब हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को अदालत से कहा कि उन्होंने यूट्यूबर ध्रुव राठी के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी प्रकोष्ठ से जुड़े कथित अपमानजनक वीडियो को रीट्वीट करके गलती की। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर नोटिस जारी किए बिना ही शिकायतकर्ता से पूछा कि क्या वह मुख्यमंत्री की माफी के बाद इस मामले को बंद करना चाहते हैं। हाईकोर्ट ने इस मामले में आरोपी के रूप में अरविंद केजरीवाल को जारी किए गए समन को बरकरार रखा था।

राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते केजरीवाल।

एक नजर



तिरुवनंतपुरम। सोमवार को अट्टुकल समापन के दौरान भक्तों ने जुलूस निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह अट्टुकल भगवती मंदिर का दस दिवसीय त्योहार है। यह त्योहार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल है। साल 1997 में 15 लाख महिलाओं ने पोंगल चढ़ाकर रिकॉर्ड बनाया था।

गुजराती परिवार की मौत मामले में भारतवंशी शिकागो से गिरफ्तार

न्यूयॉर्क। मानव तस्करी की 2022 की एक घटना की जांच के दौरान शिकागो में एक भारतवंशी को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना में गुजराती परिवार के चार सदस्य कनाडा से अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने के प्रयास में मृत पाए गए थे। पिछले हफ्ते द शिकागो ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि हर्षकुमार रमनलाल पटेल को शिकागो के ओ हेयर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अधिकारियों ने गिरफ्तार किया है। उसे 28 फरवरी को कोर्ट में पेश किया जाना है।

धोखाधड़ी मामले में फैसले के खिलाफ डोनाल्ड ट्रंप ने की अपील

न्यूयॉर्क। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने 45.4 करोड़ डॉलर के न्यूयॉर्क नागरिक धोखाधड़ी मामले के फैसले के खिलाफ अपील की है, जिसमें एक न्यायाधीश के इस फैसले को चुनौती दी गई है कि ट्रंप ने अपनी संपदा के बारे में झूठ बोला था और अपने रियल एस्टेट साम्राज्य को इस तरह बढ़ाया था जिसने उन्हें लोकप्रियता दिलाई और राष्ट्रपति पद तक पहुंचाया था। ट्रंप ने अपील करते हुए कोर्ट से कहा कि न्यायाधीश आर्थर के फैसले को पलट दिया जाए।

जवान ने इजराइली दूतावास के बाहर खुद को लगाई आग, गंभीर

वाशिंगटन। अमेरिका के वाशिंगटन। में इजराइली दूतावास के बाहर एक वायुसेना के जवान ने खुद को आग लगा ली। पुलिस के मुताबिक, यह घटना स्थानीय समयानुसार रविवार दोपहर को घटी। व्यक्ति ने इजराइल के दूतावास खड़े होकर खुद को आग लगा ली। इसके बाद अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के अफसरों और डीसी अग्निशमन दल ने आग बुझाई और शख्स को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। जिस शख्स ने खुद को आग लगाई, उसका नाम एरॉन बुशनेल बताया गया है। यह व्यक्ति अमेरिकी वायुसेना का एक सक्रिय सैनिक है। इस घटना के एक वीडियो में एरॉन बोलता है कि वह नरसंहार में शामिल नहीं रहेगा।

मरियम नवाज बनीं पाकिस्तान के पंजाब की पहली महिला मुख्यमंत्री

इमरान की पार्टी के नेता राणा को दी शिकस्त, पार्टी उपाध्यक्ष भी हैं नवाज की बेटी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री पीएमएलएन नेता मरियम नवाज को बनाया गया। बता दें कि मरियम तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ की बेटी हैं। 50 वर्षीय उपाध्यक्ष मरियम ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के सांसदों के बहिर्गमन के बीच मुख्यमंत्री पद का चुनाव जीता है।

पीएमएलएन नेता ने पीटीआई समर्थित एसआईसी के राणा आफताब को हराकर राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पंजाब प्रांत का मुख्यमंत्री चुनाव जीता। मरियम ने पंजाब विधानसभा में जाने से पहले जती उमरा में अपनी मां की कब्र का दौरा किया। सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएमएलएन ने बताया कि मरियम ने अपने नाना-नानी की कब्रों का भी दौरा किया। पीएमएल-एन ने चुनाव से पहले एक्स पर एक पोस्ट में कहा 'हमारे देश के इतिहास में पहली बार, एक महिला पंजाब की सीएम बनेगी। मरियम नवाज शरीफ पंजाब की सीएम पद की शपथ लेने वाली पहली महिला होंगी।

2012 में राजनीति में उतरीं, 2024 में मुख्यमंत्री बनीं मरियम

मरियम नवाज पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी हैं। साल 1992 में सफदर अवान से मरियम नवाज की शादी हुई। सफदर अवान पाकिस्तान की सेना में कैप्टर रह चुके हैं। सफदर अवान, नवाज शरीफ के सुरक्षा अधिकारी भी रहे। मरियम नवाज के तीन बच्चे हैं। मरियम नवाज ने साल 2012 में राजनीति में कदम रखा और अपने पिता के साथ काम किया। साल 2024 के आम चुनाव में मरयम नवाज पाकिस्तान की नेशनल असेंबली और पंजाब असेंबली के लिए पहली बार चुनी गई हैं।

गौहर खान फिर चुने गए इमरान की पार्टी पीटीआई के अध्यक्ष

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने यू-टर्न लेते हुए बैरिस्टर गौहर खान को फिर से पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी ने पहले बैरिस्टर अली जफर को अध्यक्ष नियुक्त किया था। बैरिस्टर गौहर खान (45 वर्षीय) को बीते साल दिसंबर में भी पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। हालांकि पार्टी के संगठन चुनाव के नतीजों को अदालत में चुनौती दी गई। कोर्ट ने पीटीआई के आंतरिक चुनाव को रद कर दिया और पार्टी का चुनाव चिन्ह बैट भी छीन लिया गया। इसके बाद गौहर खान पार्टी के अध्यक्ष पद से हट गए थे। बीते हफ्ते गौहर खान ने एलान किया कि पार्टी के नए अध्यक्ष बैरिस्टर अली जफर होंगे और उन्हीं की देखरेख में 3 मार्च को पार्टी के आंतरिक चुनाव कराए जाएंगे। हालांकि पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, बैरिस्टर अली जफर ने पार्टी का चेयरमैन बनने से इनकार कर दिया। ऐसे में बैरिस्टर गौहर अली ने फिर से पार्टी के चेयरमैन बनने के लिए नामांकन किया। बैरिस्टर गौहर खान को पीटीआई चीफ इमरान खान ने नामांकित किया था, ऐसे में उनकी जीत तय मानी जा रही है।

साद अहमद होंगे भारत में पाकिस्तान के नए उच्चायुक्त

नई दिल्ली। साद अहमद वराइच को भारत में पाकिस्तान का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। साद अहदम ने एजाज खान की जगह ली है। एजाज खान का कार्यकाल बतौर पाकिस्तानी उच्चायुक्त पूरा हो गया है। अब साद अहमद वराइच उनकी जगह लेंगे। वराइच ने नई दिल्ली पहुंचकर चार्ज संभाल लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वराइच इससे पहले अफगानिस्तान, तुर्किए और ईरान में पाकिस्तान के राजदूत रह चुके हैं।

हिंद प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश तुवालु में फेलेटी टेओ को नया प्रधानमंत्री चुना गया है। तुवालु के संसदीय सदस्यों ने पूर्व अटॉर्नी जनरल फेलेटी टेओ को देश का अगला पीएम चुना। शीर्ष पद के लिए नामांकन करने वाले फेलेटी टेओ एकमात्र उम्मीदवार थे और उन्हें निर्विरोध पीएम चुन लिया गया। तुवालु के पूर्व पीएम कोसिया नातानो की 26 जनवरी को हुए चुनाव में हार हुई थी। नातानो ताइवान के साथ कूटनीतिक संबंध स्थापित करने के पक्ष में थे। नातानो की हार के साथ ही तुवालु की ताइवान को लेकर नीति पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं।

इस्लामोफोबिया विवाद: पार्टी के बचाव में उतरे पीएम सुनक

लंदन, एजेंसी

● पार्टी के सांसद ने की थी विवादित टिप्पणी, कहा था- लंदन के मेयर इस्लामी अतिवादियों के कब्जे में

इस्लामोफोबिया को लेकर ली एंडरसन और सुएला ब्रेवरमैन की टिप्पणियों के बाद अब प्रधानमंत्री सुनक मजबूरन अपनी पार्टी के बचाव में उतर आए हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या कंजर्वेटिव पार्टी में 'इस्लामोफोबिक प्रवृत्ति' है तो उन्होंने कहा कि नहीं ऐसा नहीं है। इस दौरान सुनक ने यह भी कहा कि इस बहस को इस तरह से न भड़काया जाए जो दूसरों के लिए हानिकारक हो।

गौरतलब है कि यूके में इन दिनों लंदन के मेयर सादिक खान सुर्खियों में हैं। दरअसल, कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद ली एंडरसन ने सादिक खान पर विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि लंदन के मेयर इस्लामी अतिवादियों के कब्जे में हैं।

इतना ही नहीं ली ने यह भी कहा था कि सादिक ने लंदन को आतंकियों को समर्पित कर दिया है। उनके इस बयान की खूब आलोचना की गई थी। बाद में उन्हें पार्टी से भी निलंबित कर दिया गया था। ली की ये टिप्पणियां तब आई थीं, जब गाजा में युद्धविराम को लेकर लंदन में इजराइल के विरोध में कई रैलियां निकाली गई थीं।

भारतीय-अमेरिकी प्रोफेसर अशोक को अमेरिका में सर्वोच्च शैक्षणिक पुरस्कार से किया गया सम्मानित

न्यूयॉर्क। भारतीय मूल के अमेरिकी इंजीनियर और प्रोफेसर अशोक वीरराघवन को टेक्सास के सर्वोच्च शैक्षणिक सम्मान से सम्मानित किया गया है। वीरराघवन को इंजीनियरिंग में एडिथ और पीटर ओ'डोनेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। टेक्सास एकेडमी ऑफ मेडिसिन, इंजीनियरिंग, साइंस एंड टेक्नोलॉजी राज्य के उभरते शोधकर्ताओं को यह पुरस्कार प्रदान करता है। वीरराघवान राइस यूनिवर्सिटी के जॉर्ज आर. ब्राउन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग के प्रोफेसर हैं। यह पुरस्कार उन्हें इमेजिंग तकनीक के विकास के लिए दिया गया है, जो अदृश्य को दृश्यमान बनाने का प्रयास करती है। यह पुरस्कार राज्य के चिकित्सा, इंजीनियरिंग, जैविक विज्ञान, भौतिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार में अच्छे प्रदर्शन के बाद दिया जाता है।

भोजन की आस...

गाजा : हताश लोगों को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराने में संयुक्त राष्ट्र (संरा) शीर्ष अदालत के आदेश का पालन करने में विफल रहा है। मानवाधिकार की वकालत करने वाली संस्था 'ह्यूमन राइट्स वॉच' ने सोमवार को आरोप लगाते हुए गाजा पट्टी के लिए राहत सामग्री को अवरुद्ध करने के लिए इजराइल को दोषी ठहराया। ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा कि इजराइल बुरी तरह प्रभावित उत्तरी गाजा में ईंधन उपलब्ध कराने की पर्याप्त सुविधा नहीं दे रहा है। दूसरी तरफ गाजा के समुद्र तट पर मानवीय सहायता की प्रतीक्षा में बैठे फिलिस्तीनी नागरिक। ● एजेंसी

फिलिस्तीन के पीएम मोहम्मद शतयेह ने दिया इस्तीफा

गाजा । इजराइल हमास युद्ध के बीच फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री मोहम्मद शतयेह ने अपनी सरकार से इस्तीफा दे दिया है। फिलिस्तीन की सरकार कब्जे वाले वेस्ट बैंक के कुछ हिस्सों पर शासन करती है।

इस्तीफे की जानकारी देते हुए शातयेह ने कहा, मैं सरकार का इस्तीफा राष्ट्रपति महमूद अब्बास को सौंपता हूं, उन्होंने कहा, यह गाजा के खिलाफ आक्रामकता और वेस्ट बैंक और यरूशलेम में तनाव से संबंधित घटनाक्रम के मद्देनजर लिया गया फैसला है। उन्होंने आगे कहा गाजा में युद्ध, नरसंहार और भुखमरी की वजह से मैंने इस्तीफा दिया है।

जब तक जिंदा हूं, बाल विवाह नहीं होने दूंगा

● मुस्लिम विवाह कानून निरस्त के बाद विस में विपक्ष के विरोध पर गरजे सीएम हिमंत बिस्व सरमा

गुवाहाटी, एजेंसी

असम सरकार की ओर से मुस्लिम विवाह कानून को निरस्त किए जाने के बाद कांग्रेस और एआईयूडीएफ जैसी विपक्षी पार्टियों ने भाजपा पर निशाना साधा है। इसका जवाब सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने विधानसभा में दिया। विपक्षी दलों पर गरजते हुए सरमा ने कहा कि जब तक मैं जिंदा हूं, असम में बाल विवाह नहीं होने दूंगा।

मुस्लिम विवाह कानून के निरस्त होने पर कांग्रेस और एआईयूडीएफ ने आज विधानसभा में भाजपा का विरोध किया। इस पर भड़कते हुए हिमंत बिस्व सरमा ने कहा, "आप मुझे ध्यान से सुन लें। जब तक मैं जिंदा हूं, असम में बाल विवाह नहीं होने दूंगा। जब तक हिमंत बिस्व सरमा जिंदा है, तब तक यह नहीं हो सकता। मैं आपको राजनीतिक तौर पर चुनौती देता हूं। मैं 2026 से पहले ये दुकान बंद कर दूंगा। इस बीच कांग्रेस और एआईयूडीएफ विधायकों ने असम विधानसभा में जमकर हंगामा किया। एआईयूडीएफ ने सरमा कैबिनेट के मुस्लिम विवाह कानून को निरस्त करने के फैसले का विरोध करते हुए इसके खिलाफ स्थगन प्रस्ताव पेश किया। हालांकि, सदन के स्पीकर बिश्वजीत दयमारी ने इसे स्वीकार नहीं किया। दो दिन पहले ही असम सरकार ने राज्य में बाल विवाह पर रोक के लिए मुस्लिम विवाह एवं तलाक पंजीकरण कानून, 1935 खत्म कर दिया। इसे लेकर शुक्रवार देर रात हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया था।

सोमवार को बजट सत्र के दौरान विधानसभा में बोलते सीएम हिमंत बिस्वा सरमा।

तालिबान ने हत्या के दोषी को गोली मारकर मौत की सजा दी

इस्लामाबाद, एजेंसी

● अफगानिस्तान में पिछले पांच दिनों में दी जाने वाली यह तीसरी मौत की सजा, दोषी को सरेआम मारी गोली

अफगानिस्तान में तालिबान शासन के दौरान एक बार फिर से सार्वजनिक रूप से मौत की सजा देने की घटनाएं बढ़ गई हैं। उत्तरी अफगानिस्तान में सोमवार को हत्या के दोषी एक व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से मौत की सजा दी गई। यह सजा एक खेल स्टेडियम में हजारों लोगों के सामने दी गई। पिछले पांच दिनों में दी जाने वाली तीसरी ऐसी मौत की सजा है।

मारे गए व्यक्ति के भाई ने दोषी को राइफल से पांच गोलियां मारीं। स्टेडियम के आसपास कड़ी सुरक्षा की गई थी। अगस्त 2021 में तालिबान द्वारा अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज होने के बाद से यह पांचवीं सार्वजनिक मौत की सजा है। तालिबान सरकार की ओर से इसे लेकर अभी कोई टिप्पणी नहीं की गई है। सजा पाने वाले व्यक्ति की पहचान फरयाब प्रांत के नजर मोहम्मद के रूप में हुई है। उसने फरयाब प्रांत के ही खल मोहम्मद की हत्या कर दी थी। इससे पहले दक्षिणपूर्वी गजनी प्रांत में गुरुवार को तालिबान ने चाकू मारकर हत्या करने के दोषी दो लोगों को मौत की सजा दी थी। पीड़ितों के रिश्तेदारों ने दोनों को गोली मार दी थी। यह सजा भी एक स्टेडियम में हजारों लोगों के सामने दी गई थी।

संयुक्त राष्ट्र ने सार्वजनिक रूप से हत्याएं करने, कोड़े मारने और पथराव के लिए तालिबान की कड़ी आलोचना की है और देश के शासकों से ऐसी प्रथाओं को रोकने का आह्वान किया है।

विज्ञान हार्वर्ड-स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिकों ने की अजीबो-गरीब घटना की खोज

आकाशगंगा में तरंग के साथ तैरे तारों के बादल

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: इन दिनों हमारी आकाशगंगा में अजीबो गरीब घटना हो रही है । इस घटना में तारों के बादल तरंग के साथ तैर रहे हैं। इसका कारण गुरुत्वाकर्षण लहर माना जा रहा है। अब खगोलशास्त्री इस तरह की घटना दूसरी आकाशगंगाओं में तलाश करने लगे हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार तारों के ये बादल हमारी आकाशगंगा की भुजाओं के साथ चलते हैं।

हांलाकि 2020 में सिर्फ एक तरंग जैसी आकृति देखी गई थी। मगर अब इसे श्रृंखला के रूप में देखा गया है। जो रोमांचक तरंग बना रहे हैं। आकाशगंगा के गुरुत्वाकर्षण के कारण यह संरचना दोलन करती है।



आकाशगंगा में तरंग के साथ तारों के तैरते बादल की तस्वीर।

कई और रहस्य होंगे उजागर

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह खोज कई अन्य रहस्य उजागर करने में मददगार साबित होगी, जो वैज्ञानिकों के लिए चुनौतीपूर्ण भी होगी। यह अपनेआप में बड़ी खोज है। आकाशगंगा में अक्सर कुछ न कुछ घटित होते रहता है। जिनके बारे में वैज्ञानिक अभी भी नही जानते हैं।

हार्वर्ड-स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

इस खोज में यह भी पता चला है कि यह संरचना आकाशगंगा की सर्पिल भुजा के साथ तारों के समूहों को जन्म दे रही है। तारों के बादलों की यह रेडक्लिफ तरंग न केवल एक लहर की तरह दिखती है, बल्कि उसी की तरह चलती भी है। पत्रिका नेचर में यह खोज प्रकाशित हुई है।

यह संरचना हमारे आकाशगंगा के पिछले हिस्से में 9,000 प्रकाश-वर्ष लंबी फैली हुई है और सूर्य से केवल 500 प्रकाश वर्ष दूर मौजूद है। हमारी अजशगंगा में यह सबसे बड़ी संरचना है। बड़ी बात यह है कि अब हम इसके बारे में जानते हैं। अच्छी बात यह है कि यह वास्तव में हमारे बहुत करीब है।

किशोरों को सोशल मीडिया से अलग रखने का कानून पास

वाशिंगटन, एजेंसी

● अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य की विस में कानून पास, 16 साल से कम किशोर अकाउंट नहीं बना पाएंगे

अमेरिका में फ्लोरिडा राज्य की विधानसभा ने सोशल मीडिया के संबंध में कड़ा कानून पास किया है। इसके तहत 16 साल से कम आयु के किशोरों को सोशल मीडिया प्लेटफॉमों पर अकाउंट नहीं बनाने दिया जाएगा। गवर्नर रॉन डी सेंटिस ने कहा, इस विधेयक से फ्लोरिडा में लाखों युवाओं का जीवन बदल जाएगा।

बता दें, विधेयक को कानूनी चुनौती मिल सकती है। पिछले साल फेडरल अदालतों ने अरकंसास और ओहायो में लागू सोशल मीडिया कानूनों को रोक दिया है। न्यायाधीशों ने उन मामलों में कहा, नए कानूनों से सोशल मीडिया कंपनियों की अभिव्यक्ति की आजादी, सूचना देने के अधिकारों का हनन होगा। इनसे युवाओं के अधिकार भी प्रभावित होंगे। फ्लोरिडा के नए नियमों के तहत सोशल नेटवर्क 16 वर्ष से कम आयु के लोगों के अकाउंट नहीं बनाएंगे। वे ऐसे अकाउंट बंद कर देंगे।

यह प्रावधान फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, टिकटॉक और यूट्यूब जैसी साइट और एप्स पर लागू होंगे। फ्लोरिडा का कानून अन्य राज्यों के कानूनों के मुकाबले अधिक कठोर है। वैसे, सिविल लिबर्टी ग्रुप और टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री के संगठनों ने सोशल मीडिया पर नए प्रतिबंधों का विरोध किया है।